फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 151 प्रभात जयपुर, बुधवार 1 जनवरी, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**GAUTAM BUDDHA'S SACRED TOOTH'S...**

Princess Hemamali carried Gautam Buddha's tooth relic, hidden in her hair, to Sri Lanka. At that time, King Kirti Sri Megavanna was the ruler.

**Parenting tips to help your child speak up and be heard**

**Top Paint Colour picks for the year**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर डीग जिले के पूंछरी का लौठा के श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा की और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इससे पहले वे मेंहदीपुर बालाजी भी गए जहां उन्होंने पूजा अर्चना की। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री नववर्ष के प्रथम दिन पूंछरी का लौठा धाम में गिर्राज महाराज के भी दर्शन करेंगे तथा विशेष पूजा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने 2025 में प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि के लिये पूजा अर्चना की

### उन्होंने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर मेंहदीपुर बालाजी व पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ की पूजा कर प्रदेश की उन्नति की कामना की

दौसा/डीग/जयपुर, 31 दिसंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को नववर्ष से पूर्व दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी धाम तथा डीग जिले के पूंछरी का लौठा स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि की कामना की।

- **मुख्यमंत्री ने पूंछरी ग्राम में आमजन से मुलाकात की व बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। वे कल पूंछरी का लौठा धाम में गिरिराज जी की विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लेंगे।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को सिद्धपीठ मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंचे। जहां उनका हेलीकॉप्टर मीन भगवान मंदिर के पीछे स्थित हेलीपैड पर उतरा। जहां गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल समेत कई भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच मुख्यमंत्री मंदिर पहुंचे। पीठाधीश्वर महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज ने उनकी अगवानी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अधिक अंक पर नियुक्ति क्यों नहीं

जयपुर, 31 दिसंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 की अंतरिम मेरिट लिस्ट में नाम होने के बावजूद अभ्यर्थियों को बिना कारण बताए नियुक्ति से वंचित करने के मामले में चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश मोहम्मद आमिर खान व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि चिकित्सा विभाग ने 5 मई, 2023 को नर्सिंग ऑफिसर के 6981 पदों पर भर्ती निकाली थी। जिसमें शैक्षिणक योग्यता

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने चिकित्सा सचिव से जवाब मांगा।**

और बोनस अंकों के आधार पर नियुक्ति देने का प्रावधान रखा गया। याचिका में कहा गया कि याचिकाकर्ताओं ने भर्ती में आवेदन कर भाग लिया और विभाग ने उनके दस्तावेजों का सत्यापन भी कर लिया। इसके बाद विभाग ने अंतरिम मेरिट लिस्ट बनाई गई। उक्त लिस्ट में भी याचिकाकर्ताओं का नाम शामिल था। वहीं बाद में विभाग की ओर से जारी अंतिम वरीयता सूची में याचिकाकर्ताओं को शामिल नहीं कर नियुक्ति से वंचित कर दिया। जबकि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## नीतीश को इंडिया गठबंधन में वापसी का ऑफर

### सूत्रों ने बताया, राहुल गांधी ने अपने किसी सहयोगी के जरिए नीतीश को यह प्रस्ताव भेजा है

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से एक सहयोगी के मार्फत संपर्क साधा और उन्हें इंडिया ब्लॉक में लौटने का ऑफर दिया। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने नीतीश कुमार को भाजपा नीत एन.डी.ए. (नैशनल डैमोक्रेटिक एलायंस की बैठक के लिए दिल्ली बुलाया।

गृहमंत्री अमित शाह ने एन.डी.ए. नेताओं की एक बैठक में यह समझाने का प्रयास किया कि उन्होंने अम्बेडकर के खिलाफ कुछ नहीं कहा है विपक्ष के झूठे प्रचार से डरने की जरुरत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्यसभा में उनके बयान को लेकर जो प्रचार चल रहा है उस पर चिंता करने की जरुरत नहीं है और एन.डी.ए. को कांग्रेस के दुष्प्रचार से घबराने की जरुरत नहीं है।

एन.डी.ए. बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ना चाहता है। इसी बीच नीतीश

- **इसी बीच यह भी पता चला है कि प्रधानमंत्री मोदी ने एन.डी.ए. की बैठक के लिए नीतीश को दिल्ली दिल्ली बुलाया था।**
- **सूत्रों ने बताया कि बैठक में अमित शाह-अंबेडकर संबंधी बयान पर स्पष्टीकरण देंगे और सहयोगी दलों के विपक्ष की बातों में नहीं आने के लिए आश्वस्त करेंगे।**
- **सूत्रों ने बताया कि नीतीश कुमार ने पटना लौट कर राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। अटकलें है कि वे शाह से अंबेडकर संबंधी बयान पर विरोध जताने के नाम पर एन.डी.ए. छोड़ सकते हैं।**
- **हालांकि, नीतीश कुमार के करीबी लोगों ने दावे से कहा कि अब वे पाला नहीं बदलेंगे, लेकिन अमित शाह की इस बात को नीतीश मानने को तैयार नहीं हैं कि उन्होंने अंबेडकर पर कुछ भी गलत नहीं बोला।**

पटना लौट गए और उन्होंने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है। इससे राज्य में अटकलों का बाजार गर्मा गया है कि क्या नीतीश अम्बेडकर के मसले पर शाह के अड़ियल रवैये के प्रति विरोध जताकर एन.डी.ए. छोड़ देंगे।

हालांकि नीतीश के करीबी लोगों ने कहा कि वे पाला नहीं बदलेंगे पर वे अमित शाह के इस दावे को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं कि शाह ने अम्बेडकर पर कुछ भी गलत नहीं कहा था।

## 'मैं मणिपुर की जनता से "सॉरी" कहना चाहता हूँ, जो कुछ हुआ उसके लिए मुझे माफ करें'

### एन. बिरेन सिंह ने मणिपुर की जनता से माफी मांग कर 2024 का समापन किया

-डॉ. सतीश मिश्रा-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने 2024 की समाप्ति तथा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर राज्य के जातीय संघर्ष के लिये राज्य की जनता से माफी माँगी। उन्होंने कहा कि इस हिंसा में 250 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी है तथा हजारों लोग बेघर हो गये हैं। उन्होंने सभी समुदायों से अपील की कि वे पिछली गलतियों को भुला दें तथा माफ कर दें तथा शांत एवं समृद्ध राज्य में मिलजुल कर रहें।

एक सार्वजनिक समारोह में बोलते हुये, सिंह ने पिछले वर्ष को "अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण" बताया तथा जनता द्वारा बर्दाश्त की गई तकलीफों को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा, "मुझे अफसोस हो रहा है, मणिपुर में जो कुछ हुआ है, उसके लिये में यहाँ की जनता को "सॉरी" कहना चाहता हूँ। बहुत से लोगों की जानें चली गई तथा लोग बेघर हो गये। मुझे वास्तव में बहुत दुख एवं

- **बिरेन सिंह ने जातीय हिंसा के लिए माफी मांगी और सभी समुदायों से बीती हुई गलतियों को माफ करने और भूल जाने की अपील करते हुए शांति और सद्भाव से रहने का आग्रह किया।**
- **मणिपुर की जातीय हिंसा में 250 से ज्यादा जानें गई हैं तथा हजारों बेघर हो गए है।**
- **मणिपुर में मई 2023 में हिंसा शुरु हुई थी। हिंसा इतनी भीषण थी कि गाँव के गाँव जला दिए गए। वर्ष 2024 में भी हालात सामान्य नहीं हो पाए थे।**

अफसोस है तथा मैं सभी पीड़ितों से क्षमा माँगता हूँ।" सिंह ने कहा कि पिछले तीन-चार महीनों से, राज्य में अपेक्षाकृत शांति है तथा इससे उन्हें आशा बँधी है कि नये वर्ष में सामान्य स्थिति बहाल हो जायेगी।

उनके इस कथन के बाद, उन्होंने माफ कर देने तथा सामंजस्य बनाने का आव्हान किया तथा सभी समुदायों से जख्मों को भरने एवं आगे बढ़ने का अनुरोध किया।

हाल ही के इतिहास में, मणिपुर ने यह बहुत ही चुनौतियों से भरा हुआ साल झेला है, जिसमें मैतेई एवं कुकी समुदायों के बीच लम्बे समय से चली आ रहीं भू-अधिकार, अनुसूचित जनजाति दर्जा तथा प्रशासन से जुड़ी हुई शिकायतों को लेकर जातीय संघर्षों का रूप ले लिया।

मई 2023 में शुरु हुई इस हिंसा में 200 से ज्यादा लोग मारे गये, हजारों लोग घायल हुये तथा दसियों हजार लोग विस्थापित हो गये। पूरे के पूरे गाँव जला दिये गये तथा इंटरनली डिसप्लेस्ड पर्सन्स (आई.डी.पी.) राहत शिविरों में ठूँस दिये गये तथा उन्हें वहाँ जबरदस्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ा।

इस अशांत दौर में, कुछ गहरे मुद्दे भी उजागर हुये, जिनमें राज्य का कमजोर सामाजिक ताना-बाना तथा शासन-प्रशासन की चुनौतियाँ जैसे मुद्दे शामिल हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद, हिंसा की छुट-पुट घटनाएं महीनों तक जारी रही, जिनके कारण शांति की बहाली में विलमब हुआ।

मुख्यमंत्री ने अपनी अपील में सभी समुदायों से कहा कि वे अपने विरोधियों को माफ कर दें तथा पिछली सभी शिकायतों को भुला दें। उन्होंने राज्य के विभिन्न आदिवासी तथा जातीय ग्रुपों के बीच एकता पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री सिंह ने कहा, "जो कुछ हुआ, वह हो गया। हम पिछली गलतियों को भूल जायें तथा माफ कर दें तथा शांति एवं समृद्धि से भरे नये जीवन की शुरुआत करें। मणिपुर की सभी मान्यता प्राप्त 34-35 जनजातियाँ मिलजुल कर सामंजस्य के साथ रहें।"

## बरसों से बंद बोरवैल ठीक कराने पर गैस निकली

### बोरवैल से अचानक गैस की गंध आने पर माचिस जलाई तो आग की लपटें उठीं

जोधपुर, 31 दिसम्बर (कासं)। जोधपुर में कईं सालों से बंद बोरवेल से अचानक गैस निकलने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही एसडीएम तथा पुलिस भी मौके पर पहुंचे। एसडीएम जवाहरराम चौधरी ने बोरवेल के 200 मीटर के एरिया में लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी। मौके पर पुलिस जाब्ता भी तैनात किया गया है। घटना सोमवार को जोधपुर में नागौर रोड पर स्थित बावड़ी कस्बे की है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर

- **जोधपुर के पास बावड़ी कस्बे में महेन्द्र देवड़ा 20 साल से बंद ट्यूबवैल की ठीक करा रहे थे, जहाँ यह घटना हुई।**
- **एम.बी.एम. युनिवर्सिटी के रासायनिक अभियंता के अनुसार, शुरुआती अनुमान में यह गैस मीथेन व हाइड्रोजन का मिश्रण लग रही है। यह भी अनुमान लगाया जा रहा है कि यहाँ गैस का भंडार हो।**

भी शेयर हो रहा है।

जानकारी के अनुसार बावड़ी कस्बे में अन्नाराम देवड़ा ने अपने घर के पास

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्र.मंत्री का नव वर्ष संकल्प

नयी दिल्ली, 31 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2024 में उनकी सरकार की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सरकार वर्ष 2025 में और भी अधिक

- **प्र.मंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि सरकार नए वर्ष में विकसित भारत के सपने को पूरा करने को दृढ़ संकल्पित है।**

मेहनत करने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

मोदी ने "माई गोव इंडिया" द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## हिमाचल में पारा माइनस 15 डिग्री पहुँचा

शिमला, 31 दिसंबर। हिमाचल कड़ाके की ठंड की चपेट में है। रविवार रात को ताबो में पारा माइनस 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। इस सीजन में यह सबसे कम पारा दर्ज हुआ है। प्रदेश में धूप खिलने से हिमस्खलन

- **प्रदेश में कई जगह धूप खिली, इससे हिम स्खलन का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों को सावधानी बरतने की हिदायत दी।**

का खतरा बढ़ गया है। प्रदेश भर में 227 सड़कें बंद पड़ी हैं।

अटल टनल रोहतांग, जलोड़ी दर्रा और लाहौल जाने वाले सैलानियों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। एक जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहने के आसार हैं। दो जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। दो से पांच जनवरी तक कई जगह बारिश व बर्फबारी का पूर्वानुमान है। रविवार रात मनाली, कल्पा, कुकुमसेरी, भरमौर और समदो में भी पारा माइनस में दर्ज हुआ। सोमवार को राजधानी शिमला सहित, प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'केस की सुनवाई में देरी के लिए वकील को दोषी नहीं ठहरा सकते'

### दिल्ली हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए 6 साल देरी से दायर याचिका खारिज की

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत आने में हुये असाधारण विलम्ब के स्पष्टीकरण में इस "अनुचित कथन" को अस्वीकार कर दिया कि इसका कारण वकील की लापरवाही या सुस्ती रहा।

अदालत ने उस रिट याचिका को खारिज कर दिया, जो छः वर्ष के अत्यधिक विलम्ब के साथ दायर की गई थी तथा इस विलम्ब का कोई समुचित कारण नहीं बताया जा सका। याचिकाकर्ता ने कहा कि वकील ने उसे भ्रमित किया, इसलिए देरी हुई।

जस्टिस सी. हरिशंकर तथा अनूप कुमार मेंहरीदत्ता की डिवीज़न बैंच ने कहा, "हम अदालत में आने के अनुचित तथा अत्यधिक विलम्ब के स्पष्टीकरण के इस अनुचित कथन को अस्वीकार करते हैं, जिसमें विलम्ब का कारण उस वकील की लापरवाही एवं सुस्ती तथा निष्क्रियता बताई गई है, जिसे यह केस सौंपा गया था। ऐसा कथन उस समय माना जा सकता है, जब वादी, संबंधित वकील के खिलाफ, उसकी शिकायत लेकर, बार काउंसिल में पहुँचा हो।"

- **हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि अप्रत्याशित देरी का उचित कारण नहीं बताया गया है।**
- **हालांकि, याचिकाकर्ता ने कहा कि उसके वकील ने उसे गुमराह किया था, इसीलिए याचिका दायर होने में इतना लम्बा समय लगा।**
- **याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि याचिकाकर्ता ने गुड़गाँव में प्रैक्टिस कर रहे स्थानीय वकील की सेवाएं ली थी, जो उसे झूठी जानकारी देता रहा, जबकि केस दर्ज ही नहीं हुआ था।**
- **याचिकाकर्ता ने वकील के खिलाफ याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा रफीक बनाम मुंशीलाल केस (1981) में दिए गए फैसले के आधार पर दायर की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वकील की गलती का खामियाजा मुवक्किल को नहीं भुगतना चाहिए।**
- **हाई कोर्ट ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के ही एक अन्य केस मृण्मय मैती बनाम छंदा कोले केस में दिए गए फैसले का उल्लेख किया, जिसमें बहुत ज्यादा देरी से दायर याचिका का निर्णय करने के लिए कोर्ट को आर्टिकल 226 के तहत स्वविवेक का अधिकार दिया गया है।**

एडवोकेट एम. के गौड़ याचिकाकर्ता की ओर से तथा एस.पी.सी. विनय यादव प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित हुये।

याचिकाकर्ता ने कहा कि वह एक स्थानीय वकील के पास गये थे, जो गुड़गाँव में प्रैक्टिस करता है तथा उसने कथित रूप से गलत जानकारियाँ दीं। याचिकाकर्ता को यह बात बहुत विलम्ब से मालूम हुई कि दिल्ली उच्च न्यायालय में कोई केस ही दायर नहीं हुआ है। याचिकाकर्ता ने उस वकील के खिलाफ गुड़गाँव की डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में शिकायत की तथा उसके बाद, उसे ट्रिब्यूनल से केस का रिकॉर्ड मिला और उसने यह याचिका दायर की। याचिकाकर्ता ने रफीक बनाम मुंशीलाल केस (1981) में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के आधार पर तर्क दिया कि वादी को उसके वकील की गलती का खामियाजा नहीं भुगतना चाहिये।

उच्च न्यायालय ने, मृणमय मैती बनाम छन्दा कोले केस में दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत, उच्च न्यायालय को अपने स्व-विवेक के अधिकार को काम में लेते समय, विलम्ब या सुस्ती को एक कारण के रूप में ध्यान में रखना चाहिये।

उक्त केस में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, ऐसे याचिकाकर्ता, जो कोर्ट में विलम्ब से पहुँचता है या अपने अधिकारों के बारे में लम्बे समय तक सोता रहता है, को अपीलीय अदालतों द्वारा असाधारण राहत नहीं देनी चाहिये। इस अदालत ने कई बार कहा है कि विलम्ब औचित्य को पराजित कर देता है।

इसलिये, डिवीज़न बैंच ने कहा कि रिट याचिका अदालत आने में हुये 6 साल के विलम्ब का कोई समुचित स्पष्टीकरण नहीं देती है। अदालत ने कहा, "हम इस बात से आश्वस्त नहीं हैं कि याचिकाकर्ता ने 6 वर्ष के विलम्ब का कोई संतोजजनक स्पष्टीकरण दिया है।"

## संस्कृत विद्वान डॉ.पी.एस. फिलियोजात का निधन

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। संस्कृत के जाने-माने विद्वान एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉक्टर पियरे सिल्वेन फिलियोजात का सोमवार को पेरिस में निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे और

- **पद्मश्री से सम्मानित डॉ. फिलियोजात के निधन पर प्रधानमंत्री मोदी ने शोक जताया।**

कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

डॉ. फिलियोजात के परिवार में पत्नी डॉ. वसुंधरा कवाली फिलियोजात और दो पुत्रियां मनोन्मणि और भामती तथा उनके नाती हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर फिलियोजात के निधन पर शोक जताया है और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। फ़्रांसीसी मूल के भारतीय डॉ. फिलियोजात मैसूर में यादवगिरि में रहते थे। उन्हें पिछले सप्ताह तबियत खराब होने के बाद मैसूर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था और वहां से बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए पेरिस भेजा गया था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**शरीर को रोगी और निर्बल रखने के समान दूसरा कोई पाप नहीं है।**
**–लोकमान्य तिलक**

# दवा कंपनियों व डॉक्टरों के बीच संबंध परिभाषित करती संहिता

डॉक्टरों की विदेश यात्राएं प्रायोजित करने वाली अमेरिकी दवा कंपनी एबवी हेल्थकेयर की भारतीय शाखापर 'यूनिफ़ॉर्म कोड फ़ॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेस' के नियमों का उल्लंघन करने के आरोप है और वह जांच के घेरे में है। इस कंपनी को इसलिए और अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है क्योंकि सरकार इस कंपनी के उस कार्यकारी अधिकारी के ख़िलाफ़ कार्रवाई करने पर विचार कर रही है जिसने नियमों का पालन करने के लिए स्व-घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे। पिछले साल जारी इन नियमों के अनुसार, मार्केटिंग प्रैक्टिसेस कोड की अनुपालना में कंपनी के कार्यकारी प्रमुख को हस्ताक्षर करके स्व-घोषणा पत्र देना होता है कि उसकी कंपनी ने इनकी पालना की है। नये नियमों में प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के दो महीने के भीतर ऐसा स्व-घोषणा पत्र दिए जाने का प्रावधान है। अमरीकी कंपनी पर सरकार यदि ऐसा कदम उठाती है, तो यह यूनिफ़ॉर्म कोड फ़ॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेस के तहत अपनी तरह की पहली कार्रवाई होगी। इस मामले ने भारत के फार्मा हलकों में हलचल पैदा कर दी है और सभी उत्सुकता से सरकार के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं। एबवी हेल्थकेयर इंडिया पर अपने लोकप्रिय एंटी-एजिंग उत्पादों 'बोटॉक्स' और 'जुवेडर्म' को बढ़ावा देने के लिए 30 डॉक्टरों की पेरिस और मोनाको की विदेश यात्राएं प्रायोजित करने का आरोप है। इसी के लिए नैतिक विपणन संहिता के उल्लंघन की जांच हो रही है। केंद्र सरकार के फार्मास्युटिकल्स विभाग ने कर अधिकारियों से भी इस कंपनी और चिकित्सकों की देयता का आकलन करने के लिए और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से पेशेवर कदाचार के लिए डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए भी कहा है। उन डॉक्टरों में से 24 पेरिस और छह मोनाको गए थे। फार्मास्यूटिकल कंपनियों के उत्पादों के विपणन पर नियंत्रण के लिये साल 2014 में जारी संहिता के स्थान पर फार्मास्यूटिकल्स विभाग ने पिछले साल नई संहिता अधिसूचित की थी। वैसे भारत में कंपनियों द्वारा अंतिम उपभोक्ताओं के लिए दवाओं के विज्ञापन और विपणन को विनियमित करने के लिए कई कानून बने हुए हैं, जैसे 'औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम', 'औषधि और जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम', 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम' आदि। इनके अलावा विज्ञापन में स्व-नियमन के लिए भारतीय विज्ञापन मानक परिषद् की संहिता और भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम के लिए दिशानिर्देश, 2022की व्यवस्थाएं भी मौजूद हैं। इनके अलावा, भारतीय चिकित्सा परिषद (पेशेवर आचरण, शिष्टाचार और नैतिकता) विनियम, 2002, भी डॉक्टरों और स्वास्थ्य सेवा उद्योग के बीच के संबंधों को विनियमित करता है। ये विनियम कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को मुफ्त उपहार दिए जाने पर प्रतिबंध लगाते हैं। इनके उल्लंघन के परिणाम स्वरूप डॉक्टरों के लाइसेंस भी रद्द किये जाने की व्यवस्था है। परंतु इसमें एक कमी थी। अपनी दवाओं और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए डॉक्टरों को उपहार और मुफ्त चीजें देने के लिए कंपनियों को दंडित नहीं किया जा रहा था।

एक मेडिकल जर्नल में प्रकाशित निष्कर्षों के अनुसार, एक मुफ्त पिज्जा भी डॉक्टर के पर्चे को प्रभावित कर सकता है। भारत में कंपनियों द्वारा डॉक्टरों के साथ संबंध बनाने की प्रचलित प्रथा के संदर्भ में इन निष्कर्षों को देखें तो यह मुद्दा काफी चिंताजनक हो जाता है। दर्द निवारक गोली डोलो-650 के निर्माता पर दवा लिखने के बदले में डॉक्टरों को 10 हजार मिलियन रुपये के मुफ्त उपहार वितरित करने का आरोप लगा था। अपनी 2019-20 की रिपोर्ट में, संसद की लोक लेखा समिति ने उल्लेख किया था कि सात भारतीय राज्यों में कर निर्धारण अधिकारियों ने कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को दिए गये उपहार और उन पर किये गये खर्चों को कर कटौती योग्य के रूप में अनुमति दी गई, जिसके परिणामस्वरूप सरकारी खजाने को 551 मिलियन रुपयों का नुकसान हुआ। सीधे शब्दों में कहें तो कंपनियां डॉक्टरों से जो सबसे ज्यादा दवा लिखवाती है वह दवा बाज़ार में सबसे महंगी हो जाती है। 'बिक्री संवर्धन' की आड़ में, डॉक्टरों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ दिए जाते हैं, जिसमें वास्तविक उपहार/मुफ्त, प्रायोजित विदेशी यात्राएं, आतिथ्य और मानद पद शामिल होते हैं। इन पर नियंत्रण तथा फार्मा उद्योग के भीतर विपणन प्रथाओं का मार्गदर्शन करने के उद्देश्य से सरकार ने 2014 में एक स्वैच्छिक कोड के रूप में यह आचार संहिता जारी की थी। मगर इसे सीमित रूप से अपनाया गया, और उसे बहुत कमजोर भी माना गया था। वर्ष 2017 में, आवश्यक वस्तुएं (दवाओं के विपणन में अनैतिक प्रथाओं का नियंत्रण) आदेश, 2017 प्रस्तावित किया गया था, लेकिन यह अधिनियमित नहीं हुआ। वर्ष 2021 में 2014 की आचार संहिता को वैधानिक आधार देने के लिए सरकार को निर्देश देने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी। इसके अलावा, 2022 में, एक कर मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने माना कि कंपनियों द्वारा डॉक्टरों को दिए जाने वाले मुफ़्त उपहारों के खर्चे को आयकर अधिनियम, 1961 के तहत कटौती के रूप में दावा नहीं किया जा सकता है। इस मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की थी कि इस तरह की मुफ्त आपूर्ति की लागत को आम तौर पर दवा में शामिल किया जाता है, जिससे इसकी कीमतें बढ़ जाती हैं। चिकित्सा उपकरणों को अलग से विनियमित करने के लिए 2022 में यूनिफ़ॉर्म कोड फ़ॉर मेडिकल डिवाइस मार्केटिंग प्रैक्टिसेस का मसौदा प्रकाशित किया गया। हालांकि वह फिर से स्वैच्छिक अनुपालन के रूप में ही था। इसके बाद, सरकार ने इस क्षेत्र में समग्र विनियमन लाने के लिए एक समिति बनाई जिसकी सिफारिशों के अनुसार, सरकार ने यूनिफ़ॉर्म कोड फ़ॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेस 2024 जारी किया। यह नई आचार संहिता दवा कंपनियों की सख्त अनुपालन की व्यवस्था करने के साथ-साथ चिकित्सा उपकरणों पर भी लागू होती है। यह संहिता कहती है कि विपणन के लिए दवा के प्रचार को निर्दिष्ट शर्तों की पालना करनी चाहिए तथा किसी दवा के बारे में जानकारी भ्रामक नहीं होनी चाहिए। इसमें यह दोहराया गया है कि दवाओं के संबंध में 'सुरक्षित' शब्द का इस्तेमाल लापरवाही से नहीं किया जा सकता है, और यह कि 'नया' शब्द भारत में एक वर्ष से अधिक समय से उपलब्ध या प्रचारित दवाओं के लिए उपयोग में नहीं लिया जा सकता है। यह संहिता कंपनियों के बिक्री प्रतिनिधियों के लिए भी नैतिक मानकों को स्थापित करती है और कंपनियों को अपने कर्मचारियों द्वारा संहिता की अनुपालना के लिए जिम्मेदार ठहराती है। इसके अलावा, संबंधित गतिविधियों में कंपनियों द्वारा नियोजित तीसरे पक्ष को भी अनुपालन की पूरी समझ रखने की आवश्यकता की व्यवस्था देती है।

> **नई व्यवस्था में संहिता के नैतिक जिम्मेवारियों को निभाने के अलावा अब दवा कंपनियों को ऑडिट की तत्परता भी सुनिश्चित करनी होगी। हालांकि, कंपनियों के लिए इसके प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है। बहुतों को लगता है कि दवा उद्योग का प्रपंच इतना जटिल है कि उसकी काट निकालना आसान नहीं है फिर भी सरकार के नये कदम का स्वागत ही होगा।**

नई संहिता दो श्रेणियों में ब्रांड रिमाइंडर की अनुमति देती है। पहली सूचनात्मक और शैक्षिक आइटम और दूसरी कंपनियों द्वारा चिकित्सा पेशेवरों को प्रदान किए गए मुफ्त नमूने। सूचनात्मक और शैक्षिक माध्यम से ब्रांड रिमाइंडर में किताबें, कैलेंडर, डायरी आदि जैसे आइटम शामिल हैं, जिनका उपयोग स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में पेशेवर उद्देश्यों के लिए किया जाता है। मगर इसके लिए प्रति आइटम एक हजार रुपये सीमा तय की गई है। नई संहिता में भी पहले की तरह ही निःशुल्क नमूने केवल योग्य व्यक्तियों को प्रदान किए जा सकते हैं जो ऐसे उत्पादों को लिख सकते हैं। वितरित सभी निःशुल्क नमूनों का विवरण बनाए रखने की जिम्मेवारी भी कंपनियों पर रखी गई है। निःशुल्क नमूनों की अनुमतिदेते हुए ऐसे नमूनों के मौद्रिक मूल्य को कंपनी की प्रति वर्ष घरेलू बिक्री के दो प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है। प्रतिबंधित नमूनों की सूची से अवसाद रोधी दवाओं को हटाना भी इस संहिता में शामिल है। संहिता में सतत चिकित्सा शिक्षा का एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जो सम्मेलनों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं आदि के लिए दवा उद्योग और स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच जुड़ाव को नियंत्रित करता है तथा विदेशों में आयोजन पर प्रतिबंध लगाता है। शोध के लिए सहायता का भी एक नया प्रावधान जोड़ा गया है जो कंपनियों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के बीच सहयोग के लिए दिशा-निर्देश देता है। संक्षेप में कहें तो किसी भी शोध को सक्षम अधिकारियों से मंजूरी लेनी होगी और उसे मान्यता प्राप्त स्थानों पर ही आयोजित किया जाना होगा। परामर्शदाता-सलाहकार के रूप में स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों की नियुक्ति वास्तविक शोध सेवाओं के लिए होनी चाहिए, जिसमें परामर्श शुल्क या मानदेय-आधारित भुगतान शामिल हो, जो सभी कर कानूनों के अनुपालन के अधीन हो। अनुसंधान पर कंपनियों के व्यय को स्वीकार्य माना गया है। स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के साथ दावा कंपनियों के संबंध में कई पुराने प्रावधानों को नवीनीकृत किया गया है, जिसमें कंपनियों या उनके एजेंटों को स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों या यहां तक कि उनके परिवार के सदस्यों को उपहार या लाभ देने से प्रतिबंधित किया गया है। इसमें किसी भी प्रकार का आर्थिक लाभ, यात्रा व्यवस्था, आतिथ्य या मौद्रिक अनुदान शामिल है, जब तक कि, नए पेश किए गए अपवाद के अनुसार, स्वास्थ्य सेवा पेशेवर सतत शिक्षा कार्यक्रम में वक्ता के रूप में भाग नहीं ले रहा हो। यूनिफ़ॉर्म कोड फ़ॉर फार्मास्युटिकल मार्केटिंग प्रैक्टिसेस 2024 दवा उद्योग को विनियमित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो वर्तमान में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालता है। नई व्यवस्था में संहिता के नैतिक जिम्मेवारियों को निभाने के अलावा अब दवा कंपनियों को ऑडिट की तत्परता भी सुनिश्चित करनी होगी। हालांकि, कंपनियों के लिए इसके प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए कोई समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की गई है। बहुतों को लगता है कि दवा उद्योग का प्रपंच इतना जटिल है कि उसकी काट निकालना आसान नहीं है फिर भी सरकार के नये कदम का स्वागत ही होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**(वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक)**

# 2024 में वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभरकर सामने आया भारत

भारत वर्ष 2024 में वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभर कर सामने आया है, जिसमें विभिन्न खेल स्पर्धाओं में ऐतिहासिक उपलब्धियों की एक श्रृंखला शामिल है। यह उल्लेखनीय सफलता पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जिसमें खेलो इंडिया जैसी ऐतिहासिक पहल भी शामिल है। यह योजना जमीनी स्तर की प्रतिभाओं को निखारने के लिए शुरू गई है और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) भी है, जो शीर्ष एथलीटों को विश्व स्तरीय सहायता प्रदान करती है। हाल के वर्षों में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं जैसे कि भारत ने 2023 के एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 107 पदक जीते, कई चैंपियनशिप और ओलंपिक में नीरज चौपड़ा का शानदार प्रदर्शन और फिट इंडिया मोमेंट तथा विभिन्न खेलो इंडिया गेम्स संस्करण भारतीय खेलों के इस स्वर्णिम युग की ओर निरंतर प्रगति को रेखांकित करते हैं। खेल अब महज मनोरंजन से कहीं आगे बढ़ कर एक सम्मानित कैरियर विकल्प बन गए हैं, जो लाखों युवा भारतीयों को अपने एथलेटिक सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी भारतीय खेलों के सबसे बड़े चीयरलीडर :-** प्रधानमंत्री मोदी लगातार ओलंपिक और राष्ट्रीय खेलों सहित विभिन्न आयोजनों में एथलीटों से जुड़े रहे हैं। यहां तक कि उनके भाषणों में भी अक्सर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारतीय एथलीटों की सफलताओं पर प्रकाश डाला जाता है, जिससे नागरिकों में गर्व की भावना पैदा होती है।

1. पेरिस ओलंपिक के बाद, उन्होंने पदक विजेताओं तथा पोडियम स्थान से चूकने वालों, दोनों की प्रशंसा की और इस बात पर बल दिया कि प्रत्येक खिलाड़ी की यात्रा भारत की खेल विरासत में योगदान देती है।

2. प्रधानमंत्री ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 से पहले सार्वजनिक रूप से भारतीय दल की सफलता की कामना करते हुए कहा था कि उनका साहस और दृढ़ संकल्प पूरे देश को प्रेरित करता है। खेल कार्यक्रम के बाद, सभी खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित किया गया, जहां प्रधानमंत्री ने उनका स्वागत किया और खेलों में उनके प्रयासों की सराहना की। पैरा-ओलंपियन योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री को 'परम मित्र' कहा और प्रत्येक खिलाड़ी को उनसे मिलने वाले प्रोत्साहन पर प्रकाश डाला।

3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चौपड़ा से मुलाकात के दौरान उनकी मां से जुड़कर दिल को छू लेने वाला भाव प्रकट किया। उन्होंने एक हल्के-फुल्के माहौल में यह साझा किया कि किस तरह से वे टोक्यो ओलंपिक में नीरज की जीत के बाद उनके प्रसिद्ध लड्डू का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। इस व्यक्तिगत गर्मजोशी ने न केवल मोदी की संवेदनाओं को दर्शाया, बल्कि एक एथलीट की यात्रा में परिवार के समर्थन के महत्व को भी उजागर किया।

4. प्रधानमंत्रीजी उस समय भावुक हो गए, जब उन्हें शतरंज खिलाड़ी वंतिका अग्रवाल से एक खास तोहफा मिला। वंतिका ने उन्हें 2012 में आयोजित स्वामी विवेकानंद महिला शतरंज महोत्सव की एक अनमोल तस्वीर भेंट की, जहां गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी उन्हें पुरस्कार दे रहे थे। ऐसे अनगिनत पल हैं जो खिलाड़ियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तिगत जुड़ाव को उजागर करते हैं, उन्हें प्रेरित करते हैं, उन्हें मूल्यवान महसूस कराते हैं और देश के लिए जीतने के जज्बा भरकर प्रेरित करते हैं। वे प्रतियोगिता से पहले, उसके दौरान और बाद में भी लगातार खिलाड़ियों से बातचीत करते हैं, फिर चाहे वे जीतें या हारें, लेकिन मोदी पूरे समय उनका उत्साहवर्धन करते हैं। प्रधानमंत्री वास्तव में उनके लिए ताकत का स्तंभ हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 2036 में भारत में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वप्न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आधिकारिक तौर पर देश की रुचि व्यक्त की है। भारतीय ओलंपिक संघ ने नवंबर में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के भावी मेजबान आयोग को एक आशय पत्र प्रस्तुत किया, जो इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन के लिए भारत की औपचारिक बोली को चिह्नित करता है। खेलो इंडिया और टॉप्स जैसे खेल कार्यक्रमों के लिए मोदी सरकार का निरंतर समर्थन भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। 'खेलो इंडिया' का उद्देश्य देश भर में खेल उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए एक जन आंदोलन को बढ़ावा देना है। दरअसल, हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में भाग लेने वाले भारतीय दल में कुल 124 एथलीट खेलो इंडिया के एथलीट थे और उन्होंने 106 पदकों में से 42 पदक जीतकर विशिष्ट योगदान दिया।


**ओलंपिक 2024 में भारत :-** यह साल भारत की खेल यात्रा के लिए एक परिवर्तनकारी वर्ष साबित हुआ है, जिसमें ओलंपिक और पैरालिंपिक दोनों की सफलताएं शामिल हैं। खेल उत्कृष्टता के लिए भारत सरकार की अटूट प्रतिबद्धता पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए 470 करोड़ रुपये से अधिक के ऐतिहासिक धन आवंटन के माध्यम से स्पष्ट हुई है। मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने में अद्वितीय समर्थन प्रदर्शित किया है कि एथलीटों को बढ़ावा देने के लिए सबसे अच्छा वातावरण मिले, ओलंपिक खेल गांव में एथलीटों को 40 पोर्टेबल एयर कंडीशनर प्रदान किए। मनु भाकर ने ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रच दिया। स्वप्निल कुसाले ने निशानेबाजी में तीसरा पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में किसी खेल में भारत का सबसे बड़ा पदक बना दिया। भाला फेंक में रजत पदक जीतने के बाद नीरज चौपड़ा सबसे सफल व्यक्तिगत ओलंपियन बन गए। कुश्ती में कांस्य पदक जीतकर अमन शेरावत भारत के सबसे युवा ओलंपिक पदक विजेता बन गए। अवनी लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में स्वर्ण पदक जीता, जबकि नितेश कुमार ने बैडमिंटन में अपना दबदबा कायम रखते हुए पुरुष सिंगल्स एसएल3 में स्वर्ण पदक जीता। सुमित अंतिल और धरमबीर ने क्रमशः पुरुषों की भाला फेंक एफ64 तथा पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 में स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में अपना नाम जोड़ा। तीरंदाजी में हरविंदर सिंह ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन में स्वर्ण पदक जीता, जबकि नवदीप सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक एफ41 में जीत हासिल की। कई अन्य एथलीटों ने देश की प्रभावशाली पदक संख्या में योगदान दिया, जिससे यह भारतीय पैरा-स्पोर्ट्स के लिए वास्तव में सामूहिक उपलब्धि बन गई।

शतरंज में, डी गुकेश हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने, जिन्होंने कम उम्र में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करके भारत को बहुत गौरवान्वित किया। 2024 तक शतरंज की विरासत वैशाली रमेश बाबू जैसी विलक्षण प्रतिभा के साथ जारी रही, जिन्हें फिडे द्वारा ग्रैंडमास्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया है। वैशाली कोनेरू हंपी और हरिका द्रोणावल्ली के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर हैं। भारत की शतरंज टीम ने हंगरी में 45वें शतरंज ओलंपियाड में ओपन और महिला दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया। महिला टीम ने इस प्रतिष्ठित आयोजन में पहला स्वर्ण पदक हासिल किया।

क्रिकेट में, भारत के बेहतरीन क्रिकेटरों में से एक विराट कोहली को आईसीसी वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित किया गया। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने आईसीसी मेन्स टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार जीता। 23 वर्षीय घुड़सवार दिव्याकृति सिंह ने एक उल्लेखनीय अर्जुन पुरस्कार हासिल किया है। भारत की महिला डबल्स जोड़ी अयहिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी ने कजाखस्तान के अस्ताना में एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में ऐतिहासिक कांस्य पदक हासिल करके इतिहास रच दिया। भारत के पहलवानों ने किर्गिजस्तान में एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार रजत और पांच कांस्य पदक जीते। भारत ने दुबई में आयोजित एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में सात स्वर्ण, 11 रजत और 11 कांस्य पदक जीतकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारत के गुलवीर सिंह ने जापान में हचियोजी लॉन्ग डिस्टेंस 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 10,000 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारत के मान सिंह ने हांगकांग, चीन में दो घंटे, 14 मिनट और 19 सेकंड (2:14:19) के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ एशियाई मैराथन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीता। मुक्केबाजी की दुनिया में, मंदीप जांगड़ा ने वाशिंगटन के टॉपेनिश शहर में अमरीका के गेरार्डो एस्क्विवेल को हराकर अमरीका स्थित नेशनल बॉक्सिंग एसोसिएशन का अंतरमहाद्वीपीय सुपर फेदरवेट खिताब जीता। भारत ने चीनी ताइपे और चीन को पछाड़कर मालदीव के खूबसूरत थुलुसधू द्वीप पर होने वाली एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप 2024 की टीम स्पर्धा मारुहाबा कप में रजत पदक हासिल किया। जूनियर विश्व वुशु चैंपियनशिप में, भारतीय टीम ने ब्रुनेई के बंदर सेरी बेगावान में दो स्वर्ण सहित सात पदक पक्के किये। इनके अलावा, भारत में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण शुरुआत में कैप्री स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स को यूएन विमेन द्वारा जनरेशन इक्वालिटी एली के रूप में मान्यता दी गई है। भारतीय खेलों के लिए यह उल्लेखनीय वर्ष देश के एथलीटों के अथक समर्पण और प्रतिभा को प्रदर्शित करता है।

**पी.आई.बी. द्वारा जारी।**

# मारवाड़ की कला, साहित्य, संस्कृति व विरासत के संरक्षक महाराजा गजसिंह



महाराजा गजसिंह

जोधपुर के महाराजा गजसिंह मारवाड़ की कला, साहित्य, संस्कृति एवं विरासत के संरक्षक के रूप में अपनी बेहतरीन भूमिका हमेशा निभा रहे है। गजसिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मारवाड़ के सांस्कृतिक दूत की भूमिका है। गजसिंह देश व विदेश में लोकप्रिय व्यक्तियों में गिने जाते हैं। देश में प्रजातंत्र के बाद में भी जोधपुर के राज परिवार व गजसिंह के प्रति मारवाड़ की प्रजा के सभी जाति, धर्म, समाज के लोगों में बहुत सम्मान है। मारवाड़ की जनता के साथ अपणायत भरे रिश्ते हैं। महाराजा गजसिंह हमेशा कहते हैं कि मेरी पहचान मारवाड़ की जनता से है। 'म्हारी ओलखाण आपसूं है' है।

गजसिंह का जन्म 13 जनवरी 1948 को हुआ। इनके जन्म के 4 वर्ष बाद पिता महाराजा हनवन्त सिंह का 26 जनवरी 1952 को विमान दुर्घटना में निधन हो गया। युवराज गजसिंह का 12 मई 1952 को महाराजा के रूप में राजतिलक हुआ। ऐसे समय में स्वर्गीय उम्मेद सिंह की धर्मपत्नी राजदादीसा बदन कंवर ने इस विकट समय में राजपरिवार के संरक्षक की बेहतर भूमिका निभाते हुए परिस्थितियों को सही तरह से संभाला एवं स्वर्गीय महाराजा हनवन्त सिंह की धर्मपत्नी राजमाता कृष्णा कुमारी ने गजसिंह का राजसी परम्परानुसार बेहतर लालन-पालन किया व संस्कारवान बनाया। महाराजा गजसिंह का विवाह 19 फरवरी 1973 को पुंछ राज परिवार में राजा शिवरतन सिंह देव की पुत्री राजकुमारी हेमलता राज्ये के साथ संपन्न हुआ। गजसिंह देश-विदेश में अपने मारवाड़ व जोधपुर की कला, संस्कृति, पर्यटन, विरासत की पहचान बनाने में सांस्कृतिक दूत की भूमिका निभा रहे हैं।

गजसिंह के मुख्य संरक्षण में कला व संस्कृति को बढ़ावा देने व इतिहास संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं। राजस्थान के लोक कलाकारों को नई पहचान देने के लिए मेहरानगढ़ फोर्ट में प्रतिवर्ष सूफी फेस्टिवल व जोधपुर रिफ जैसे बड़े आयोजन करवाए जाते हैं। 12 मई को जोधपुर स्थापना दिवस समारोह में मारवाड़ की विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को मेहरानगढ़ दुर्ग में मारवाड़ रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाता है। वीर दुर्गादास राठौड़ जयंती समारोह पर भी मारवाड़ की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाता है। गजसिंह अनेक संस्थाओं, संगठनों, ट्रस्टों, चैरिटेबल ट्रस्टों के मुख्य संरक्षक व अध्यक्ष के पदों पर पदस्थापित हैं। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए महाराजा गज सिह द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है।

महाराजा गजसिंह की वर्षों से राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए लगातार हर स्तर पर प्रयास कर रहे है। केंद्र व राज्य सरकार स्तर पर निरन्तर प्रयासरत हैं। मारवाड़ में निरंतर पड़ते अकाल व सूखे व कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए लोगों में जल संरक्षण व जल संचय के प्रति जागरूकता के लिए आपने जल भागीरथी फाउंडेशन की स्थापना करके मारवाड़ के अनेक स्थानों में जल संरक्षण के कार्य करवाए व लोगों को जल संचय के प्रति भी जागरूक करने का कार्य करवा रहे हैं।

मारवाड़ के लोगों की सुख समृद्धि व अकाल की स्थिति में वर्षा के लिए 5 सितंबर 1986 को जोधपुर से रामदेवरा तक पदयात्रा की व लोक देवता बाबा रामदेव जी के दर्शन कर प्रार्थना की। वर्ल्ड मोन्यूमेट फंड न्यूयॉर्क ने मानवता की कलात्मक व सांस्कृतिक पुरातात्विक संपदा के संरक्षण के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च कोटि का नेतृत्व प्रदान करने के लिए 27 अक्टूबर 2006 में हेंड्रियन अवार्ड, 2011 में इटोज हॉल ऑफ फेम अवार्ड, 25 नवंबर 2014 में नई दिल्ली में कला, पर्यटन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोनडे नास्ट ट्रैवलर द्वारा लाइव टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। गजसिंह के संरक्षण में मेहरानगढ़ दुर्ग को यूनेस्को एशिया पेसिफिक अवार्ड, 2013 में नागौर दुर्ग को आगा खान अवार्ड फॉर आर्किटेक्चर के लिए नामित किया गया।

जोधपुर व पोलो का लंबा इतिहास रहा है। गजसिंह ने पोलो को नई पहचान व संरक्षण देते हुए 1998 में जोधपुर पोलो एंड इक्वेस्ट्रियन इंस्टिट्यूट की स्थापना करके महाराजा गजसिंह स्पोर्टस फाऊंडेशन पोलो मैदान में घास का मैदान तैयार करवाया व हर वर्ष दिसम्बर में पोलो सीजन का आयोजन करवाते हैं। अभी 30 दिसम्बर को एक माह चले 25 वें पोलो सीजन का समापन हुआ है।

**–(राजेन्द्र सिंह लीलिया)**
**पी.आर.ओ, उम्मेद भवन पैलेस हाउसहोल्ड, जोधपुर**

# आइये जाने दुनिया में प्रचलित कैलेंडर के बारे में

जैसे-जैसे साल के अंतिम क्षण करीब आते हैं, दुनिया नए साल के आगमन का उत्साहपूर्वक इंतजार करती है। जब घड़ी में आधी रात होती है और आसमान आतिशबाजी से जगमगाता है तो दुनिया भर के लोग 1 जनवरी को नए साल का स्वागत करते हैं। 31 दिसम्बर की रात को, जिसे न्यू ईयर ईव कहा जाता है। नए साल की शुरूआत पुराने को विदा करने और नए की आशा का स्वागत करने का प्रतीक है।

एक जनवरी को नए साल की शुरूआत के पीछे क्या इतिहास, महत्व और परम्पराएं जुड़ी हुई हैं। 1 जनवरी को पहली बार 45 ईसा पूर्व में नए साल की शुरूआत के रूप में मनाया गया। इससे पहले रोमन कैलेंडर मार्च में शुरू होता था और 355 दिनों का होता था। रोमन तानाशाह जूलियस सीजर ने सत्ता में आने के बाद इसे बदल कर नया कैलेंडर तैयार किया। ईसाई धर्म के आगमन के बाद, 25 दिसम्बर, जिसे यीशु मसीह का जन्म दिन माना जाता है, को नया साल मनाने का दिन माया गया।


नए साल की शुरूआत सिर्फ एक पन्ना पलटने का समय नहीं है, यह खुद के जीवन का मूल्यांकन करने और एक नई शुरूआत करने का अवसर है। दुनिया भर में यह समय लोगों को नई संभावनाओं को अपनाने और लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है। 31 दिसम्बर की रात से शुरू होकर 1 जनवरी की सुबह तक, विभिन्न देशों में लोग गाने गाते हैं, आतिशबाजी देखते हैं और ऐसे खाद्य पदार्थ खाते हैं जिन्हें शुभ माना जाता है। साथ ही, यह समय संकल्प लेने का होता है, जहां लोग अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रण करते हैं।

भारत में हिंदू कैलेंडर के अनुसार नव वष्र अलग-अलग तिथियों पर मनाया जाता है, जो विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों में अलग-अलग नामों से प्रसिद्ध है। चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा को विक्रम संवत और हिंदू नव वर्ष का आरंभ माना जाता है। हिंदू नव वर्ष प्राकृतिक चक्र और सौर मंडल की गतिविधियों के अनुसार निर्धारित होता है। यह फसल के मौसम, प्रकृति और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। इस दिन पूजा, हवन और सामाजिक उत्सव आयोजित किए जाते हैं। हिंदू नव वर्ष जीवन में संतुलन, नई ऊर्जा और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है। यह दिन नई शुरूआत के लिए प्रेरणा देता है और भगवान की कृपा से समृद्धि की कामना की जाती है।

**निष्कर्षः** चाहे वह ग्रेगोरियन कैलेंडर हो या हिंदू पंचांग, नव वर्ष जीवन में नई संभावनाओं, आशाओं और उत्सवों का समय है। यह अवसर हमें पुरानी यादों को सहेजने और नए सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करता है।

**–श्वेता यादव, स्वतंत्र लेखक**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 1 जनवरी, 2025

पौष मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 11:46 तक, व्याघात योग सायं 5:06 तक, बालव करण दिन 2:55 तक, चन्द्रमा आज मकर राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य-धनु, चन्द्रमा-मकर, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज चन्द्र दर्शन, उत्तर श्रृंगोन्नति, नववर्ष दिवस है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:55 तक, शुभ 11:15 से 12:30 तक, चर 3:05 से 4:23 तक, लाभ 4:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:20, सूर्यास्त 5:40




**मेष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




**वृष**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।




**कर्क**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।




**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




**कन्या**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।




**तुला**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।



**मकर**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कुंभ**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



**मीन**
आर्थिक वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# विश्वकर्मा इलाके में ऑक्सीजन प्लांट में गैस लिकेज से लोगों में दहशत फैली

## टैंकर का वॉल्व टूटने से करीब 300 मीटर दूरी में फैली गैस, 2 दमकलों ने करीब 40 मिनट तक पानी की बौछारें डालकर स्थिति पर काबू पाया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट में टैंकर का बॉल्व टूटने से हडकंप मच गया। कार्बन डाई ऑक्साइड गैस लिकेज के कारण जैसे ही पूरे इलाके में धुंआ फैला तो लोगों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची विश्वकर्मा थाना पुलिस ने मेन वॉल्व बंद करवाकर लीकेज को बंद करवाया। गैस की वजह से दृश्यता कम होने के चलते वाहनों को धीमी गति से निकाला गया।

गौरतलब है कि करीब 11 दिन पहले 20 दिसंबर को जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर गैस टैंकर से निकली एलपीजी के कारण ब्लास्ट हो गया था। इस हादसे में 20 लोगों की जान जा चुकी है। मंगलवार को जैसे ही वी.के.आई. में गैस लीकेज हुई तो लोगों के जेहन में वह दृश्य ताजा हो गया। इसी कारण प्लांट के आसपास के लोग गैस लीक होने से डर गए।



राजधानी जयपुर के विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया में मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट में टैंकर का बॉल्व टूटने से हडकंप मच गया।

- वॉल्व टूटने के बाद जैसे ही पूरे क्षेत्र में गैस फैली तो लोगों के जेहन में जयपुर-अजमेर एक्सप्रेस हाईवे पर 11 दिन पहले हुए ब्लास्ट का भयावह मंजर याद आ गया

असिस्टेंट फायर ऑफिसर विश्वकर्मा भंवर सिंह हाड़ा ने बताया कि अजमेरा गैस प्लांट के नाम से रोड नंबर-18 विश्वकर्मा में ऑक्सीजन प्लांट है। प्लांट में दो बड़े टैंकर सीओटू गैस के स्टोरज के लिए बने हुए हैं। रविवार दोपहर को गैस टैंकर के जरिए सीओटू गैस स्टोरज के लिए आई थी। स्टोरज टैंकर में गैस डालकर वॉल्व बंद कर दिया गया। वॉल्व सही तरीके से नहीं लगने के कारण गैस प्रेशर के चलते टूट गया। गैस का लीकेज होने पर विजिबिलिटी शून्य हो गई। फायर बिग्रेड की दो गाड़ियों से पानी की बौछार कर करीब 40 मिनट में स्थिति पर पूरी तरह काबू पाया। सी-ओ-टू-गैस ठंडी होने के कारण नीचे बैठी, इससे ऐसा लगा कि बर्फ की चादर बिछ गई।

पुलिस ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट के एक टैंकर में 20 टन गैस भरी हुई थी। शाम करीब 4 बजे टैंकर का वॉल्व टूटने से गैस लीकेज हो गई। इसके चलते 200-300 मीटर तक गैस तेजी से फैल गई। गैस लीकेज के चलते स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। विश्वकर्मा थाना पुलिस सूचना पर फायर बिग्रेड की गाडी के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने ऑक्सीजन प्लांट के मेन वॉल्व को बंद करकवार लीकेज को बंद करवाया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

# डंडे और सरिये से पीट-पीटकर युवक की हत्या

**जयपुर।** मालपुरा गेट इलाके में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। घर लौटते समय कुछ लड़कों से कहासुनी के बाद उसका झगड़ा हुआ था। लड़कों ने डंडे-सरिए से जमकर मारपीट की थी। मालपुरा गेट थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मधुबनी बिहार निवासी मोहम्मद कलाम (20) पुत्र मोहम्मद तैयब की मौत हुई है। वह रामसिंहपुरा सेक्टर-35 सांगानेर में किराए से रहकर एक फैक्ट्री में जॉब करता था। रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे वह सब्जी लेकर पैदल घर लौट रहा था।

इस दौरान रामसिंहपुरा में आरिफ व निजाम सहित करीब 10-12 लड़के खड़े थे। रास्ते से जाते समय मो. कलाम पर आरोपी आरिफ व निजाम ने कमेंट किए। इस बात को लेकर कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। आरोप है कि आरिफ व निजाम ने अपने 10-12 साथियों के साथ मिलकर डंडे-सरिए से हमला कर दिया।

मोहम्मद कलाम को डंडे-सरिए से जमकर पीटा। वहां से जान बचाकर भाग मोहम्मद कलाम घर आ गया। सुबह करीब 5 बजे तबीयत बिगड़ने पर उसे नारायणा हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर मालपुरा गेट थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी भिजवाया। मृतक के चाचा फूल हसन राईन ने आरोपियों के खिलाफ नामजद हत्या का मामला दर्ज करवाया है।

मृतक के चाचा फूल हसन राईन का कहना है कि मोहम्मद कलाम घर में अकेला कमाने वाला था। उसके ऊपर पूरे घर की जिम्मेदारी थी। उसके माता-पिता व बहन गांव में रहते है। वह कमाने के लिए मेरे पर जयपुर आया था। दो महीने बाद उसकी बहन की शादी है।

# टी.जे.कविथा को अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति

- राज्य सरकार ने भारतीय वन सेवा के 28 अधिकारी पदोन्नत किए

**जयपुर।** राज्य सरकार ने मंगलवार को भारतीय वन सेवा के 28 अधिकारियों की पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार वर्ष 2000 बैच की आई.एफ.एस. ऑफिसर टी.जे.कविथा को मुख्य वन संरक्षक वेतन श्रृंखला से अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसी प्रकार वर्ष 2021 बैच के आई.एफ.एस. सुगनाराम जाट, सोनल जोरिहार, आशुतोष ओझा, संग्राम सिंह कटियार, मोनाली सेन, उपकार बोराना और गणेश कुमार वर्मा को भारतीय वन सेवा की चयन वेतन श्रृंखला से वन संरक्षक वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है।

आदेश के मुताबिक, वर्ष 2012 बैच के आई.एफ.एस. डॉ. कविता सिंह, अजय चित्तौड़ा, डॉ. एस. सारथ बाबू, अशोक कुमार महरिया, हरिकिशन सारस्वत, देवेन्द्र प्रताप जगावत, संजय प्रकाश भादू, रमेश कुमार मालपानी, राजेन्द्र कुमार हुड्डा, महेन्द्र कुमार शर्मा, सुदर्शन शर्मा और मुकेश सैनी को कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला से चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है।

इसी प्रकार वर्ष 2016 बैच के आई.एफ.एस. विजय शंकर पांडे, श्रवार कुमार आर, वैंकदोथ छेथन कुमार, सुरेश कुमार आबुसरिया, वीरेन्द्र सिंह जोरा और जिग्नेश शर्मा को वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। इसके अलावा वर्ष 2021 बैच के आई.एफ.एस. राहुल झाझडिया, कुमार शुभम और मृदुला सिंह को वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है।


**NAME CHANGE**

I Kamal Jain R/o 450, Mahaveer Nagar-1, Tonk road, Jaipur have changed my Name from Kamal Kishore to Kamal Jain and DOB from 15-12-1975 to 18-12-1975 in my passport and other documents for all future purposes.

Army No. JC293868N NB SUB SUBHASH CHAND YADAV Of unit 634 sata bty in my military Documents my wife name is Pushpa yadav which is wrong My wife name real name is Pushplata

I have changed my name from Kailash Chandra Agrawal to Kailash Agarwal for all purpose. R/o 123 Pratap nagar vistar Vaidh ji ka choraha murlipura Jaipur. (Raj.)

I have changed my name from Rahil Ahmed S/o Nanhe Khan to Rahil Chauhan for all purposes R/o A-54 Road No.3 Bais Godam Kacchi Basti Jaipur



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 416/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुखवीर सिंह निवासी वार्ड नं. 08, तहसील थानागाजी, तहरूण भारत संघ, भीकमपुरा, अलवर 301022 हाल पता-34/24 किरण पथ, मानसरोवरर जयपुर 302020 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत तरूण भारत संघ कार्यालय पता 34/24 किरण पथ, मानसरोवर जयपुर 302020 ने राजस्थान के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्त्यिों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 27.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइदा तारीख पेशी 03.03.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग जयपुर


# आई.ए.एस. प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए. सावंत अतिरिक्त मुख्य सचिव बने

## आई.ए.एस. मंजू राजपाल व देबाशीष पृष्टी प्रमुख शासन सचिव बने



आई.ए.एस. प्रवीण गुप्ता।



आई.ए.एस. भास्कर ए. सांवत।



आई.ए.एस. मंजू राजपाल।



आई.ए.एस. देबाशीष पृष्टी।

**जयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति का तोहफा देते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी है।

मंगलवार को जारी हुए आदेश के अनुसार आई.ए.एस. प्रवीण गुप्ता और भास्कर आत्माराम सावंत को अबोव सुपरटाइम वेतन श्रृंखला से मुख्य सचिव वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी है। अब प्रवीण गुप्ता को सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर लगाया गया है। इसी प्रकार भास्कर ए. सावंत को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्ष 1995 बैच के यह दोनों वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी प्रमोशन से इन्हीं विभागों में प्रमुख शासन सचिव के पद पर सेवाएं दे रहे थे।

इसी प्रकार आई.ए.एस. मंजू राजपाल और देबाशीष पृष्टी को सुपर टाइम वेतन श्रृंखला से अबोव सुपर टाइम वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है। मंजू राजपाल को सहकारिता विभाग में प्रमुख शासन सचिव एवं पंजीयक तथा देबाशीष पृष्टी को प्रमुख शासन सचिव, वित्त (बजट) विभाग में लगाया गया है। वर्ष 2000 बैच के यह दोनों अधिकारी वर्तमान में इन्हीं विभागों में शासन सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

- राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को पदोन्नति दी
- जबकि 2012 बैच के सिद्धार्थ सिहाग बने मुख्यमंत्री के विशिष्ट सचिव

इसके अलावा वर्ष 2009 बैच के आई.ए.एस. कुमार पाल गौत्तम व विश्राम मीणा को भारतीय प्रशासनिक सेवा की चयन वेतन श्रृंखला से सुपर टाइम वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। आई.ए.एस. कुमार पाल गौत्तम को स्थानीय निकाय विभाग राजस्थान में आयुक्त एवं पदेन शासन सचिव के पद पर तथा विश्राम मीणा को आयुक्त एवं पदेन शासन सचिव, जल ग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग (ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग) के पद पर लगाया गया है।

इसी प्रकार मुख्यमंत्री राजस्थान के संयुक्त सचिव पद पर कार्यरत वर्ष 2012 बैच के आई.ए.एस. सिद्धार्थ सिहाग को पदोन्नति देकर विशिष्ट सचिव, मुख्यमंत्री राजस्थान जयपुर के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा इसी बैच के टीकमचंद बोहरा को विशिष्ट शासन सचिव वित्त (व्यय-1) विभाग जयपुर के पद पर लगाया गया है।

आदेश के अनुसार वर्ष 2012 बैच के आई.ए.एस. रूकमणि रियार, ओम प्रकाश कसेरा, सिद्धार्थ सिहाग, हिमांशु गुप्ता, नमित मेहता, टीकमचंद बोहरा, हरजीलाल अटल को कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला से चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसके अलावा वर्ष 2016 बैच की आई.ए.एस. टीना डाबी, अतहर आमिर उल शफी खान, जसमीत सिंह संधू, डॉ. अमित यादव, प्रताप सिंह, डॉ. मंजू, डॉ. रविन्द्र गोस्वामी, रोहिताश सिंह तोमर, अर्तिका शुक्ला को वरिष्ठ वेतन श्रृंखला से पदोन्नति देकर कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसी प्रकार वर्ष 2021 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी गौरव बुडानिया, रीया डाबी, रवि कुमार, आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ, जुईकर प्रतीक चंद्रशेखर और सालुखे गौरव रविन्द्र को कनिष्ठ वेतन श्रृंखला से वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (कैरिज व वैगन) उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति महोदय की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युयल टेण्डर स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युयल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **ई-निविदा संख्या:** M-483-FE WORK-JP-2024-25, **कार्य का नाम व स्थान:** Refilling, Hydraulic pressure testing] Inspection, labeling and change of defective parts of Store pressure type ABC Fire Extingushers (Nitrogen type capacity-4, 05/06 Kg.) at Jaipur Coach Care Complex for a period of Three Years., **अनुमानित लागत:** ₹25,77,692.64 मात्र (रुपच्चीस लाख सतहत्तर हजार छह सौ ब्यानवे और चौंसठ पैसे मात्र ), **बिड सिक्योरिटी राशि:** ₹51,600/- मात्र (रु. इक्यावन हजार छह सौ मात्र (IRPES पोर्टल पर केवल ऑनलाइन नेट बैंकिंग व पेमेन्ट गेटवे के द्वारा, **ई-निविदा की अंतिम दिनांक और समय:** 21.01.2025 समय 15:00 बजे, **ई-निविदा खोलने की दिनांक और समय:** 21.01.2025 समय 15:30 बजे। उक्त ई-निविदा के सम्बध में विस्तृत जानकारी रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पर उपलब्ध हैं।

1513-PS/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: श्री टावर्स , प्लॉट संख्या 14 ए , साउथ फेज, इंडस्ट्रियल स्टेट, गुंदी, चेन्नई- 600032 तमिलनाडु
शाखा कार्यालय :- 65 ए , पहली मंजिल, सूरज नगर ( पश्चिम ), अजमेर रोड़, सोडाला, जयपुर-302006 राजस्थान

**प्रतीकात्मक कब्जा नोटिस**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( उक्त अधिनियम ) के प्रावधानों के तहत और धारा 13( 12 ) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड( एसएफएल ) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित( प्रवर्तन )नियम, 2002( उक्त नियम ) के नियम 3 के साथ पढ़े गए उक्त अधिनियम के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित है, ताकि उक्त मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाई जा सके।

उधारकर्ताओं द्वारा ऋण राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने धारा 13( 4 ) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिसम्बर 2024 के इस 27 वें दिन नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्ज़ा ले लिया है। जो की उक्तअधिनियम एवं उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पढ़ा गया।

| उधा कर्ता का नाम और पता | मांग पत्रके अनुसार देय राशि | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (1) मान सिंह शेखावत पुत्र लक्ष्मण सिंह शेखावत, प्लॉट नंबर 4, शेखावत रेजीडेंसी, ग्राम हिम्मतपुरा, सिरसी के पास - बेगस रोड, पोस्ट - मुंडियारामसर, मुंडियारामपुरा जिला-जयपुर-302012, राजस्थान<br>मान सिंह शेखावत पुत्र लक्ष्मण सिंह शेखावत, 27 वीपीओ, हिम्मतपुरा स्कूल के सामने, झोटवाड़ा, जयपुर-302012, राजस्थान<br>मान सिंह शेखावत पुत्र लक्ष्मण सिंह शेखावत, 61, हनुमान एन्क्लेव, सिरसी रोड, बिंदायका, जयपुर-302012, राजस्थान<br>( उधारकर्ता/ ऋणधारक )<br>(2). अनीता कंवर पत्नी मान सिंह शेखावत, प्लाट नंबर 4, शेखावत रेजीडेंसी, गांव हिम्मतपुरा, सिरसी के पास- बेगस रोड, पोस्ट - मुंडियारामसर, मुंडियारामपुरा जिला- जयपुर-302012, राजस्थान<br>अनीता कंवर पत्नी मान सिंह शेखावत, 27 वीपीओ, हिम्मतपुरा स्कूल के सामने, झोटवाड़ा, जयपुर-302012, राजस्थान<br>अनीता कंवर पत्नी मान सिंह शेखावत, 61, हनुमान एन्क्लेव, सिरसी रोड, बिंदायका, जयपुर-302012, राजस्थान ( सहउधारकर्ता/जमानती ) | ऋण खाता संख्या:- CDBAJTF2202280001 डिमांड नोटिस दिनांक:-21-10-2024 के संदर्भ में रूपए Rs- 1683296/- ( सोलह लाख तिरासी हजार दो सो छियानवे रुपये मात्र ) का भुगतान करने के लिए | वह सभी अचल संपत्ति, जिसका माप ग्राउंड फ्लोर निर्माण 1218.70 वर्ग फुट है एवं प्रथम तल 1218.70 वर्ग. फुट. एवं दूसरी मंजिल निर्माण 225 वर्ग. फुट. और 135.40 वर्ग गज भूमि पर निर्मित। प्लॉट नंबर 4 पर, शेखावत रेजीडेंसी, ग्राम हिम्मतपुरा, सिरसी के पास - बेगस रोड, जिला-जयपुर, राजस्थान में भूमि का हिस्सा है जो निम्नानुसार घिरा हुआ है।<br>प्लॉट नंबर 4, शेखावत रेजीडेंसी की सीमाएं इस प्रकार हैं:-<br>उत्तर की ओर : प्लॉट नंबर 3<br>दक्षिण की ओर :प्लॉट नं 5<br>पूर्व की ओर : सड़क 30 फीट।<br>पश्चिम की ओर : अन्य भूमि |

यह नोटिस बड़े पैमाने पर आम जनता को सावधान करने के लिए भी है कि श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के पास ऊपर उल्लिखित अचल संपत्ति का वैध प्रतीकात्मक कब्ज़ा है और उधारकर्ता या कोई भी व्यक्ति श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना उल्लिखित उपरोक्त किसी भी संपत्ति को पट्टे पर देना /विक्रय करना या अन्यथा निपटान अथवा अलग करना इस नोटिस की प्राप्ति के बाद बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

Sd/-
स्थान: जयपुर
दिनांक: 01-01-2025
अधिकृत अधिकारी
श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड


# आई.पी.एस. लता मनोज कुमार, उमेश चंद्र दत्ता और नवज्योति गोगोई अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वेतन श्रृंखला में पदोन्नत

- राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों को पदोन्नत किया, हालांकि यह सभी अधिकारी अपने वर्तमान पद पर यथावत कार्यरत रहेंगे।

**जयपुर, (कासं)।** राज्य सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को पदोन्नत किया है। हालांकि यह सभी अधिकारी अपने वर्तमान पद पर यथावत कार्यरत रहेंगे।

आदेश के अनुसार वर्ष 2000 बैच के आई.पी.एस. लता मनोज कुमार, उमेश चंद्र दत्ता और नवज्योति गोगोई को भारतीय पुलिस सेवा की महानिरीक्षक पुलिस वेतन श्रृंखला से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसी प्रकार वर्ष 2007 बैच के आई.पी.एस. डॉ. रवि, ममता राहुल, कैलाश चंद्र विश्नोई, बारहट राहुल मनहर्दन, सत्येन्द्र कुमार और रणधीर सिंह को उपमहानिरीक्षक वेतन श्रृंखला से महानिरीक्षक पुलिस वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसी तरह वर्ष 2021 बैच के आई.पी.एस. आनंद शर्मा, गौरव यादव, भुवन भूषण यादव, प्रहलाद सिंह कृष्णिया, शरद चौधरी, राजन दुष्यन्त, शंकर दत्त शर्मा, राममूर्ति जोशी, अरशद अली एवं आलोक श्रीवास्तव को उप महानिरीक्षक पुलिस वेतन श्रृंखला में पदोन्नत किया गया है।

वर्ष 2012 बैच के आई.पी.एस. राशि डोगरा डूडी, ममता गुप्ता, पूजा अवाना, आदर्श सिधू, डॉ. किरण कैग सिधू, जय यादव, अभिजीत सिंह, शांतनु कुमार सिंह, देवेन्द्र कुमार विश्नोई, मारूति जोशी, विनीत कुमार बंसल, श्याम सिंह और नारायण टोगस को चयन वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।

इसी प्रकार वर्ष 2016 बैच के आई.पी.एस. हर्षवर्द्धन अगरवाला, डॉ. अमृता दुहन, राजेश कुमार मीणा, रिचा तोमर और दिगंत आनंद को कनिष्ठ प्रशासनिक वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है। वर्ष 2021 बैच के आई.पी.एस. निश्चय प्रसाद एम, प्रशांत किरण, हेमंत कलाल, कंबले शरण गोपीनाथ, रोशन मीणा, बी. आदित्य, अभिषेक अंडासु और मनीष कुमार को भारतीय पुलिस सेवा की वरिष्ठ वेतन श्रृंखला में पदोन्नति दी गई है।


**खोया पाया**

मेरे मकान नं. 5/260 एसएफएस स्कीम, मानसरोवर, जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र कहीं खो गया है मिलने पर सूचित करें। मोबाइल-9549586865

मेरा मकान नं. 81/136 प्रताप नगर सांगानेर का मूल आवंटनपत्र रिवाइज आवंटनपत्र अदेय प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज कहीं गुम हो गए है मिलने पर सूचित करें- इंद्रा सावरिया-9784054207

मेरा फ्लैट नं. 29/ई-01 गोदावरी अपार्टमेंट, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटनपत्र कहीं गम हो गया है मिलन परसंपर्क करे-मांगीलाल-9828804822

मेरी प्रोपटी का मूल विक्रय पत्र जो कि कल्पना डंगायच पत्नी पंकज डंगायच से खरीदी गई थी, गत 5 अक्टूबर को कहीं गुम हो गई है। जिस किसी सज्जन को मिले तो कृपया सूचित करें। डिंपल विजय पत्नी अनिल विजय, वार्ड 7, सिंकदरा रोड बांदीकुई मो. 9694064567

मेरे प्लॉट सं. डी-236 महल योजना के अलॉटमेंट क्रमांक 593 दिनांक 15.04.2000 एवं कब्जा पत्र 4762 दिनांक 07.09.2001 जो कि महावीर सिंह पवार के नाम है। मेरे घर से सत्कार शॉपिंग सेन्टर फोटो कापी की दुकान के बीच कहीं गिर गए है। मिलने पर सूचित करें। मीना तिवाडी 9876152408

अपोलो नगर हाउंसिंग को-आपरेटिव सोसायटी लि. की योजना-जगदम्बा नगर-डी के भूखण्ड संख्या डी-512 का आवंटन पत्र, रसीद साईट प्लान कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें। मो.7375344135

मेरे मकान सं. 84/217 प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल अदेय प्रमाण पत्र व लीज मुक्ति प्रमाण पत्र कहीं गुम होगये है मिलने परसम्पर्क करें- देश दीपक भदोरिया-9214030725



**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**

दूरभाष 0145-2429953, फैक्स 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, web.-www.ajmermc@rajasthan.gov.in

क्रमांक: योजना/2023-24/429 दिनांक: 30-12-24

**संशोधन आदेश**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की अजमेर नगर निगम द्वारा भूखण्डों की नीलामी की जा रही है इच्छुक इस अवसर का लाभ ले सकते है। कार्यालय आदेश क्रमांक: योजना / 2024-25/409 दिनांक: 06.12.2024 को सार्वजनिक ई-नीलामी सूचना निकाली गई थी जिसकी अवधि अमानत राशि जमा कराने की दिनांक 09.01.2025 तक एवं नीलामी दिनांक 10.01.2025 तक बढ़ायी जाती है।

उपायुक्त (विकास) नगर निगम अजमेर


# श्रद्धांजलि सभा में गहलोत और डोटासरा की राजनैतिक बयानबाजी व छींटाकशी अशोभनीय : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक ओर कांग्रेस पार्टी के नेता आज शोक सभा आयोजित कर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजंलि अर्पित कर रहे थे, दूसरी ओर इनके कुछ नेता इस दौरान राजनीतिक बयानबाजी कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रद्धांजलि सभा में भी राजनीति की, यह राजनीति नहीं करनी चाहिए थी। कुछ पल ऐसे होते है जहां नेताओं को राजनीति नहीं करनी चाहिए। कुछ संवेदनशील पल होते है, नेताओं को उनका भी ध्यान रखना चाहिए लेकिन कांग्रेसी नेताओं ने ऐसे पलों में भी राजनीतिक बयानबाजी की, छींटाकशी की, यह अशोभनीय है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत अपनी अल्पमत सरकार को सहयोग करने वाले विधायकों को खुश करने के लिए आनन-फानन में नए जिलों की घोषणा कर दी। गहलोत ने पूर्व सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रामलुभाया की अध्यक्षता में समिति तो गठित की लेकिन नए जिलों की घोषणा के बाद स्वयं रामलुभाया ने आश्चर्य व्यक्त किया था। गहलोत और पायलट के बीच शीत युद्ध जनता के सामने था।

गहलोत और पायलट दोनों अपने खेमों के विधायकों को लेकर होटलों में कैम्प चलाते रहे। ऐसे में गहलोत विधायकों को संतुष्ट करने में जुटे रहे और गहलोत सरकार ने बिना गहन चिंतन किये चुनावी आचार संहिता लगने से एक दिन पूर्व अचानक नए जिलों की घोषणा कर दी। गहलोत ने ऐसे भी नए जिले बना दिए जिसकी कभी किसी ने कोई मांग तक नहीं की। कांग्रेस हर काम में राजनीति करती है।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# ब्लूटूथ से नकल करते दो अभ्यर्थी पकड़े

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में रेलवे भर्ती बोर्ड के एग्जाम के दौरान दो कैंडिडेट्स को ब्लूटूथ डिवाइस से नकल करते पकड़ा गया। दोनों कैंडिडेट आमेर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज आए थे। कॉलेज में एग्जाम में तलाशी के दौरान दोनों कैंडिडेट ने अंडर गारमेंट में डिवाइस छिपाया हुआ था। आमेर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कॉम्पिटिशन एग्जाम में चीटिंग करते आरोपी रामवीर मीना (21) निवासी बिदरवाडा दौसा और हेतराम मीना (35) निवासी उनियारा टोंक को पकड़ा गया है। गत 29 दिसम्बर को कुकस स्थित आर्या इंजीनियरिंग कॉलेज में टेक्नीशियन-111 का रेलवे भर्ती बोर्ड का एग्जाम था। सुबह 9 से 10:30 बजे पहली पारी का एग्जाम चल रहा था। सभी कैंडिडेट को मेन गेट पर दो लेयर तलाशी के बाद कॉलेज में एंट्री दी थी।


**कार्यालय कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, भरतपुर ( राज. )**

क्रमांक:-प.5 लेखा ( ) ( )/निविदा/2024/लैपटॉप क्रय/36/414 दिनांक: 31.12.2024

**खुली निविदा सूचना क्रमांक:-**

श्रीमान निबंध राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर, के आदेश क्रमांक प-3 (ब) प्लान (28) रामले/22/3695 दिनांक 09.12.2024 के क्रम में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 के अनुसरण में लैपटॉप क्रय किये जाने हेतु कार्यालय जिला कलक्टर भरतपुर में संबधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म से द्विपद्वती से मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैं, इच्छुक निविदाता अमानत राशि/निविदा शुल्क कार्यालय में दिनांक 10.01.2025 दोपहर 02 बजे तक जमा कराया जाना सुनिश्चित करे उक्त निविदा उपापन समित के समक्ष दिनांक 10.01.2025 दोपहर 03 बजे खोली जायेगी जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :-

| क्र.सं. | क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम | अनुमानित राशि | मात्रा | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | लैपटॉप | 09.00 लाख | 12 | 18000/- |

उक्त निविदा प्रपत्र एवं शर्तें sppp पोर्टल से डाउनलोड कर अवलोकन किये जा सकते हैं, तथा उक्त निविदा प्रपत्र निर्धारित अवधि में कैशियर कलक्ट्रेट को निविदा शुल्क 500 रूपये जमा करा, लेखा अनुभाग कलक्ट्रेट, भरतपुर से क्रय किये जा सकते हैं। उक्त निविदाएं निविदा जारी किये जाने की दिनांक से 09.01.2025 दोपहर 01 बजे बजे तक विक्रय की जावेंगी।

UBN NO- CBH2425GS0B00020
NIB NO- CBH2425A0017

( डॉ अमित यादव )
जिला कलक्टर, भरतपुर

# अनूपगढ़ जिला खत्म करने का विरोध, अनिश्चितकाल के लिये बाजार बंद

## बाजार, मंडी और पेट्रोल पंप बंद, एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना शुरू हुआ, नई धान मंडी में भी बंद को समर्थन दिया

- **राजस्थान सरकार का यह फैसला अनूपगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए अन्याय पूर्ण है, सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सभी व्यापारी एकजुट हैं : व्यापार मंडल अध्यक्ष**
- **'जब तक सरकार अनूपगढ़ को वापस जिला नहीं बना देती, तब तक यह धरना जारी रहेगा'**

**अनूपगढ़, (निसं)।** सरकार द्वारा गत दिनों को नौ नवगठित जिलों को रद्द करने के फैसले में अनूपगढ़ जिला भी शामिल किया गया है, जिसके बाद यहां के लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

इसके विरोध में मंगलवार से अनूपगढ़ का बाजार पूरी तरह से अनिश्चितकालीन बंद कर दिया गया है। साथ ही, नई धान मंडी में भी इस बंद को समर्थन दिया गया है, जहां दुकानों को बंद रखने और कृषि जिंसों की बोली न लगाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, अनूपगढ़ क्षेत्र के पेट्रोल पंप भी सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक बंद रहेंगे।

अनूपगढ़ जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने क्षेत्र के लोगों से आव्हान किया है कि वे इस संघर्ष में एकजुट होकर समर्थन करें। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय नागपाल ने बताया कि राजस्थान सरकार का यह फैसला अनूपगढ़ क्षेत्र की जनता के लिए अन्याय पूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय के खिलाफ सभी व्यापारी एकजुट हैं और उन्होंने निर्णय लिया है कि जिला बचाओ संघर्ष समिति के समर्थन में नई धान मंडी को पूरी तरह से अनिश्चितकालीन बंद रखा जाएगा और किसी भी कृषि जिंस की खरीद नहीं की जाएगी। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष विजय धूड़िया ने कहा कि अनूपगढ़ जिला बनने से यहां व्यापार और रोजगार के नए अवसर मिल सकते थे, लेकिन सरकार ने इसे रद्द करके यहां की जनता के साथ अन्याय किया है। उन्होंने बताया कि अब अनूपगढ़ बाजार को भी अनिश्चितकालीन बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

युवा महेंद्र वर्मा ने बताया कि जिला बनने से अनूपगढ़ में स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सुविधाओं में सुधार हो रहा था, लेकिन सरकार ने द्वेषपूर्ण नीति अपनाते हुए इस जिले को रद्द कर दिया और यहां के लोगों के सपनों को चकनाचूर कर दिया। इसके अलावा, अनूपगढ़ के कलेक्ट्रेट के सामने अनूपगढ़ जिला बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू हो गया है। यह वही जगह है जहां पिछले 11 वर्ष से लगातार धरना चला था। जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई ने बताया कि जब तक सरकार अनूपगढ़ को वापस जिला नहीं बना देती, तब तक यह धरना जारी रहेगा।

## माउंट आबू के बाद लूणकरनसर सबसे ठंडा

**बीकानेर, (निसं)।** प्रदेशभर में इन दिनों शीत लहर का प्रकोप जारी है। इस बीच लूणकरनसर कस्बा राज्यभर में माउंट आबू के बाद सबसे ठंडा कस्बा रहा। मंगलवार से बीकानेर के लूणकरनसर में मौसम विभाग का सेंटर स्थापित हो गया, जिससे मौसम अपडेट मिलने शुरू हो गए हैं। पहले ही दिन लूणकरनसर का पारा राज्य के टॉप शहरों में दूसरे नंबर रहा। राज्य के गैर पर्वतीय क्षेत्रों में लूणकरनसर और गंगानगर सबसे ठंडे क्षेत्रों के रूप में सामने आए हैं। इन दोनों शहरों में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा। लूणकरनसर में अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं जिला मुख्यालय पर न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री सेल्सियस रहा। एक दो दिन में ये पारा भी पांच से नीचे आने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर में अधिकतम तापमान 18.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जो लूणकरनसर की तुलना में कम है। बाडमेर में अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बीकानेर के अधिकतम तापमान में गिरावट आ रही है।


Email :- eebadi.dho.phed@rajasthan.gov.in
**Office of the Executive Engineer PHED Division Bari**
**NOTICE INVITING BID No. 25/2024-25**
Online bids for NIT No. 25/2024-25, costing 75 Lacs is invited on behalf of The Governor of Rajasthan from eligible enlisted in appropriate class contractors of PHED, Rajasthan and meeting eligibility criteria. Details of Bid notification and pre-qualification criteria can be seen on web site http://sppp.raj.nic.in and https://eproc.rajasthan.gov.in. Bids are to be submitted online in electronic format on web site https://eproc.rajasthan.gov.in from 24.12.2024 to 13.01.2025 at 18:00 PM and bids are to be opened at 11:00 am on 14.01.2025 in presence of willing bidders/there authorize representative
NIB: PHE2425A3564
UBN: PHE2425WSRC07514
DIPR/C/13643/2024
Jai Narayan Chetiwal
Executive Engineer
PHED Division Bari



**OFFICE OF THE PRINCIPAL S. M.S.MEDICAL COLLEGE & CONTROLLER OF THE ATTACHED HOSPITALS, JAIPUR**
No-F/MC/Store/2024-25/5488-92 Dated: 23.12.2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for Various Items for Various Department, SMS Medical College, Jaipur, are invited from interested bidders as per schedule in NIT Notice. Other particulars of the bid may be visited on the Procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in,https://sppp.rajasthan.gov.in) of the state; and SMS Medical College, Jaipur department website.
UBN- SMS2425GLOB00359 To SMS2425GLOB00381
DIPR/C/13668/2024 PRINCIPAL & CONTROLLER



**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रतापनगर, उदयपुर**
**(विशाल पेट्रोल पम्प के सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)**
क्रमांक- एफ( )/निविदा/MJSA 2.0/2024-25/6675 दिनांक-26.12.2024
**ई निविदा सूचना 52-55/2024-25**
एमजेएसए 2.0 चरण प्रथम (राज्य निधि शीर्ष) परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत ब्लॉक बडगांव, वल्लभनगर, झाडौल (4 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्यो के लिए बीड, अनुमानित मूल्य 304.80 लाख रूपये दिनांक 03.01.2025 को शाम 5.30 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती है। बोलियों से संबंधित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in) पर देखे जा सकते है।
यूबीएन संख्या- WSC2425WSOB00919, WSC2425WSOB00921, WSC2425WSOB00923, WSC2425WSOB00924
अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं
पदेन परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर
DIPR/C/13749/2024 प्रतापनगर, उदयपुर



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड 328001
Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ/राचघअ/2024-25/4441 दिनांक-24/12/2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for Construction of stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA Indorra Wildlife saramthura Dholpurare invited from interested bidders upto 01:00 PM, 02.02.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in,, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN No. FOR2425WSOB03268
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
DIPR/C/13680/2024 राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड 328001
Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ/राचघअ/2024-25/4440 दिनांक-24/12/2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for Construction of stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA Indorra Wildlife saramthura Dholpur are invited from interested bidders upto 01:00 PM, 02.02.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in,, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN No. FOR2425WSOB03267
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
DIPR/C/13681/2024 राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड 328001
Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ/राचघअ/2024-25/4439 दिनांक-24/12/2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for Construction of stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA jhiri Wildlife saramthura Dholpur are invited from interested bidders upto 01:00 PM, 02.02.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in,, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN No. FOR2425WSOB03271
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
DIPR/C/13682/2024 राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड 328001
Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ/राचघअ/2024-25/4437 दिनांक-24/12/2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for Construction of stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA jhiri Wildlife saramthura Dholpur are invited from interested bidders upto 01:00 PM, 02.02.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in,, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN No. FOR2425WSOB03270
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
DIPR/C/13684/2024 राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर



**कार्यालय उप वन संरक्षक (वन्यजीव) राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर**
महिला पुलिस थाने के पास हाउसिंग बोर्ड, पुरानी छावनी, धौलपुर, पिन कोड 328001
Email ID : dcfwlghariyalswm@gmail.com
क्रमांक-एफ( )/उवसं/वजीधौ/राचघअ/2024-25/4435 दिनांक-24/12/2024
**Notice Inviting Bid**
Bid for providing Construction of stone masonary boundary wall 500 Mtr. Hight 1.82 Mtr. at NAKA jhiri Wildlife saramthura Dholpur are invited from interested bidders upto 01:00 PM, 02.02.2025, other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement is 20.00 lakhs.
UBN No. FOR2425WSOB03269
(नाहर सिंह सिनसिनवार)
उप वन संरक्षक (वन्यजीव)
DIPR/C/13686/2024 राष्ट्रीय चम्बल घडियाल अभ्यारण, धौलपुर



**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड कोलायत**
क्रमांक-2041-59 दिनांक-24.12.2024
**Notice Inviting Bid: 68/2024-25**
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 16.01.2025 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 110.77 lacs.
UBN No. PHE2425WSOB07550
(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग
DIPR/C/13696/2024 खण्ड कोलायत



**Office of the Executive Engineer, PHED, PDR, City Div. II, Bikaner**
No. 2341-2357 Date: 24/12/2024
**Notice Inviting Bid : 21/2024-25**
Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 28.01.2025 upto 06:00 PM. Other particulars of bid may be visited on the Procurement Portal http://sppp.raj.nic.in and http:/eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the Bids of Rs. 118.00 Lacs.
UBN No. PHE2425WSOB07548
*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*
Executive Engineer
PHED, PDR City Div. II,
DIPR/C/13697/2024 Bikaner



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, 16वां खण्ड, इ.गा.न.प. बीकानेर**
Mobile 8385885628 email-eeignp16@gmail.com
क्रमांक-2945 दिनांक-26.12.2024
**संशोधित निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2024-25**
इस कार्यालय के क्रमांक 2735 दिनांक 13.12.2024 के द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2024-25 एवं क्रमांक 2756 दिनांक 16.12.2024 से जारी संशोधित निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2024-25 जो कि दिनांक 26.12.2024 को प्राप्त कर खोली जानी थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा सूचना संख्या 10 वर्ष 2024-25 दिनांक 27.12.2024 को दोपहर 1 बजे तक भरी जाकर दिनांक 02.01.2025 को दोपहर 2 बजे खोली जावेगी। निविदा की शर्तें व नियम यथावत रहेंगे।
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/13739/2024 16वां खण्ड, इगानप, बीकानेर



**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**
**DISTRICT SUPPLY OFFICE, JAISALMER**
Email- dsofood-jai-rj@nic.in, Phone No.-9783305817
क्रमांक-PDS-Tender/2024-25/1598 दिनांक-28/12/2024
**Notice Inviting Bid/2024-25/01**
e-Bids for selection of Handling and Transportation of Food grains Under PDS from FCI Depots in District JAISALMER are invited from interested bidders up to Date-15/01/2025 Time 11:59 pm Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in or http://sppp.rajasthan.gov.in) of the state, The approximate value of the procurement is 1.375 crore for One year.
UBN-FCC2425SLOB00102, NIB-FCC24250071
District Supply Officer
DIPR/C/13801/2024 JAISALMER


# जोधपुर रेंज पुलिस ने फरार तस्कर को जयपुर के नजदीक हाईवे पर पकड़ा

- **राजस्थान की सीमा में घुसते ही पुलिस पीछे लगी, जयपुर की रिंग रोड पर स्थित एक ढाबे पर तस्कर मोहम्मद इलियास को गिरफ्तार किया**

**जोधपुर, (कासं)।** दो साल पहले राजस्थान छोड़कर भागे तस्कर को जोधपुर रेंज पुलिस ने जयपुर के नजदीक हाईवे पर चाय पीते हुए पकड़ा। यह अफीम और डोडा तस्करी में तीन साल से फरार चल रहा था। इस पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। वह नए साल पर असम से जैसलमेर घूमने अपने दो दोस्तों के साथ आया था।

रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि मोहम्मद इलियास (30) निवासी सादों की ढाणी, पलीना पुलिस थाना लोहावट को 30 दिसंबर को गिरफ्तार किया और मंगलवार को टीम इसे लेकर जोधपुर पहुंची। सूचना थी कि इलियास असम में होटल चला रहा है। साथ ही अपने होटल पर तस्करों की मीटिंग फिक्स करवाता है और मारवाड़ में अफीम और डोडा सप्लाई कर रहा है। ऐसे में टीमें इसे पकड़ने के लिए भेजी गई थी। वहां मालूम चला कि इलियास अपने दो दोस्तों के साथ नया साल मनाने के लिए जैसलमेर घूमने आया है। ऐसे में इसके राजस्थान की सीमा में घुसते ही पोलो कार में पुलिस इसके पीछे लग गई। जयपुर की रिंग रोड पर स्थित एक ढाबे पर इसे गिरफ्तार किया।

रेंज आईजी ने बताया कि इलियास 10वीं तक पढ़ा है। इसके बाद काम की तलाश में सऊदी अरब चला गया था। वहां से लौटकर इसने लोहावट में अपने गांव में मार्बल का काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद यह तस्करों के संपर्क में आया और यही से तस्करी की राह पकड़ ली। इसके बाद झारखंड, मणिपुर और असम में लोकेशन बदल-बदल कर डोडा-पोस्त मारवाड़ के इलाकों में सप्लाई करता रहा। तस्करी के काम को बढ़ाने के लिए यह अपने किसी गांव के व्यक्ति के साथ झारखंड गया था। वहां से नशे की खेप को लेकर मारवाड़ आता और यही सप्लाई करने लगा था। जैसे-जैसे इलियास के संपर्क बढ़ते गए, वैसे-वैसे यह झारखंड से मणिपुर तक अपना नेटवर्क तैयार करता गया।

आईजी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस को इलियास के बारे में सूचना थी कि यह मारवाड़ में डोडा-पोस्त और अफीम का तस्कर है। साल 2019 में सबसे पहले आरोपी पुलिस थाना रतनगढ़ जिला चूरू में पकड़ा गया था। एक साल तक जेल में रहने के दौरान इलियास ने अपना नेटवर्क और मजबूत कर लिया था। वह साल 2020 में जमानत पर बाहर आया और तस्करी के काम को फिर से शुरू कर दिया। साल 2022 में पुलिस थाना फलोदी ने भारी मात्रा में अवैध डोडा-पोस्त से भरे ट्रक को पकड़ा, लेकिन, इलियास बच निकलने में कामयाब हो गया था। इसके बाद वह राजस्थान छोड़कर भाग निकला। असम पहुंचकर वहां होटल चलाने की आड़ में नशे की सप्लाई करने लगा।

रेंज आईजी ने बताया कि बरपेटा में इलियास होटल पर राजस्थान और अन्य राज्यों से आने वाले तस्करों को मिलवाने और डील कराने का काम करने लगा। इसके साथ ही, इलियास अपने मणिपुर के नेटवर्क से राजस्थान में भी अफीम भेजता रहा। महीनेभर से जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम इसे ट्रैक कर रही थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली थी कि इलियास गुवाहाटी के आसपास ठिकाना बना रहा है। इस सूचना पर 27 दिसंबर को टीम को गुवाहाटी भेजा गया। यहां जाकर मालूम चला कि इलियास ने छोटा सा होटल खोल रखा है, जिसकी आड़ में नशे के सौदागरों की मीटिंग कराने से लेकर नशे की खरीद फरोख्त का काम करवा रहा है। हालांकि, टीम के इसे पकड़ने पहले आरोपी अपने 2 दोस्तों के साथ कार से जैसलमेर नए साल के सैर सपाटे के लिए रवाना हो गया था। इस पर कार को ट्रैक करते हुए टीम राजस्थान सीमा से उसके पीछे लग गई। जयपुर के रिंग रोड के नजदीक ढाबे पर रुककर चाय पीते इलियास पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड बाडी**
क्रमांक-1481 दिनांक-26.12.2024
**निविदा सूचना संख्या-08/2024-25**
**PWD2425A3474, UBN IS PWD2425WSOB12651, PWD2425WSOB12652**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड बाडी जिला धौलपुर में कुल 2 नं. पर भवन कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड बाडी |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | भवन निम्रण कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रु. 95.40 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाइन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग)(RISL fees) 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 27.12.2024 प्रात 11.00 बजे दिनांक 13.01.2025 सायं 3.00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 27.12.2024 प्रात 11.00 बजे दिनांक 13.01.2025 सायं 3.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की (वेबसाइट पर) | दिनांक 14.01.2025 सायं 06.00 बजे |

(सौरभ शर्मा)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/13759/2024 सा.नि.वि. खण्ड बाडी


## कार पलटने से महिला की मौत, दो जने घायल

- **कार सवार महिला अपने पीहर से ससुराल जा रही थी**

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीगंगानगर में सूरतगढ़ रोड पर होमलैंड सिटी के सामने की तरफ कार पलटने से कार सवार महिला की मौत हो गई। महिला अपने पीहर से ससुराल जा रही थी। हादसे में महिला के भतीजे की पत्नी और देवर का बेटा घायल हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सौंप दिया।

मृतक फूलां (45) पत्नी अली का पीहर श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ रोड पर होमलैंड सिटी में है। फूलां के भतीजे सचिन पुत्र शरीफ खान की दो जनवरी को शादी होनी है। ऐसे में घर में खुशी का माहौल था। रात को परिवार में कोई विवाह संबंधी आयोजन था। इसमें शामिल होने के बाद सुबह फूलां अपने भतीजे की पत्नी और अपने देवर के बेटे मनफूज (15) पुत्र अस्कर अली के साथ होमलैंड सिटी से गांव नेतेवाला के लिए रवाना हुई। कार फूलां का रिश्तेदार समीर चला रहा था। ये लोग होमलैंड सिटी से सूरतगढ़ रोड पर गांव नेतेवाला की तरफ मुड़ ही रहे थे कि कार पलट गई। इससे फूलां सड़क पर गिर गई। सड़क पर सिर टकराने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि कार में सवार दो लोग घायल हो गए। दोनों को ज्यादा चोट आने पर तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। मौके पहुंची सदर थाना पुलिस ने फूलां का शव सरकारी अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया।


महिला के देवर अमीन ने बताया कि हादसे के समय कार में घायल महिला बिस्मिल्लाह का बेटा अभिषेक और बेटी प्रिंसी भी सवार थे। उन्हें कोई चोट नहीं आई। फूलां के परिवार में पति अली के अलावा बेटा गुलाम अली, सैफ अली और बेटी शायना हैं। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जांच अधिकारी महावीर प्रसाद ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** करौली सदर थाना पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी के आरोपी को हिंडौन से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने झांसा देकर सात लोगों से ठगी की थी।

सदर थाना अधिकारी चंचल शर्मा ने बताया कि करौली सदर थाना पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर सात लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपी योगेश्वर मीणा निवासी हिंडौन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ नौकरी का झांसा देकर करीब 15 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप है। थानाधिकारी ने बताया कि एसीजेएम करौली से इस्तगासा द्वारा धर्म सिंह मीणा पुत्र रंगलाल मीणा निवासी कोसरा थाना सदर करौली ने मामला दर्ज कराया। एफआईआर में बताया कि योगेश्वर पुत्र जल्लीराम, मोहित पुत्र योगेश्वर और माया देवी पत्नी योगेश्वर मीणा निवासी खेड़ीशीश थाना सदर हिंडौन सहित अन्य ने नौकरी का झांसा देकर रुपए की ठगी की। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की गई। पुलिस टीम ने सूचना तंत्र और साइबर सेल टीम की मदद से आरोपी योगेश्वर मीणा को हिंडौन से गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
CAD सर्किल के पास कोटा
फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota
एफ 11/नीलामी/2025/2033 दिनांक 30.12.2024
**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर**
प्राधिकरण द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से प. मदन मोहन मालवीय फॉर्म हाउस योजना में खेड़ा जगपुरा में चार्जिंग स्टेशन/पेट्रोल पम्प हेतु भूखंड को नीलाम किया जा रहा है। जो कि एन.एच. 12 पर स्थित है तथा प्राधिकरण की नव विकसित फार्म हाउस योजना, आर.टी.ओ. ऑफिस, रीको संस्थान व औद्योगिक क्षेत्र एवं आवासीय योजनाओं के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 21.01.2025 प्रात: 11.00 बजे से शुरु होगा तथा दिनांक 23.01.2025 को दोपहर 02.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वत: बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्ते एवं अन्य जानकारी Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।
**पं. मदन मोहन मालवीय फॉर्म हाउस योजना खेड़ा जगपुरा में चार्जिंग स्टेशन/पेट्रोल पम्प हेतु भूखंड**
क्षेत्रफल :- 1600 वर्गमीटर
प्रारम्भिक नीलामी दर-30000/-प्र.व.मी.
आरक्षित दर-3500/-प्र.व.मी.
धरोहर राशि-960000/-




सचिव कोटा विकास प्राधिकरण


## पाक ड्रोन को गिराने के लिए व्हीकल माउंटेड एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार किया

- **भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ का "त्रिशूल" अब पाकिस्तानी ड्रोन का मुकाबला करेगा**

**बीकानेर, (निसं)।** राजस्थान से सटी भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ का "त्रिशूल" अब पाकिस्तानी ड्रोन का मुकाबला करेगा। इसके जरिए हवा में 1500 मीटर ऊंचाई तक ड्रोन को उड़ाया जा सकेगा। बीकानेर सेक्टर में तैनात बीएसएफ की 140 बटालियन ने ड्रोन से मुकाबला करने के लिए देसी जुगाड़ कर लिया है।

बल के अधिकारियों ने करणी माता के त्रिशूल आकार का एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार किया है। इस पर तीन इंसास राइफलें फिट की गई हैं। इनसे एक बार में 15 से 20 राउंड फायर होगा। यह दो बाई दो का घेरा बनाएगा। इसका निशाना 400 मीटर तक टारगेट ध्वस्त करने में समक्ष है। आसमान में 1500 मीटर तक टारगेट भेद सकती है। यह व्हीकल माउंटेड एंटी ड्रोन सिस्टम है, जो सीमा चौकी से दूर खेतों के रास्तों में तीन से पांच किलोमीटर तक की रेंज में तैनात किया गया है। इसे ऑपरेशनल करने के लिए नाइट राइडर टीम (एनआरटी) गठित की गई है। इस टीम में ड्राइवर सहित पांच जवान तैनात किए गए हैं। यह टीम पूरी रात पांच से सात किलोमीटर एरिया में पेट्रोलिंग करती है।

पाकिस्तान से सटे बीकानेर और श्रीगंगानगर बॉर्डर पर ड्रोन के जरिए हेरोइन तस्करी को रोकना बीएसएफ के लिए चुनौती बना हुआ है। आए दिन पाक ड्रोन भारतीय सीमा में बीओपी से करीब पांच किलोमीटर तक खेतों में हेरोइन गिराकर लौट जाता है। ड्रोन की लाल रंग की लाइट पर टेपिंग करने से वह बीएसएफ के जवानों को नजर नहीं आता। ऊंचाई अधिक होने पर कई बार उसकी आवाज भी सुनाई नहीं देती। मौका पाकर भारतीय तस्कर हेरोइन उठाकर फरार हो जाते हैं। पाकिस्तानी ड्रोन को गिराने के लिए ही व्हीकल माउंटेड एंटी ड्रोन सिस्टम तैयार किया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में यह सिस्टम जमीन पर स्थापित किया गया था, लेकिन वह कारगर नहीं हो पाया। उसके बाद इसे व्हीकल पर माउंटेड कर दिया गया।

व्हीकल माउंटेड एंटी ड्रोन सिस्टम 360 डिग्री राउंड में ड्रोन को हवा में मार गिराने में समक्ष है। इसे लोहे के पाइप से तैयार किया गया है। पाइप पर त्रिशूल नुमा तीन एंगल पर तीन ही 5.56 एमएम केलिबर की इंसास राइफल फिट की गई है। इन तीनों के ट्रिगर को एक ही लीवर से जोड़ा गया है, जिस पर जवान की अंगुली रहती है।

ड्रोन दिखाई देने इसके लीवर को जोर से खींचने पर फायर खुलता है। एक ही बार में तीनों राइफल से 15 से 20 राउंड गोलियां निकलती है, जो 22 के घेरे में आने पर हवा में 1500 मीटर तक ड्रोन को मार गिराने में समक्ष है। इसके अलावा गाड़ी पर दो अन्य जवान भी राइफल लिए तैनात रहते हैं। ये भी ड्रोन को निशाना बनाते हैं। एक साथ पांच राइफलों से फायर होता है।


**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (फल-सब्जी) अजमेर**
क्रमांक : ठेका /2024-2025/832-841 दिनांक :-27.12.2024
NIB CODE-DAM2425A0549
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये इस कार्यालय द्वारा मण्डी यार्डो मे विधुत व्यवस्था रख रखाव, सुरक्षा प्रहरी, दैनिक सफाई एंव बागवानी ठेका, कम्प्यूटर कार्य ठेका प्रथा से कराया जाना है। इच्छूक/ अनुभवी व्यक्ति एंव फर्मो से निविदाये निम्न विवरणानुसार कार्यालय द्वारा विक्रय निविदा प्रपत्र मे आमंत्रित की जाती है विस्तृत जानकारी एंव शर्ते कार्यालय मे किसी भी कार्य दिवस (समयः-12 बजे से 1 बजे ) तक देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | नाम निविदा/कार्य | | निविदा प्रपत्र शुल्क ₹. | अनुमानित लागत लाखो मे | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम दिनांक व समय | प्रतिभूति राशि ₹. | निविदा प्राप्त करने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बागवानी ठेका व्यवस्था (मुख्य मण्डी, गौण मण्डी व किसान भवन) (बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 4.50 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 9000 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (1:00 PM) |
| 2 | विधुत व्यवस्था रखरखाव कार्य- मुख्य मण्डी अजमेर,गौण मण्डी पुष्कर, गौण मण्डी माकडवाली व किसान भवन (बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 2.60 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 5200 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (1:30 PM) |
| 3 | सुरक्षा प्रहरी व्यवस्था- गौण मण्डी पुष्कर एंव सैटेलाईट मण्डी माकडवाली (बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 9.50 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 19000 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (1:50 PM) |
| 4 | सुरक्षा व्यवस्था - किसान भवन (बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 4.00 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 8000 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (2:30 PM) |
| 5 | जलवाहक व्यवस्था (बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 3.60 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 7200 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (2:45 PM) |
| 6 | दैनिक सफाई व्यवस्था (बंद निविदा) | मुख्य मण्डी यार्ड ,अजमेर | 500+18% =590 | 9.00 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 18000 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (3:00 PM) |
| | | गौण मण्डी, पुष्कर | 500+18% =590 | 6.50 | | | 13000 | | 09.01.2025 (3:30 PM) |
| | | किसान भवन अजमेर | 500+18% =590 | 4.00 | | | 8000 | | 09.01.2025 (3:45 PM) |
| 7 | कम्प्यूटर कार्य ठेका(मैन विद मशीन)(बंद निविदा) | | 500+18% =590 | 9.50 | 30.12.2024 (1:00 PM बजे तक) | 08.01.2025 (1:00 PM बजे तक) | 19000 | 09.01.2025 (11:15 AM बजे तक) | 09.01.2025 (4:00 PM) |

प्रशासक
कृषि उपज मण्डी समिति
फ.स.,अजमेर
सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति
फ.स.,अजमेर
राज.संवाद/सी/24/9762

# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने मध्य प्रदेश में पारदी गिरोह के बदमाश को दबोचा

## राजस्थान पुलिस की टीम ने जमीन पर लोन देने का झांसा देकर कागजों पर हस्ताक्षर करवाने के बहाने आरोपी को गांव से बाहर बुलाकर गिरफ्तार किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम ने बड़ी कार्रवाई कर कोटा शहर से 50 हजार व मध्यप्रदेश से 5 हजार रुपये के इनामी पारदी गिरोह के एक बदमाश अजब सिंह पुत्र भीमा सिंह पारदी (45) निवासी कनेरा चक थाना धरनावदा जिला गुना मध्यप्रदेश को गुना जिले से राउण्डअप कर लिया। जिसे लेकर मंगलवार को कोटा पहुंची टीम ने किशोरपुरा थाना पुलिस को सौप दिया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एम.एन. ने बताया कि विभिन्न आपराधिक गिरोहों, वांछित अपराधियो, गैंगस्टर्स इत्यादि के बारे में आसूचनाएं संकलन करने उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा व राजेश मलिक के सुपरविजन में एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को पुलिस मुख्यालय से रवाना किया गया है।

एडीजी एम.एन. ने बताया कि उप निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित एजीटीएफ टीम करीब 3-4 महीनों से इस गिरोह के पीछे थी। इसी दौरान टीम के सदस्य मोहन लाल को 50 हजार के इनामी के बारे में सूचना मिलने पर टीम सदस्यों हेड कांस्टेबल कमल डागर, महेन्द्र कुमार व मोहन लाल द्वारा सूचना डवलप की गई। सूचना पुख्ता होते ही टीम तुरन्त एमपी के गुना जिले में पहुंची।



राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने इनामी पारदी गिरोह के बदमाश अजब सिंह को मध्यप्रदेश के गुना क्षेत्र राउण्डअप किया।

गिरफ्तार बदमाश मध्यप्रदेश के गुना जिले के थाना धरनावदा क्षेत्र के दुर्गम इलाके कनेरा चक का रहने वाला है। इस गांव में पुलिस जब भी दबिश देने जाती है, बदमाश फायरिंग कर जानलेवा हमला कर देते है। बदमाश अजब सिंह भी पुलिस पर फायरिंग का आरोपी है। इसकी गिरफ्तारी के लिए एजीटीएफ ने व्यूह रचना रची। आरोपी को बैंककर्मी बन जमीन पर लोन देने का झांसा दिया।

एजीटीएफ तीन दिनों से बदमाश अजब सिंह के गांव के बाहर कैम्प कर लोन देने का झांसा देकर बाहर बुलाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन शातिर आरोपी खुद ना आकर बार बार दूसरों को भेज रहा था। इस पर टीम सदस्यों ने आरोपी को कॉल कर कहा कि लोन के कागजों पर साइन करने तुम्हे ही आना पड़ेगा। इस बार आरोपी स्वयं आया, जिसे आते ही टीम ने दबोच लिया।

पुलिस का कहना है कि किशोरपुरा थाना क्षेत्र की पॉश कॉलोनी वल्लभनगर में 19 मई 2023 की रात पांच चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर सेनेटरी व्यापारी चिराग जैन के घर में घुस गए।

- दरअसल बदमाश अजब सिंह मध्यप्रदेश के धरनावदा क्षेत्र के दुर्गम इलाके कनेरा चक का रहने वाला है। पुलिस जब भी इस गांव में दबिश देने जाती तो बदमाश फायरिंग कर देते थे
- राजस्थान पुलिस ने आरोपी को दबोचने के लिए व्यूह रचना रची और खुद बैंककर्मी बनकर जमीन पर लोन देने का झांसा देकर आरोपी को जाल में फंसा लिया
- बताया जा रहा है क आरोपी पर कोटा पुलिस ने 50 हजार और मध्यप्रदेश पुलिस ने पांच हजार रुपए के इनाम की घोषणा कर रखी थी।

व्यापारी और उनका परिवार अंदर सो रहा था। चोरों ने उनके कमरे बाहर से बंद कर दिए और एक कमरे की अलमारियां तोड़कर करीब 5-6 लाख रुपए और लाखो की ज्वैलरी चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। मामले में आईजी रेंज कोटा कार्यालय से आरोपी अजब सिंह सहित सात जनों पर 50-50 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की गई।

प्रारम्भिक जानकारी में आरोपी अजब सिंह के विरुद्ध राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न थानों में 19 अपराधिक प्रकरण दर्ज होना सामने आया है, जिनमें अधिकतर चोरी और एवं लूट के मामले हैं। मध्य प्रदेश के गुना जिले थाना धरनावदा व सिरसी, खरगौन जिले में सन्नवद में कुल 9 एवं राजस्थान के कोटा शहर, सीकर, झुंझुनू, नीमकाथाना, माधोपुर में 10 आपराधिक मामले दर्ज है। थाना धरनावदा इलाके में फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी 5000 का इनामी है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा व राजेश मलिक के सुपरविजन एवं पुलिस उप निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल महेंद्र कुमार व कांस्टेबल मोहनलाल की विशेष भूमिका एवं हेड कांस्टेबल कमल डागर व कांस्टेबल सोहन देव की तकनीकी भूमिका रही।

# साल 2025 में भरतपुर, नाथद्वारा व बांसवाड़ा में लगेंगे नये डेयरी प्लान्ट

- पाली में पाउडर प्लान्ट, कोटा में पशु आहार संयंत्र और भीलवाड़ा में यूएचटी तथा बाईपास प्रोटीन संयंत्र लगाया जायेगा

**जयपुर** (कासं)। साल 2025 की शुरुआत में ही राज्यभर के दुग्ध उत्पादकों के लिये खुशखबरी है। नाथद्वारा जिले में 48 करोड़ रुपये और बांसवाड़ा जिले में 31 करोड़ रुपये की लागत से 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के नवीन दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना का कार्य पूर्ण हो जायेगा और मार्च, 2025 के अन्त तक इनका लोकार्पण भी हो जायेगा। इससे दोंनो जनजाति बाहुल्य जिलों के लाखों दुग्ध उत्पादकों के साथ-साथ आम उपभोक्ता भी लाभान्वित होंगे। इसी प्रकार भरतपुर में भी 45 करोड रुपये की लागत से 50 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता का नया डेयरी प्लान्ट स्थापित किया जायेगा।

यह जानकारी देते हुऐ राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि साल 2025 में ही कोटा जिले में 150 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का नवीन पशु आहार संयंत्र और पाली में 30 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता का नवीन अत्याधुनिक पाउडर प्लान्ट लगाया जायेगा। भीलवाड़ा जिले में 65 करोड़ रुपये की लागत से नवीन यूएचटी प्लान्ट की स्थापना की जायेगी, जिससे दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों को लम्बी अवधि तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा में 150 मैट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के नवीन अत्याधुनिक बाईपास प्रोटीन संयंत्र की स्थापना भी वर्ष 2025 में ही पूरी कर ली जावेगी। वर्ष 2025 में ही बीकानेर में चीज के उत्पादन के लिये नवीन चीज प्लान्ट की स्थापना भी पूरी कर ली जावेगी।

साल के अन्त तक जयपुर, जोधपुर, अलवर, उदयपुर और गंगानगर के दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्रों के विस्तारीकरण और आरसीडीएफ द्वारा वर्तमान में संचालित पशु आहार संयंत्रों की क्षमता के विस्तार करने की भी योजना है।

फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि आरसीडीएफ द्वारा पिछले तीन माह में किये गये नवाचारों को आशातीत सफलता मिली है। इन नवाचारों में सरस घी के लिये क्यूआर कोड, सरस अमृतम अभियान, एक जिला एक उत्पाद के अन्तर्गत राज्यभर में सरस मिठाईयों की बिक्री और सरस स्व-रोजगार योजना 2024 शामिल हैं। आरसीडीएफ द्वारा सरस घी की बिक्री में पिछले केवल तीन माह में 22 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है।

उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में आरसीडीएफ एवं सम्बद्व जिला दुग्ध संघों द्वारा पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक वित्तीय लाभ अर्जित किया है। वर्ष 2024 में आरसीडीएफ को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है। राष्ट्रीय दुग्ध दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित समारोह में आरसीडीएफ को दो श्रेणियों में गोपाल रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया जो पशुपालन एवं डेयरी विकास के क्षेत्र में प्रतिष्ठित अवार्ड है।

# गेम ओवर-2 जूनियर स्टोर का उद्घाटन

**जयपुर ।** शास्त्री नगर स्थित राम नगर 9 दुकान में मंगलवार को ''गेम ओवर 2 जूनियर स्टोर'' का उदघाटन किया गया। स्टोर मालिक दिलशाद पालकी ने बताया कि छोटे बच्चे जितने क्यूट होते हैं, उनके कपड़े उतने ही प्यारे होते हैं। वैसे भी हर कोई अपने बच्चों के लिए खूब शॉपिंग करता है। इसकी वजह है कि बच्चों को कपड़े ज्यादा और वैराइटी में चाहिए होते हैं। हमने 0 से 15 साल के बच्चों के लिए रेडीमेड कपड़ों की दर्जनो ब्रांड जिनमे कपड़ों की गुणवत्ता, कीमत ओर स्टाइल को ध्यान में रखकर गेम ओवर जूनियर स्टोर खोला है। स्टोर में बच्चों के शर्ट, स्कर्ट, जीन्स, हर साइज के जूते, जरकिन, टी-शर्ट, पेंट, के साथ-साथ किड्स वियर की बड़ी रेंज मिल जाएगी।




शास्त्री नगर स्थित राम नगर 9 दुकान में मंगलवार को ''गेम ओवर 2 जूनियर स्टोर'' का शुभारंभ किया।

दिलशाद ने कहा कि बच्चे तेजी से बढ़ते हैं। हमारे स्टोर पर बच्चों के लिए अच्छी वैराइटी और कीमत में कपड़ों के साथ-साथ दूसरे सामान भी मिलेंगे। बेबीज के ऐसे आउटफिट की एक लिस्ट तैयार की है जो आपको पहली नजर में पसंद आने वाली हैं। यह दस्ताने और मोजे का सेट है। यह न्यू बॉर्न बेबीज के लिए है। इन्हें बच्चे तीन महीने की उम्र तक पहन सकते हैं। यह अच्छी क्वालिटी की कॉटन से बने हैं। इससे बच्चों के हाथ पर चोट भी नहीं लगेगी। इसके अलावा उनके हाथ पैर गर्म भी रहेंगे। यह गिफ्ट के तौर पर भी परफैक्ट हैं। आप इन्हें धीरे से हाथ से धो सकते हैं। यहाँ कपड़े बॉयज और गर्ल्स दोनों के लिए है। अलग-अलग कलर कॉम्बिनेशन में मौजूद है। यहाँ न्यू बॉर्न बेबीज के लिए भी कपड़े है, इसमें कैपरी स्टाइल है। यह अच्छी क्वालिटी के कॉटन से बना है। ये रोमपर्स बच्चों के ऊपर फबते भी बहुत हैं। फ्रंट टिच बटन होने की वजह से बच्चों को पहनने में भी आसानी रहती है। आपको 1 महीने से लेकर 15 साल तक के बच्चों के लिए ड्रेसेज मिलेंगे।

# सरस राजसखी राष्ट्रीय मेले का लक्की ड्रॉ निकाला

## विजेताओं को कार, स्कूटी और आईफोन जैसे उपहार मिले

**जयपुर** (कासं)। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सहयोग से, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा संचालित सरस राजसखी राष्ट्रीय मेला-2024 के अंतिम दिन सोमवार को राजस्थान एवं अन्य राज्यों के स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाई गई स्टालों में अधिक बिक्री करने वालों एवं 2000 रुपयों से अधिक खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए लक्की ड्रॉ मेगा प्राइज निकाला गया।




लक्की ड्रॉ कूपन में 2000 रूपये से अधिक खरीदारी करने वाले ग्राहकों में प्रथम पुरस्कार लक्की ड्रॉ में भगत सिंह मार्ग, जयपुर निवासी सुमन गोगीया के न्यू ब्रांडेड कार, द्वितीय पुरस्कार में सुजाता के एक्टिवा स्कूटी और तृतीय पुरस्कार में रोत्रा के आईफोन निकला। राजस्थान राज्य के स्वयं सहायता समूहों में अधिक बिक्री करने वाले स्टालों के लक्की ड्रॉ में श्री श्याम स्वयं सहायता समूह, जयपुर के प्रथम पुरस्कार में एक्टिवा स्कूटी, वैष्णो माता स्वयं सहायता समूह, झुंझुनू के द्वितीय पुरस्कार में लैपटॉप और आशापुरा स्वयं सहायता समूह, बाड़मेर के तृतीय पुरस्कार में आईफोन निकला।

अन्य राज्यों के स्वयं सहायता समूहों में अधिक बिक्री करने वाले स्टालों के लक्की ड्रॉ में वान पोश स्वयं सहायता समूह, जम्मू-कश्मीर के प्रथम पुरस्कार में एक्टिवा स्कूटी, विकास स्वयं सहायता समूह, उत्तर प्रदेश के द्वितीय पुरस्कार में लैपटॉप और जोय माता स्वयं सहायता समूह, पश्चिम बंगाल के तृतीय पुरस्कार में आईफोन निकला। विजेताओं को मंगलवार को पुस्कार बांटे गए।

# हैरिटेज निगम ने चार अवैध इमारतों को सीज किया

**जयपुर** (कासं)। नगर निगम हैरिटेज ने अवैध निर्माण के खिलाफ मंगलवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चार अवैध निर्माणाधीन बिल्डिगों को सीज किया। नगर निगम हैरिटेज कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा ने बताया कि चारों निर्माण नियमों के विपरीत हो रहे थे। जिन्हें निगम द्वारा पूर्व में भी नोटिस दिए गए थे। नोटिस का जवाब नहीं देने पर आज सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

सिविल लाइन जोन की डिप्टी कमिश्नर हंसा मीणा ने बताया कि सिविल लाइन जोन क्षेत्र में भवन निर्माण संबंधी नियमों के विपरीत चार निर्माण कार्यों को सीज किया गया है। इनमें से तीन भवन और एक कॉमर्शियल भवन शामिल है। मीणा ने बताया कि चारों निर्माण कर्ताओं को नगर निगम द्वारा पूर्व में नोटिस देकर अवैध निर्माण को रोकने के लिए कहा गया था। बावजूद इसके चारों निर्माण कर्ताओं ने निगम के नोटिस को दरकिनार करके अवैध निर्माण जारी रखा। इसके बाद आज नगर निगम की टीम ने सतर्कता शाखा के सहयोग से चारों अवैध निर्माण को सीज किया है। इनमें चौमूं हाउस स्थित डी 46, 68 गोपाल बाडी, एच 2 सी स्कीम और एक अन्य कॉमर्शियल भवन शामिल है। जिनका निर्माण कार्य रोकते हुए अगले 180 दिन के लिए सीज कर दिया गया।

# पशुपालन निदेशक भवानी सिंह राठौड़ सेवानिवृत हुए



पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ को सेवानिवृत्ति पर विदाई देने मंत्री जोराराम कुमावत भी पशुधन भवन पहुंचे।

**जयपुर ।** पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ अपने 35 वर्ष 10 महीने की राजकीय सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। डॉ. राठौड़ को विभाग की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। सरल, सहज एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. राठौड़ ने निदेशक के रूप में दो साल विभाग को अपनी सेवाएं दीं।

अपने शुभकामना संदेश में पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि डॉ. राठौड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान निष्ठा, परिश्रम और दूरदर्शिता का अनुकरणीय परिचय दिया। उन्होंने नेतृत्व के उच्च मानदंड स्थापित किए और हर व्यक्ति को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। मंत्री जोराराम कुमावत भी डॉ. राठौड़ को विदाई देने पशुधन भवन पहुंचे। विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि डॉ. भवानी सिंह ने एक कुशल प्रशासक और राज्य सेवा तथा पशु चिकित्सक समुदाय के प्रति पूर्णत: समर्पित व्यक्तित्व के रूप में काम किया। डॉ. राठौड़ द्वारा विभाग को दी गई सेवाओं के लिए उन्हें लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

ज्ञात रहे कि डॉ. भवानी सिंह राठौड़ का जन्म बीकानेर जिले में हुआ था। उन्होंने सीकर और बीकानेर जिले में अपनी शिक्षा प्राप्त की। डॉ. राठौड़ ने वर्ष 1989 में बांसवाड़ा जिले के पशु चिकित्सालय तलवाड़ा में प्रभारी अधिकारी के रूप में अपनी सेवा प्रारम्भ की। वर्ष 1996 में सीधी भर्ती से चयनित होकर जिला स्तरीय अधिकारी बने। उन्होंने अतिरिक्त निदेशक उदयपुर, जयपुर, भरतपुर एवं अन्य कई पदों पर रहते हुए विभाग को अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दी हैं। डॉ. राठौड़ भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के सदस्य रहे और पशु चिकित्सा नीति के निर्माण में योगदान भी दिया।

# बंगाली बाबा गणेश मंदिर में पौष बड़ा

**जयपुर** (कासं)। दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव मंगलवार को किया गया। इस मौके परकोटे व जयपुर की कई कॉलोनियों,दिल्ली व आगरा रोड के हजारों भक्तों पौष बड़ा प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान आसपास का क्षेत्र प्रथम पूज्य के जयकारो से गुंजायमान हो उठा।

बंगाली बाबा मंदिर प्रबंध समिति के संरक्षक मुन्ना अग्रवाल, अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व उपाध्यक्ष संजय पतंगवाला ने बताया कि इस मौके पर प्रथम पूज्य भगवान गणेश और स्वयं आत्माराम जलेश्वर महादेव का आकर्षक श्रंगार कर पौष बड़ा प्रसादी का भोग लगाया गया। महामंत्री गजेन्द्र लूनीवाल ने बताया कि दोपहर बाद से ही परकोटे व जयपुर की कॉलोनियों, दिल्ली व आगरा रोड के हजारों भक्त जयकारे लगाते हुए प्रसादी पाने पहुंचे।

## सार-समाचार

### पौने 8 किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़े

**जयपुर ।** जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन ''क्लीन स्वीप'' के तहत मालपुरा गेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर इफ्तेखार आलम एवं तौसिफ आलम को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने पौने आठ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित यह अवैध मादक पदार्थ सुपौल बिहार से लेकर जयपुर शहर में सप्लाई करते है। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध मादक पदार्थ गांजा की अनुमानित कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1.5 लाख रुपये है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने मालपुरा गेट थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय तस्कर इफ्तेखार आलम एवं तौसिफ आलम को गिरफ्तार किया है। दोनों ही आरोपी वीरपुर जिला सुपौल (बिहार) हाल मालपुरा गेट जयपुर के रहने वाले है। जिनके पास से पुलिस ने पौने आठ किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी मादक पदार्थ गांजा को सुपौल बिहार के रहने वाले शाहनवाज आलम से लेकर जयपुर शहर में पैडलरों को देना बताया है।

### डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी

**जयपुर ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय जयपुर पर मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर प्रार्थना सभा आयोजित हुई। प्रार्थना सभा में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के सम्मान में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा शोक प्रस्ताव पारित किया गया व दो मिनट का मौन रखा गया तथा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि प्रदान की गई। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी, डॉ. बी. डी कल्ला, एआईसीसी के बिहार प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश सहित विधायक, सांसद, पूर्व मंत्री, पीसीसी पदाधिकारियों सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेतागण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित रहे।

### द्रव्यवती नदी पुलिया के लिए डायवर्जन

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा टोंक रोड के क्षेत्र को मानसरोवर को जोडने वाली महारानी फार्म पुलिया पर ट्रेफिक आवागमन सुरक्षित एवं सुचारू रखने के लिए नवीन पुलिया का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। पुलिया पर निर्माण कार्य तीव्रगति से किये जाने हेतु 1 जनवरी 2025 से आगामी 6 माह तक आवागमन निषेध रहेगा। पुलिया से आवागमन करने वाले यात्रियों के लिये वैकल्पिक मार्ग दुर्गापुरा की ओर से जाने वाले वाहनों के लिये वैकल्पिक रास्ता रिद्धी-सिद्धी या बी-2 बाईपास से द्रव्यवती नदी पार कर शिप्रा पथ की ओर जा सकेगें। शिप्रा पथ से दुर्गापुरा जाने वाले वाहनों के लिये वैकल्पिक रास्ता रिद्धी-सिद्धी या बी-2 बाईपास रहेगा।

### भागवत कथा समारोह आज से

**जयपुर ।** गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा जयपुर के 26 वें वार्षिकोत्सव पर 108 विशाल श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ का आयोजन बुधवार से 7 जनवरी तक विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे स्थित प्रांगण में किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। मुख्य यजमान मदन मोहन व वरुण सोमानी ने बताया कि इस मौके पर व्यासपीठ से श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण जी महाराज श्रीधाम वृंदावनवाले भक्तों का भक्ति और आस्था की गंगा में डुबकी लगवाएंगे। कथा का शुभारंभ बुधवार को दोपहर 12.30 बजे विद्याधर नगर के षिव मंदिर से 251 महिलाओं की कलषयात्रा से होगा। कलशयात्रा में 251 महिलाएं सिर पर मांगलिक कलष व यजमान व पंडित सिर पर पोथी लेकी चलेंगे। बैंडबाजों के साथ निकलने वाली यह कलष यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कथा स्थल पहुंचेंगी,जहां पर श्रीमद भागवत के पूजन के बाद व्यासपीठ से श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी मृदुल कृष्ण महाराज गणेश आदि देव पूजन के बाद भागवत कथा का महात्म्य सहित अन्य प्रसंगों की कथा सुनाएंगे।

# प्रदेश में लॉजिस्टिक्स हब और नए औद्योगिक नोड्स विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थान की पहचान कर रही राज्य सरकार

## ''राइजिंग राजस्थान'' समिट के एक महीने के भीतर ही राज्य के औद्योगिक विकास को एक नयी दिशा देने की तैयारी

**जयपुर ।** ''राइजिंग राजस्थान'' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के सफल आयोजन के एक महीने के भीतर ही राज्य सरकार राज्य के औद्योगिक विकास को एक नयी दिशा देने में लग गयी है। इसके तहत लॉजिस्टिक्स हब, नए औद्योगिक नोड्स और मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और इसके लिए राज्य के अंदर मौजूद उपयुक्त भूखंडों की पहचान की जा रही है, ताकि ''ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस'' और अच्छा हो सके और निवेशकों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

इसके मद्देनजर, उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको के मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) इंद्रजीत सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने इन परियोजनाओं के लिए रणनीतिक स्थानों की पहचान करने के उद्देश्य से सोमवार को जयपुर के आसपास के औद्योगिक भूखंडों का दौरा किया। इसके तहत, राज्य सरकार के अधिकारियों ने मांडा, फुलेरा (जो वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के पास है) और बिचून औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा किया और लॉजिस्टिक्स हब व औद्योगिक क्षेत्रों के विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए इन क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न भूखंडों की उपयुक्तता का आकलन किया। इसके अलावा, बागावास गांव में लगभग 67 हेक्टेयर भूमि की उपयुक्तता पर भी विचार किया गया। प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए राज्य सरकार लगभग 200-250 हेक्टेयर जमीन चिन्हित करने की तैयारी कर रही है। इसके अलावा, अधिकारियों ने मांडा औद्योगिक क्षेत्र का विस्तार प्रस्तावित लैंड एग्रीगेशन पॉलिसी के तहत करने और बिचून औद्योगिक क्षेत्र के तेजी से विकास पर भी विचार किया।



उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा और रीको के मैनेजिंग डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने वरिष्ठ अधिकारियों की टीम के साथ जयपुर के आसपास के औद्योगिक भूखंडों का निरीक्षण किया।

- जयपुर के आसपास के औद्योगिक भूखंडों, मांडा फुलेरा, बागावास गांव की 67 हैक्टेयर भूमि की उपयुक्तता पर विचार

उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने कहा कि नए लॉजिस्टिक्स पार्क और औद्योगिक क्षेत्रों के निर्माण से कारोबार के परिचालन में आसानी होगी और व्यापार की लागत कम होगी। दौसा-बांदीकुई क्षेत्र (जो दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के निकट है) और मांडा एक्सटेंशन (जो वेस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडोर के निकट है), जो राज्य के दो औद्योगिक क्षेत्र हैं, में विकास और विस्तार की अपार संभावनाएं हैं। बांदीकुई और मांडा औद्योगिक क्षेत्रों में रीको सरकारी जमीन और एकत्रीकरण के जरिए ली गयी निजी जमीनों पर निवेश और लॉजिस्टिक क्षेत्र विकसित करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार व्यापार करने में आसानी बढ़ाने और इन्वेस्टमेंट समिट के समय में हस्ताक्षिरत निवेश प्रस्तावों (एमओयू) को परियोजनाओं में बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

गौरतलब है कि उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों के एक दल ने कुछ ही दिनों पहले मुंबई-दिल्ली एक्सप्रेसवे के नजदीक स्थित दौसा-बांदीकुई औद्योगिक क्षेत्र का भी दौरा किया था, ताकि राज्य में एक नया निवेश क्षेत्र स्थापित करने के उपयुक्त भूखंडों की पहचान की जा सके। उद्योग विभाग और रीको के ये प्रयास 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान किए गए वादों को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, ताकि राजस्थान का औद्योगिक विस्तार और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 दिसंबर को किया था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान 35 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश प्रस्तावों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



## Global Family Day

Each year, Global Family Day comes with opportunities to celebrate the importance of the family unit as a building block for a better tomorrow. Most people wish for world peace and many people are working towards making the planet a better place. And one of the most important ways that less violence and more peace can be experienced in the world may be related to building and strengthening families. The connection between world peace, communities and families is what Global Family Day is all about!



#PARENTING

# Parenting tips to help your child speak up and be heard

Parenting 101: How parents can foster confidence and communication in their kids to speak confidently, handle conflict and stand up for themselves.



In today's era, especially post-pandemic and more so in urban spaces, speech delays and communication gaps among children have been prevalent. There are many reasons for this but the focus here is on how we approach communication and teach kids to speak up. Children learn speaking skills primarily from their peers, caregivers and role models, including parents and siblings. They pick up the tone, word usage and nuances from what they observe around them.



### Societal Expectations and Communication Challenges

- Children are educated about when and how to speak or not to speak.
- From an early age, children are taught to speak softly, respectfully, or are sometimes asked to 'use their inside voice.'
- Often, children are shushed or told to 'keep quiet' when they want to express a point of view, and asked to 'speak up' when they mumble. These mixed signals can confuse children.
- In many societies, the notion that 'the child is best seen and not heard' prevails.
- As a result, children grow up learning to repress their thoughts and feelings, leading to poor communication skills. They may become aggressive, disruptive, shy, or struggle to express themselves emotionally.

According to experts, the best way to deal with all parent-children conflict is to keep all channels of communication open.

### Teaching Assertiveness over Aggression

- Assertiveness is key to helping children speak and become empowered individuals.
- *Aggressive voice*: Shouting, using loud voices and many gestures to be heard.
- *Passive voice*: Avoiding eye contact, mumbling, or fidgeting.
- *Assertive voice*: Clear, calm voice, maintaining eye contact, and staying composed.
- Role models, parents and teachers, can demonstrate assertiveness and practice with children using role-playing.

### Why is it important for Kids to 'Speak Up?'

**Standing Up for What They Believe In:**
- Teaching children to speak up helps them develop a strong moral compass and stand up for what they believe in.

**Developing Communication Skills:**
- Good communication helps children make friends, succeed in their careers, and understand body language and cues.
- Encourage children to order food at a restaurant or interact with the cashier to practice speaking.

**Problem-Solving and Dispute Resolution:**
- Talking things out can resolve conflicts and differences of opinion.

**Emotional Intelligence:**
- Speaking up allows children to understand and cope with difficult situations.
- Regular one-on-one conversations with your child can help them rationalise events and explore ways to handle them.

**Safety and Self-Protection:**
- Children who speak up are more likely to seek help when in unsafe or uncomfortable situations.
- Role-playing can help teach children how to react in such situations.



The tooth temple was refurbished again as it was attacked by the Liberation Tigers of Tamil Eelam (LTTE), very recently in 1998. In early 1998, Sri Lanka was ready to celebrate its 50th independence anniversary from Great Britain. Charles, Prince of Wales, with several foreign dignitaries, were scheduled to arrive in the following days. Kandy City was chosen as the host for such an important event on February 4th. On 25th January 1998, the LTTE exploded a massive truck bomb inside the Temple of the Tooth premises. The attack caused severe damage to the temple, especially to its roof and the facade. But neither its inner chambers nor the tooth relic were harmed. Complete restoration took more than one and a half years to complete. Earlier also, the temple sustained damage from bombing in 1989, but was fully restored, that time also. All damaged sculptures were made new, and damaged paintings on lime plaster were reassembled and reintegrated with the existing pieces.

# GAUTAM BUDDHA'S SACRED TOOTH'S JOURNEY FROM INDIA TO SRI LANKA



One of the prayer buildings in the Shrine Complex.



Temple of the Tooth, Sri Lanka.





Dr. Anubha Jain
*Sr. Journalist, Author*

When Buddhism spread beyond India, Sri Lanka was the first nation it took roots in. Kandy is a large picturesque city in central Sri Lanka. Covered with lush green rainforests and surrounded by mountains, I found the city extremely beautiful, almost mesmerizing. The city is embraced by many tea plantations in and around. It is famed for sacred Buddhist sites, including the Sacred Buddha Tooth Relic Temple. The Buddhist shrine is locally known as the Sri Dalada Maligawa. The temple is spread along the Kandy lake and is located in the Royal Palace Complex of the former Kingdom of Kandy. It was declared a World Heritage site by UNESCO in 1988.

I got the wonderful opportunity to visit the temple. As I entered the hall of the main shrine, I was captivated to see the old wooden architecture. From the hall, two separate staircases go upstairs (from left and right directions), where Buddha's original left upper canine tooth has been preserved. The sacred tooth is conserved in the inner chamber of the upper floor of the two-storied Sri Dalada Maligawa temple. The temple is designed in traditional style, with a decoration of uniquely built 128 lotus gold flowers on the roof. Two large elephant tusks are placed in front of the shrine. The Lotus flower has great significance in Kandy. When I walked to the upper floor, people were offering lotus flowers in front of the sacred tooth chamber, to fulfill their wishes.




Preserved Tooth Relic.


#SACRED



Temple of the Tooth, Sri Lanka.



Elephant Raja stuffed remains.



Elephant tusks outside the Preserved Tooth.

### The Journey of the Tooth

After the *parinirvana* of Gautam Buddha, the body of Buddha was cremated in Uttar Pradesh's Khushinagar district in India. Buddha's left canine tooth was retrieved from the funeral by his disciple, Khema. Khema then gave the tooth to the Kingdom of Kalinga's King Brahmadatte. It became a royal possession and was kept at Dantapuri in Odisha. Thenceforth, the Tooth relic of the Kalinga became an object of great veneration by generations of Kalinga kings. Consequently, several attempts were made to destroy the Relic by the fanatical rulers. Yet, the Tooth relic was miraculously saved every time.

In the 4th Century AD, the last Indian ruler to possess the Tooth relic was Guhasiva of Kalinga. Guhasiva, in order to prevent its possession by his enemies, who made war, sent the tooth to Sri Lanka through his daughter Princess Hemamali and her husband, Prince Dantha. Princess Hemamali carried Gautam Buddha's tooth relic, hidden in her hair, to Sri Lanka. At that time, King Kirti Sri Megavanna was the ruler of Sri Lanka, and as a pious Buddhist, he received the sacred Tooth Relic with great veneration. He built a beautiful palace within the Royal Palace Complex itself, and enshrined the Relic in it. As time went on, the land was threatened with foreign invasions, and the seat of the kingdom shifted from Anuradhapura to Polonnaruwa, and thereafter to Dambadeniya and other cities. With every change of capital, a new palace was built to enshrine the Relic. Finally, it was brought to Kandy, where it is at present, in the Sri Dalada Maligawa temple.



Princess Hemamali and her husband, Prince Dantha. Princess Hemamali carried Gautam Buddha's tooth relic, hidden in her hair, to Sri Lanka.

The tooth temple was refurbished again as it was attacked by the Liberation Tigers of Tamil Eelam (LTTE), very recently in 1998. In early 1998, Sri Lanka was ready to celebrate its 50th independence anniversary from Great Britain. Charles, Prince of Wales, with several foreign dignitaries, were scheduled to arrive in the following days. Kandy City was chosen as the host for such an important event on February 4th. On 25th January 1998, the LTTE exploded a massive truck bomb inside the Temple of the Tooth premises. The attack caused severe damage to the temple, especially to its roof and the facade. But neither its inner chambers nor the tooth relic were harmed. Complete restoration took more than one and a half years to complete. Earlier also, the temple sustained damage from bombing in 1989, but was fully restored, that time also. All damaged sculptures were made new, and damaged paintings on lime plaster were reassembled and reintegrated with the existing pieces.

After every 5 years, through a grand procession of ten days 'Esala Perahera,' the replica of the tooth is brought out for public viewing. With parades of dancers and drummers, the procession is celebrated like a festival to pay homage to the Sacred Tooth. In the procession, a royal male elephant carries the great relic of Sacred Tooth. Since 1990, a casket has been carried instead of the relic, due to fear of robbery. Elephant Raja Maligawa was the sacred casket bearer of the procession for around 50 years. On 20th August 1986, former Sri Lankan President, J.R. Jayewardene declared *Raja* as a national treasure, in recognition of his valuable services to the religion and culture of Sri Lanka. Raja died in July 1988 and his death prompted the government to order a day of national mourning in Sri Lanka. A postage stamp was issued in his memory on 12 December 1989. Raja's stuffed remains are presently kept in a special museum within the Temple premises. The shrine complex is surrounded by a beautiful garden and there are various associated buildings and structures in the temple such as the Royal Palace, Audience Hall, and Mahamaluwa.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



Temple Sacred Tooth Relic, Kandy, Sri Lanka.

#COLOUR OF THE YEAR

# Top Paint Colour picks for the year

The 2025 colours of the year are all about creating a cosy, relaxing atmosphere.



The 2025 colours of the year are already starting to roll in, and we can't get enough of the rich, saturated shades. From a gorgeous jewel-tone blue to a deep, chocolate brown, these colours have been hand-picked by paint experts with the latest design trends in mind.

So far, the 2025 colours of the year are all about creating a cosy, relaxing atmosphere without sacrificing bold saturation. Whether you're looking to update your walls or refresh a tired piece of furniture, allow these gorgeous hues to inspire your next home renovation project.

### Mocha Mousse by Pantone

Pantone's 2025 pick for Colour of the Year is *Pantone 17-1230 Mocha Mousse*, a medium-shade brown, that's both modern and sophisticated. Shades of brown are the design world's hottest neutrals at the moment, so, this rich shade comes as no surprise.

"Sophisticated and lush, yet at the same time an unpretentious classic, Pantone 17-1230 Mocha Mousse extends our perceptions of the browns, from being humble and grounded to embrace aspirational and luxe," said Leatrice Eiseman, Executive Director of the Pantone Colour Institute, in a press release. Resembling the creamy combination of whipped chocolate and coffee, Mocha Mousse can be used as an indulgent shade in a luxurious formal setting, or as a timeless classic in a traditional living space.

### Cinnamon Slate by Benjamin Moore



*Benjamin Moore* opted for a slightly moody, nature-inspired hue for their colour of the year. Cinnamon Slate is a balanced mix of rich plum and smooth chocolate brown that the brand calls 'adaptable, yet distinct.' Cinnamon Slate was chosen because it is captivating on its own, but isn't so bold that it takes over a room. The paint colour is part of the brand's 10-color palette, which features five warm and five cool shades, that can be used in any combination, for a subtle and relaxed pop of colour. "Cinnamon Slate is an inviting hue that offers enduing style and modern sensibility," Andrea Magno, Colour Marketing and Development Director at Benjamin Moore, said in a press release. "Its depth and richness bring an air of approachability and sense of comfort throughout the home, making it a new favourite for years to come."

### Brick Red by Glidden



Another Glidden colour of the year has been selected, but this time, it's all about spray paint. *Brick Red*, a rich and warm shade, that complements Glidden's 2025 colour of the year, Purple Basil, revamps pieces from lamps to vases with a sophisticated pop of red. The brand hopes the hue encourages consumers to embrace the power of colour in their homes, and perhaps, pair it with Purple Basil for a saturated yet harmonious space. "We're empowering consumers with the freedom to choose a bold colour and giving them the tools to complete the look of their room or project," says Ashley McCollum, PPG Colour Expert for Glidden. "Brick Red evokes a rare sense of luxury and sophistication, that easily adapts to both contemporary and traditional homes."

### Encore 8002-45G by Valspar



Blue paint colours reigned in 2024, and it's clear that they're not going anywhere in 2025. Valspar's colour of the year is *Encore*, a rich, saturated jewel tone, that is a sophisticated departure from the vibrant light blue that the brand chose last year. The colour trend experts at Valspar chose this shade for its versatility, the deep blue blends seamlessly with both modern interiors and Old World design styles. "Its atmospheric deep blue tones emulate both the elusive luxury of old world design and the futuristic blending of our physical and digital world, making it a colour that feels familiar and unexpected at the same time," says Sue Kim, Valspar's director of Color Marketing. Make a bold statement by using the paint colour to create a stunning accent wall, or jump on the jewel box bathroom trend.

### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# बोरवेल में फंसी चेतना को नौ दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला गया

## पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बालिका को शीघ्र बाहर निकलवाये जाने की मांग की

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम किरतपुरा की ढाणी बडियाली में एक बोरवेल में फंसी मासूम बालिका चेतना को करीब नौ दिन बाद भी बाहर नहीं निकाला गया है, जिसको लेकर पूर्व विधायक सुभाष चंद शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर बालिका को शीघ्र बाहर निकलवाये जाने की मांग की है।

शर्मा ने पत्र में लिखा है कि नौ दिन बीत जाने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा बालिका को बोरवेल से बाहर नहीं निकाला गया है। पूरे देश में क्या कोई ऐसा सिस्टम या कोई इंजीनियरिंग अभी तक भी उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिससे बालिका को बाहर निकाला जा सके। जिला प्रशासन सरकार की प्राथमिक ईकाई के रुप में कार्य करता है, सबसे पहले जिम्मेदारी जिला प्रशासन की ही बनती थी कि देश में उपलब्ध समस्त संसाधनों में से उपयोगी संसाधनों को तत्काल कोटपूतली लाकर उनका उपयोग कर बालिका को सुरक्षित बोरवेल से बाहर निकाला जाता, लेकिन जिला प्रशासन ने इस रेस्क्यू ऑपरेशन को हल्के में लिया जिसकी जिम्मेदारी से जिला प्रशासन बच नहीं सकता है।


मासूम बालिका चेतना को बोरवेल से निकालने के लिये रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

■ कोटपूतली-बहरोड़ कलक्टर को बदलकर अन्य योग्य अधिकारी को रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सौंपने की मांग

जिला प्रशासन द्वारा जो भी संसाधन अब तक जुटाए गये है उन्हें टुकड़ों में मंगवाया गया है, जिनके कारण संसाधनों को कोटपूतली तक पहुंचने में और उनके उपयोग में देरी हुई जिन संसाधनों का उपयोग शीघ्रातिशीघ्र किया जाना चाहिये था उनके उपयोग में अत्यधिक देरी होने और सटीकता के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने में लापरवाही बरती गई जिसके परिणामस्वरूप बालिका का रेस्क्यू अभियान प्रभावित हुआ जो अभी तक भी सफल नहीं हो पाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कोटपूतली बहरोड जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल को बदलकर अन्य किसी योग्य अधिकारी को रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सौंपकर बालिका को शीघ्र बोरवेल से बाहर निकलवाये जाने की मांग की है।

# चीतल सामने आने से ई-रिक्शा पलटा, एक की मौत, दो घायल

## घायलों को नेशनल पार्क की गाड़ी से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया

**भरतपुर,** (निसं)। केवलादेव नेशनल पार्क घूमकर आ रहे पर्टयकों का ई-रिक्शा पलट गया। घटना में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। वहीं तीन पर्यटक घायल हो गए। सभी को नेशनल पार्क की गाड़ी से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। घटना ई-रिक्शा के आगे दो चीतल आने की वजह से हुई।

प्रशांत और रमनदीप निवासी गुड़गांव ने बताया कि वह दोनों दोस्त हैं। वह नया साल मानाने के लिए भरतपुर आये थे। वे केवलादेव नेशनल पार्क घूमने के लिए गए थे। वह करीब तीन बजे नेशनल पार्क घूम कर लौट रहे थे। एक ई-रिक्शे में प्रशांत, रमनदीप और रमनदीप का बेटा गुरनेख सिंह बैठे थे। दूसरे ई-रिक्शे में रमनदीप की पत्नी परमजीत कौर, प्रशांत की पत्नी मोनिका वर्मा और बेटी शुभांगी बैठे थे। केवलादेव नेशनल पार्क घूम कर लौटते समय प्रशांत, रमनदीप और गुरनेख का ई-रिक्शा नेशनल पार्क के मैन गेट पर पहुंच गया। परमजीत कौर, मोनिका वर्मा और शिवांगी का ई-रिक्शा मैन गेट से करीब 100 मीटर की दूरी पर था। तभी उनके ई-रिक्शा के आगे अचानक दो चीतल आ गए। जैसे ही ई-रिक्शा के चालक साजन सिंह निवासी बी-नारायण गेट ने ई-रिक्शा को रोकने की कोशिश की तभी ई-रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे ई-रिक्शा चालक साजन सिंह दब गया। आसपास घूम रहे पर्यटक तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी को उठाया, जिसके बाद सभी को नेशनल पार्क की गाड़ी से आरबीएम अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ई-रिक्शा चालक को मृत घोषित कर दिया। वहीं परमजीत कौर, मोनिका वर्मा और शिवांगी के मामूली चोटें आई है। सभी को प्राथमिक उपचार दे दिया गया है।


घायल पर्यटकों को अस्पताल में भर्ती कराया।

केवलादेव नेशनल पार्क के डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि पर्टयक जब केवलादेव नेशनल पार्क से घूम कर वापस जा रहे थे तब टूरिस्ट ने बताया कि एक ई-रिक्शा काफी स्पीड में चल रहा था। क्योंकि उसका समय समाप्त हो रहा था। या उसे दूसरे टूरिस्ट के साथ जाना था ऐसा कुछ था। इसकी भी जांच कर रहे हैं। ऐसा था भी या नहीं था। जब वह मैन गेट की तरफ जा रहे तो ई-रिक्शा के सामने से स्पॉटेड डियर ने क्रॉस किया। स्पॉटेड डियर को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा अनियंत्रित हुआ। जिसके बाद रिक्शा पलट गया, जिसमें पर्यटकों के चोट आई है। अस्पताल लाने पर रिक्शा चालक की मौत हो गई। पर्यटकों के मामूली चोट आई है। हम पर्यटकों के साथ हैं। घटना की जांच की जा रही है।

# फुलेरा में कड़ाके की ठण्ड से जनजीवन प्रभावित

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे में पिछले दिन में हुई मावठ के बाद से ही सर्दी के तेवर बदले हुए नजर आ रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ का असर कम होने और ठण्डे इलाकों से आने वाली हवाएं चलने से शीतलहर का असर बन गया है। इसके चलते तापमान में एकदम गिरावट आने से हाड़ कंपाने वाली सर्द हवाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है।

मंगलवार को प्रात: क्षेत्र में घास व पेड़ पौधों पर हल्की-हल्की बर्फ़ जमी हुई देखने को मिली। इसी क्रम में दोपहर में हल्की धूप निकलने के बाद थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन धूप भी ठण्डी हवाओं का असर कम नहीं कर पाई। सब्जी मण्डी से आए किसानों ने बताया कि फसलों के लिए तापमान उपयुक्त बना हुआ है। यह मौसम रबि की फसलों के अनुकूल बना हुआ है।

■ प्रातः क्षेत्र में घास व पेड़ पौधों पर हल्की-हल्की बर्फ़ जमी

वहीं आगे बताया कि पिछले दिनों क्षेत्र में हुई मावठ ने फसलों में अमृत का काम किया है। इसके साथ ही आगे बताया कि कोहरा व ओस पड़ने से फसलों में नमी बनी रहती है, जो कि फसलों की ग्रोथ के लिए अच्छी मानी जाती है। तो वहीं गिरता पारा लोगों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। स्वास्थ्य पर विपरित असर डालने वाला है। इसके क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गौवंश का जीवन तो भगवान भरोसे चल रहा है।

## किसान की मौत

**बौंली-बामनवास,** (निसं)। मित्रपुरा थाना अंतर्गत गोठड़ा गांव के खेत पर एक किसान रात्रि को फसल की रखवाली करने गया था। संभवतया: अत्यधिक ठंड लगने के कारण किसान की मौत हो गई। मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि गोठड़ा गांव में किसान जगदीश रैगर अपने खेत पर रात्रि को फसल की रखवाली करने गया था तो परिजन करीब प्रात: पांच बजे जब खेत पर पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में मिला।

## बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। शहर में मंगलवार सुबह दस बजे तक भी घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के साथ बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी, जिससे लोगों की धूजणी छूट गई।

कोहरे से विजिबिलिटी 15 मीटर से भी कम होने के चलते सुबह वाहन चालकों को परेशानी हुई। सुबह दस बजे तक शहर कोहरे की सफेद चादर में लिपटा नजर आया। लोग सर्द हवा चलने से ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने अगले दो दिन प्रदेश के अधिकांश इलाकों में हाड़कंपाने वाली सर्दी का दौर जारी रहने का अलर्ट जारी किया है।

शहर में पिछले सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ के असर के कारण बादलों की आवाजाही रही, जिससे गलन कम महसूस हुई। बादल छंटते ही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी, बर्फीली हवाओं के चलते कोहरा छा गया। सुबह भी कोहरा छाए रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग अल सुबह से अलाव तापते नजर आए।

## ख्वाजा गरीब नवाज की मजार से संदल उतारा

**अजमेर,** (कासं)। विश्व विख्यात सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुदीन हसन चिश्ती के 813वें सालाना उर्स से ठीक पहले दरगाह में संदल उतारे जाने की रस्म अदा की गई। मंगलवार देर रात दरगाह में खिदमत के खिदमतगार खादिमों ने ख्वाजा गरीब नवाज की मजार से संदल उतारा। इस संदल को आम जायरीन में तकसीम किया गया। मान्यता है कि मजार से उतारा गया संदल में रूहानियत होती है, जिससे बीमारियों से निजात मिलती है। दरगाह खादिम कुतुबुदीन सखी ने बताया कि ख्वाजा गरीब नवाज का उर्स रजब का चांद दिखने के साथ ही 1 या 2 जनवरी से शुरू हो होगा। चांद दिखाई देता है तो उर्स बुधवार से शुरू हो जाएगा, यदि चांद दिखाई नहीं दिखता है तो उर्स का 2 जनवरी गुरुवार से धार्मिक उर्स की शुरुआत होगी। उर्स से ठीक मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज की मजार से संदल (चंदन) उतारने की रस्म निभाई गई। दरगाह के खादिमों ने खिदमत के वक्त आस्ताने में मजार से संदल उतारा। दरगाह खादिम सैयद फजले अमीन चिश्ती ने बताया कि दूर-दूराज से जायरीन मजार शरीफ से उतारे गए चंदन को लेने के लिए आते हैं। चिश्ती ने बताया कि दरगाह में सालभर दिन के समय खिदमत के वक्त मिट्टी के प्यालों में चंदन भरकर मजार पर पेश किया जाता है।

# सेवानिवृत्ति पर पुत्र ने पिता के रिटायमेंट ऑर्डर पर हस्ताक्षर किये

**नोखा,** (निसं)। शिक्षा विभाग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंधड़ा (पांचू) में अपनी तरह का एक अद्भुत संयोग देखने को मिला, जहां एक बेटे ने अपने पिता के सेवानिवृत्त कार्यमुक्ति आदेश पर हस्ताक्षर किए। स्थानीय विद्यालय के शिक्षक जोगाराम जाट जो कि मंगलवार को अपनी 39 वर्ष 2 माह 20 दिन की गौरवशाली सरकारी सेवापूर्ण कर अध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए इनके सेवानिवृत्त कार्यमुक्त आदेश पर उनके पुत्र श्यामसुंदर चौधरी ने हस्ताक्षर किए जो कि इस विद्यालय में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत है। पिता व पुत्र दोनों इस विद्यालय में जून 2016 से एक साथ कार्यरत है।

■ पिता व पुत्र दोनों रा. उ. मा. विद्यालय बंधड़ा (पांचू) में जून 2016 से एक साथ कार्यरत है

पिता-पुत्र की इस जोड़ी ने पिछले 8 सालों में विद्यालय की भौतिक, शैक्षिक विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वागिंण विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस दौरान इनके पुत्र श्यामसुंदर चौधरी वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से भी पुरस्कृत हुए। शिक्षक जोगाराम जाट ने अपनी सेवा अवधि के दौरान आकस्मिक अवकाश के अलावा किसी तरह के अन्य अवकाश (मेडिकल, उपार्जित) का उपभोग नहीं किया। इनके पढ़ाये हुए अनेकों विद्यार्थी राज्य एवं देश के विभिन्न विभागों में राजकीय सेवा में चयनित होकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

जाट अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिला एवं उपखंड स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। जाट हमेशा ही समय की पाबंदी, अनुशासन प्रिय एवं कर्तव्यनिष्ठा की मिशाल रहे है। इन्होंने सेवानिवृत्ति पर अपने सेवानिवृत्ति परिलाभ से अपनी सेवाकालीन विद्यालयों राउमावि बंधड़ा में 31 हजार, राउमावि केड़ली में 11 हजार एवं राप्रावि देवानाडा केड़ली में 51 सौ का विद्यालयों के भौतिक विकास हेतु आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इनके सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में संस्था प्रधान श्याम सुंदर चौधरी, ग्राम पंचायत बंधड़ा के सरपंच प्रतिनिधि श्रवण राम सियाग, समस्त शाला स्टाफ व ग्रामीण जन उपस्थित रहे। विद्यालय विकास में आर्थिक सहयोग प्रदान की घोषणा हेतु श्रवण राम सियाग ने शिक्षक का आभार प्रकट किया।

## मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मोहनगढ़ का दौरा किया

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को जिले की उप तहसील मोहनगढ़ स्थित सुथार मण्डी के 27 बीडी क्षेत्र में किसान विक्रमसिंह के खेत में बोरवेल की खुदाई के दौरान अचानक अनियंत्रित पानी एवं गैस निकलने से आपदा की स्थिति का अवलोकन किया एवं वास्तविक स्थिति देखी।

इस दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, समाजसेवी चन्द्रप्रकाश शारदा भी साथ थे। जलदाय मंत्री ने कहा कि बोरवेल खुदाई के दौरान अचानक प्रेशर के साथ निकले पानी व गैस की जांच भी कराई जाएगी एवं इसके कारणों का पता लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने भी मुस्तैदी के साथ उचित कार्यवाही की है। उन्होंने कहा कि किसान विक्रमसिंह के इस आपदा के कारण खेत पर हुए नुकसान का भी आंकलन कराया जाएगा एवं सहयोग भी दिया जाएगा।

# घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरुपयोग पर कार्रवाई

**बीकानेर,** (निसं)। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के अवैध दुरुपयोग, रिफिलिंग तथा अवैध भंडारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को रसद विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर की गई कार्रवाई में 44 घरेलू सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और रिफिलिंग मशीन जब्त की गई।

जिला रसद अधिकारी (प्रथम) वीरेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि विभाग की टीम द्वारा बीकानेर शहर में नत्थूसर गेट स्थित नेहरू नगर में गणेश रेस्टोरेंट पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 29 सिलेंडर तथा 2-2 इलेक्ट्रिक कांटे तथा रिफिलिंग मशीन जब्त कर पेडीवाल इंडेन गैस एजेंसी को सौंपकर सुरक्षित रखने के लिए पाबंद किया गया। इस कार्रवाई में 29 घरेलू सिलेंडरों का अवैध भंडारण और रिफिलिंग एलपीजी अधिनियम 2000 का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने के कारण जब्त कर संबंधित के विरुद्ध आगे की नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं विभाग के दल द्वारा आडूपीर दरगाह के पास पशु चिकित्सालय के पीछे बलदेव छींपा पुत्र गोपाल के यहां की गई कार्रवाई में आठ घरेलू सिलेंडर एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा तथा एक गैस रिफिलिंग मशीन जब्त की गई। इसी प्रकार चौधरी कॉलोनी नया बस स्टैंड के पास घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दुरुपयोग की सूचना पर शुभम सारस्वत के यहां की गई कार्रवाई में सात घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए, साथ ही एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और रिफिलिंग मशीन भी जब्त किए गए हैं। जब्त की गई सामग्री को अनूप भारत गैस एजेंसी, रानी बाजार के गोदाम में सुरक्षित रखने के लिए पाबंद किया गया और संबंधित के विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद पेश किया जाएगा।

जिला रसद अधिकारी ने आमजन से घरेलू गैस सिलेंडरों का कहीं भी दुरुपयोग पाए जाने पर दूरभाष पर सूचना देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि अगले दिनों में विभाग द्वारा इस संबंध में और सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी जयसिंह, राहुल गुलाटी, दीपक पूनिया आदि शामिल थे।

## कोहरे से पलटे ट्रक में आग लगी

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के श्रीडूंगरगढ़ में मंगलवार सुबह कोहरे के कारण एक ट्रक में आग लग गई। आग से ट्रक के आगे का हिस्सा जलकर राख हो गया। वहीं पीछे के हिस्से को फायर ब्रिगेड की टीम ने बचा लिया। ट्रक में ग्रीट भरी थी, ऐसे में पीछे ज्यादा आग नहीं लगी। सेरुणा पुलिस थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद श्रीडूंगरगढ़ और बीकानेर शहर से दमकल मौके पर पहुंची।

सेरुणा थाना क्षेत्र के गांव झंझेऊ के निकट नेशनल हाईवे पर ये ट्रक बेकाबू होकर पलट गया था। ट्रक पलटने से उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि ट्रक ड्राइवर तुरंत ट्रक से निकल कर भाग गया। वो भी आग की चपेट में आ सकता था लेकिन उसने अपनी जान बचा ली। ट्रक का इंजन व केबिन जलकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। घटना की सूचना तुरंत फायर ब्रिगेड और सेरुणा पुलिस को दी गई। जिसके बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर श्रीडूंगरगढ़ नगरपालिका की दमकल मौके पर पहुंची। फायर मैन विक्रम सिंह व ड्राइवर शंकरलाल ने आग पर काबू पाया।

# पाक व्यापारी से सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ की

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पाकिस्तान के लाहौर से श्रीगंगानगर में गाजर के खेत देखने आए लाहौर के एक बीज व्यापारी से सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ की। करीब दो घंटे पूछताछ के बाद जब व्यापारी ने सभी डॉक्यूमेंट पेश किए और पासपोर्ट वीजा दिखाया तो सुरक्षा एजेंसियां संतुष्ट हुई और व्यापारी को छोड़ा। व्यापारी पाकिस्तान के लाहौर का रहने वाला है और वहां उसका बीजों का बिजनेस है। वह पूरी प्रक्रिया पूरी करने के बाद अटारी बॉर्डर से भारत में आया था।

■ पासपोर्ट, वीजा और व्यापार से जुड़े दस्तावेज मिले तो व्यापारी को छोड़ा


मिली जानकारी के अनुसार लाहौर के रहने वाले अमीन भाटी का लाहौर में बीजों का कारोबार है। वह अटारी बॉर्डर से होते हुए भारत आया और पटियाला में अपने रिश्तेदार और बीज कारोबारी मोहम्मद अनवर रिजवान के यहां ठहर गया। वह वहां से श्रीगंगानगर के गांव 36 एलएनपी पहुंचा।

यहां उन्हें खेत में बीज का डेमो स्टेशन देखना था। जिला मजिस्ट्रेट के नेशनल हाईवे के पश्चिम की तरफ विदेशी नागरिकों का जाना प्रतिबंधित है। ऐसे में जब भाटी इस तरफ बढ़े तो सुरक्षा एजेंसियों ने उनके बारे में जानकारी जुटाई। असल में भाटी यहां सूरतगढ़ रोड पर एक होटल में ठहरा था। इस होटल में चेक इन के समय जब भाटी ने सी फार्म भरा जो कि विदेशी नागरिकों के लिए जरूरी है तो वह सुरक्षा एजेंसियों की जांच के दायरे में आ गया। इस पर एजेंसियां उन्हें अपने साथ ले गई, लेकिन दो घंटे की जांच क बाद जब उन्होंने अपने बिजनेस टूर पर होने की जानकारी दी और पासपोर्ट वीजा होने की जानकारी दी तो एजेंसियों ने उन्हें छोड़ दिया।

# बैंक से दो लाख का गबन, फरार आरोपी गिरफ्तार

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा पुलिस ने इण्डसइंड बैंक से दो लाख रुपये का गबन करने के मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया है कि स्थानीय थाने पर 21 नवम्बर को परिवादी विकास कुमार पुत्र बाबूलाल निवासी आलिसर थाना क्षेत्र गोविन्दगढ़, हाल ब्रांच मैनेजर इण्डसइंड बैंक फुलेरा ने एक रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि हमारी ब्रांच में कार्यरत कर्मचारी कृष्ण कुमार पुत्र राज बहादुर निवासी कुम्हेरी थाना सेपऊं जिला धौलपुर, जिसका कार्य फिल्ड में सदस्यों से किश्तों के रुप में पैसे लेना और ब्रांच में जमा करवाना था, परंतु कृष्ण कुमार ने फिल्ड में सदस्यों से करीब दो लाख रुपये रिकवर तो कर लिये परन्तु बैंक में जमा नहीं करवाकर उक्त रुपयों को हड़प कर गबन कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया।


पुलिस ने गबन के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया।

फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि थाने पर मामला दर्ज होने के उपरान्त ही आरोपी कृष्ण कुमार अपने घर से फरार हो गया था। साथ ही अपना मोबाइल फोन भी बंद कर रखा था। इसके चलते पुलिस के उच्च अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित कर गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता सहायता से उक्त मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे आरोपी कृष्ण कुमार पुत्र राजबहादुर जाटव निवासी बड़ी जाटव बस्ती कुम्हेरी थाना सेपऊं जिला धौलपुर को दस्तयाब कर अनुसंधान किया, इसके बाद 30 दिसम्बर को गिरफ्तार किया।

# राज्यपाल ने परिवार सहित रणथम्भौर टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया

**सवाई माधोपुर,** (निसं)। प्रदेश के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने मंगलवार परिवार सहित रणथम्भौर टाइगर रिजर्व का भ्रमण कर जोन नंबर चार में बाघिन रिद्धी व उसके शावकों की अठखेलियां देखी और अन्य वन्यजीवों को प्राकृतिक रूप से विचरण करते हुए देखकर आनंदित हुए।

इस दौरान वन विभाग के चीफ कंजर्वेटर ऑफ फोरेस्ट (सीसीएफ) अनूप के.आर. और उप वन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक प्रथम रामानंद भाकर ने राज्यपाल को रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में पर्यटन, वन्य जीवों की स्थिति तथा उनकी देखभाल, वन्य जीवों की सुरक्षा के लिये किये जा रहे प्रयास, यहां चल रही विभागीय गतिविधियों, जोगी महल के इतिहास और स्थापत्य के सम्बंध में जानकारी दी। इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, एस.डी.एम. चौथ का बरवाड़ा दामोदर सिंह, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरिसिंह मीणा, सीएमएचओ डॉ. धर्मसिंह मीणा, अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग भगवान सहाय मीणा, उप निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता गौरी शंकर मीणा, जिला रसद अधिकारी बनवारी लाल शर्मा, उप निदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

■ बाघों की अठखेलियां देख आनंदित हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े


राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने सपरिवार रणथम्भौर टाइगर रिजर्व का भ्रमण किया।

# जिला स्तरीय बैंकिंग सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

**कोटपूतली ।** जिला स्तरीय बैंकिंग सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक मंगलवार को एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। एडीएम ने विभिन्न सरकारी योजनाओं में वित्तीय वर्ष 2024-25 सितंबर तिमाही की प्रगति पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले के बैंकिंग विकास के आधारभूत आंकड़ों, ऋण जमा अनुपात की स्थिति, जिले की वार्षिक साख योजना की सितंबर तिमाही 2024 की प्रगति की रिपोर्ट लेते हुये निर्देश दिये। उन्होंने बैंकिंग सेवा में डिजिटल के उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये।

साथ ही डिजिटल लेनदेन मे फ्रॉड एवं धोखाधड़ी से सतर्क रहने के लिये ग्राहकों को जागरूक करने पर बल दिया एवं इस तरह के मामलों मे बैंकों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं एवं बैंकों में लम्बित आवेदनों का योजनाबद्ध तरिके से समयबद्धता के साथ निस्तारण करने



अधिकारियों की बैठक लेते एडीएम ओमप्रकाश सहारण ।

के लिये निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कहा की इस हेतु शिविरों का आयोजन कर आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जायें।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग से संबंधित योजनाओं में पीएम जीवन ज्योति योजना, पीएम सामाजिक सुरक्षा योजना, पीएम जनधन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सोलर लाइट योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना एवं मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना सहित अन्य सम्बंधित योजनाओं में अच्छा कार्य कर आम लोगों के मानदंडों अनुसार अच्छा प्रदर्शन करें, ताकि इन योजनाओं से लाभान्वित होने से शेष रहे आमजन को संतृप्त कर संतृतिकरण का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। एडीएम ने समस्त बैंकों के जिला समन्वयक को वार्षिक साख योजना के महत्व को समझाते हुये सरकारी योजना के प्रकरणों को समय सीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों पर माइको प्लानिंग करने के भी निर्देश दिये।

अग्रणी जिला प्रबन्धक मुकेश गुर्जर ने बताया कि इसमें जिले की वार्षिक साख योजना अनुसार प्राथमिक क्षेत्र में कृषि क्षेत्र के रूपये 5271 करोड़, उद्योग क्षेत्र के रूपये

- **बैंको में लंबित आवेदनों का योजनाबद्ध तरीके से निस्तारण करने के दिये निर्देश**

1902 करोड़ एवं अन्य क्षेत्र के 435 करोड़ कुल रूपये 5706 करोड़ के लक्ष्य बैंकों को प्रदान किये है। जिसमें सितंबर तिमाही तक कुल प्रगति 3389 करोड़ रही जो कि वार्षिक लक्ष्य का 59.39 प्रतिशत है। इस दौरान अग्रणी जिला अधिकारी रिजर्व बैंक अक्षय गुंबर, क्षेत्रिय प्रबंधक बीआरकेजीबी एम. एल. कुलदीप, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड मीनाक्षी मीणा, जिला उद्योग केंद्र भिवाड़ी महाप्रबंधक सरजीत खोरिया, पार्षद प्रेम देवी, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुपालन विभाग, राजीविका बीपीएम नीमराना, पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र निदेशक अभिषेक मिश्रा, अग्रणी बैंक कार्यालय से रणजीत यादव समेत अन्य जिला समन्वयक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन

**कोटपूतली।** कस्बे के पुरानी नगरपालिका तिराहा पर मंगलवार को व्यापार मंडल द्वारा पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ के बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जी महाराज के भोग लगाकर पौषबड़ा प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष होशियार कसाना, उपाध्यक्ष रूपसिंह शेखावत, अभिषेक बंसल, जितेन्द्र जोशी, आशु गुप्ता, अशोक गुप्ता, कुलदीप जोशी, पप्पू सैनी, संतोष किताब वाला, पदम बंसल, डिंपल बंसल, दिलीप, सुशील शरण व सोनू सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का शुभारंभ

**टोंक।** मुख्यमंत्री की बजट घोषणा 2024-25 के अनुसार महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 31 दिसम्बर को विकास सांगवान, पुलिस अधीक्षक, जिला टोंक व गीता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, महिला अपराध अनुसंधान सैल टोंक द्वारा कालिका यूनिट व महिला शक्ति वाहिनी को टोंक, मालपुरा, देवली व निवाई के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह यूनिट जिले के स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, मॉल्स, पार्कों, बसों और अन्य भीड-भाड वाले स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं के साथ होने वाली छेडछाड, छींटाकशी, चौन स्केचिंग जैसी अप्रिय घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए काम करेगी। इस क्रम में जिले में पूर्व से ही महिला शक्ति वाहिनी कार्यरत है, इस यूनिट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित महसूस कराना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करना है।

### पत्थरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**बौंली-बामनवास।** सवाई माधोपुर उपवन संरक्षक श्रवण कुमार रेड्डी एवं क्षेत्रीय वन अधिकारी बौंली रेंज कविता बाई जाट के निर्देशन में वनपाल भूपेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में गठित टीम ने वन क्षेत्र भूमि से अवैध खनन कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर मय ट्राली चेजा पत्थरों से भरी हुई को जब्त किया है। फॉरेस्टर भूपेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गूगडौद वन क्षेत्र से अवैध खनन व परिवहन की सूचना पर गठित टीम द्वारा बपूई से गूगडौद सड़क मार्ग पर ट्रैक्टर को रोककर चालक सुरेश मीणा निवासी खेड़ा से पत्थर परिवहन से संबंधित कागजात मांगे गए लेकिन चालक द्वारा कागजात पेश नहीं करने पर ट्रैक्टर मय ट्राली चेजा पत्थर से भरी हुई को वन विभाग ने कब्जे में ले लिया। गठित टीम में हीरालाल गुर्जर वनरक्षक, प्रहलाद सिंह, घनश्याम शर्मा टेक्नीशियन अशोक गुर्जर व मनोज शर्मा वनमित्र मौजूद थे।

### दो ट्रक जप्त व चालक गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध बजरी खनन/परीवहन की रोकथाम के तहत कार्यवाही करते हुए अरविन्द कुमार वृताधिकारी पीपलू एवं बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की गठित टीम द्वारा दौराने गश्त व नाकाबंदी थाना बरोनी के सामने से अवैध बजरी से भरे हुये दो ट्रक (लक्कडबॉडी) जिसमें लगभग 50-50 टन अवैध बजरी भरी हुई को जप्त किया जाकर चालकों को गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में गिरफ्तार चालाक रमेश पुत्र लक्ष्मीनारायण जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी जूनिया थाना घाड व मनीष पुत्र गंगाधर जाति गुर्जर उम्र 29 साल निवासी जूनिया थाना घाड जिला टोंक के खिलाफ बीएनएस व एमएमडीआर एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान जारी है।

### गर्म कपड़ों का वितरण 2 को

**कोटपूतली।** किस्तूरी देवी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में भरण -पोषणम् कार्यक्रम के तहत बुधवार 01 जनवरी को डाबला रोड़ स्थित मित्तल स्माईल केयर पर जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का वितरण किया जायेगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द मित्तल ने दी।

### जरूमतमंदो को कंबल वितरण किये

**टोंक।** सिकोईडिकोंन संस्था द्वारा टोंक मे पोवेलियन मैदान, बहिर एवं विभिन्न स्थानों पर कंबल वितरण का आयोजन कर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए।

## हरिवंश पुराण कथा का शुभारंभ

**निवाई ।** शहर के आराध्य भगवान चारभुजा नाथ मंदिर के सत्संग भवन में हरिवंश पुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पं. ब्रह्मानंद पाराशर ने कथा प्रवचन में बताया कि हरिवंश पुराण हिन्दू धर्म के 18 महापुराणों में से एक है। यह पुराण भगवान विष्णु के जीवन और कार्यों के बारे में है। इसमें भगवान विष्णु के कृष्ण के रूप में जन्म की कहानी, कंस द्वारा देवकी के बेटों का वध, कृष्ण का बचपन, ब्रज यात्रा, धेनुकासुर वध, और गोवर्धन उत्सव जैसे कई विषयों का वर्णन है। हरिवंश पुराण में कई राजाओं और ऋषियों की वंशावली भी है। साथ ही इसमें भगवान ब्रह्मा, भगवान शिव और अन्य देवी-देवताओं की कहानियां भी हैं। हरिवंश पुराण में करीब 16 हजार श्लोक या छंद हैं और इसे तीन मुख्य भागों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि यह तीन भाग हरिवंश पर्व, विष्णु पर्व व भविष्य पर्व हैं। समाप्ति पर भगवान की व हरिवंश कथा पुराण की सामुहिक आरती की गई। कथा की दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। श्रद्धालु चारभुजा नाथ मंदिर की पुजारी बनवारीलाल पाराशर ने बताया कि रविवार से हरिवंश कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का समापन 14 जनवरी मकर संक्रांति को किया जाएगा।

# पैंथर को रेस्क्यू कर सरिस्का जंगल में छोड़ा

**अलवर।** शहर के आर आर कॉलेज के जंगल में करीब एक माह से विचरण कर लोगों में दहशत बनाए पैंथर मंगलवार सुबह जनाना हॉस्पिटल के पास आबादी बस्ती में घुस आया और सड़क पर लोगों के बीच से निकाला तो लोग दहशत में आ गए और सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सहित बड़ी संख्या में पुलिस ने पहुंचकर कंपनी बाग के चारों तरफ के रास्तों पर ट्रैफिक को रोक दिया और करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद पैंथर को रेस्क्यू कर सरिस्का के जंगल में छोड़ा गया।

सुबह करीब 8:00 बजे इस बात का पता चला कि एक पैंथर अलवर की जनाना हॉस्पिटल के समीप आबादी बस्ती में आ गया है और इसके बाद सरिस्का की टीम मौके पर पहुंची तो भीड़ को देखकर वह पैंथर एक रामगंज स्थित एक खाली बड़े प्लॉट में घुस गया चारों तरफ लोगों की आबादी होने के कारण उसको रेस्क्यू करने में परेशानी हो रही थी लेकिन रेस्क्यू टीम भी मौके पर थी उसे पकड़ने की तैयारी कर रही थी इस दौरान वह पैंथर वहां से वहां से निकल गया और आबादी से घूमता

- **अलवर के आर आर कॉलेज में करीब एक माह से विचरण कर पैंथर बनाए हुए था लोगों में दहशत**

करता वह अलवर शहर के मध्य स्थित करीब 500 मीटर दूर कंपनी बाग पहुंच गया। कंपनी बाग में उसको रेस्क्यू करने के प्रयास किए गए और यहां सबसे सुखद बात यह रही की आधे घंटे में ही कंपनी बाग में इस का रेस्क्यू कर लिया गया। रेस्क्यू टीम डॉक्टर दीनदयाल मीणा के नेतृत्व में इसको घेराबंदी करती रही यह झाड़ियां के बीच बैठा हुआ था और इसको पहले डॉट लगाकर ट्रेंकुलाइज किया गया ।

कंपनी बाग के चारों तरफ आवागमन का रास्ता है और भीड़ भी बहुत ज्यादा थी वाहनों की आवाजों के चलते बड़ी परेशानी महसूस हो रही थी तो अलवर शहर कोतवाली थाना पुलिस प्रभारी नरेश शर्मा शिवाजी पार्क थाना प्रभारी राजपाल सिंह और एन ई बी थाना प्रभारी दिनेश मीणा डीएसपी शहर अंगद शर्मा सहित पुलिस लाइन से करीब 100 के आसपास का जाप्ता मौके पर पहुंचा और उन्होंने ट्रैफिक को बंद किया और चारों तरफ के आवागमन पूरी तरह बंद हो गया।

राहगीरों की आवाजाही बंद कर दी जिससे रेस्क्यू करने में ज्यादा आसानी हुई अब बात यह है कि करीब एक महीने से आर आर कॉलेज में रह रहे पैंथर यही है या दूसरा है। इस संबंध में क्षेत्रीय वन निदेशक सरिस्का संग्राम सिंह कटियार ने बताया कि अभी कॉलेज में कैमरा ट्रेप लगे रहेंगे और उसी से पता चलेगा कि यह पैंथर वही है या दूसरा है फिर भी 99 फीसदी यह माना जा रहा है कि यह आर आर कॉलेज में रह रहा ही पैंथर है और इसकी उम्र करीब 5 साल है जो सिम्टम्स उस पैंथर में दिखाई दिए इधर पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर तेजपाल सिंह ने बताया कि जैसे ही शहर में पैंथर की सूचना मिली पूरा ट्रैफिक को रोका गया और 100 पुलिस कर्मियों का जप्ता कंपनी बाग के चारों तरफ लगाया गया। वाहनों का आवागमन बंद किया गया और सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।

## शिविर में 604 मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम चिमनपुरा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मंगलवार को नोडल अधिकारी बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, आरसीएचओ डॉ. अरविन्द अग्रवाल व बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने निरीक्षण कर आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में 2126 जनसहभागियों की उपस्थिति एवं 604 मरीजों की ओपीडी रही। मरीजों को विषय विशेषज्ञों द्वारा दन्त रोग, नेत्र रोग, मेडिसन आदि सेवायें दी गई। बीपीएम विजय तिवाड़ी ने बताया कि शिविर में गर्भवती महिलाओं की जांच, बच्चों का टीकाकरण, असंक्रामक रोग यथा डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कॉमन कैंसर, टीबी, अंधता रोगी की स्क्रीनिंग, ईसीजी सहित 37 प्रकार की निरूशुल्क जांच कर उपचार किया गया। साथ ही आमजन की आभा आई.डी. एवं बकाया ई-केवाईसी की गई। आरबीएसके टीम द्वारा छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग कर उपचार किया गया। जिनका निरन्तर फॉलोअप किया जावेगा।

## मंत्रालयिक कर्मचारियों ने उपखंड अधिकारी हरसोलिया को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**निवाई ।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ब्लॉक निवाई के पदाधिकारियों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपकर मंत्रालयिक निदेशालय के गठन का विरोध किया है। ज्ञापन में बताया कि राजस्व मंडल राजस्थान एवं इसके अधिनस्त प्रशासनिक कार्यालयों को निदेशालय के अधीन लाए जाने से भारी

- **मांग नहीं मानने पर होगा आंदोलन**

विसंगति उत्पन्न होगी तथा उक्त न्यायालयों का न्यायिक कार्य पूर्णत: बाधित हो जाएगा।

साथा ही राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अंतर्गत गठित राजस्व मंडल राजस्थान का अस्तित्व



निवाई उपखंड अधिकारी हरसोलिया को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मंत्रालयिक कर्मचारी।

समाप्त हो जाएगा। इसलिए मंत्रालयिक कर्मचारियों को पृथक से निदेशालयों की आवश्यकता नहीं है। ज्ञापन में मांग नहीं मानने पर समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा कार्यो का बहिष्कार किया जाएगा। और संघ द्वारा मजबूरन आंदोलनात्मक कार्यवाही की जाएगी। ज्ञापन देने वालो में रमेशचन्द माली, लखनकुमार बैरवा कन्हैयालाल बैरवा, नरेश मीणा, अनूपसिंह राठौड़, रामकिशन वर्मा, कमलकुमार राव, जितेंद्र माथुर, सुरेश गुप्ता, अजय चौधरी, कपिल शर्मा सहित कई मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद थे।

## सांभर से अजमेर के लिए रोडवेज बसों का नहीं हुआ संचालन

**सांभरझील, (निसं)।** कोरोना काल के समय संक्रमण वायरस को ध्यान में रखते हुए सरकार के सख्त निर्देश पर सांभर से अजमेर और अजमेर से सांभर रोडवेज बसों का ठहराव ऐसा बंद हुआ कि कोरोना काल के खत्म होने के बाद भी सरकार दोबारा से इन बसों के संचालन के आदेश जारी करना ही भूल गई है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के समय यहां भाजपा के विधायक रहने के दौरान और अब भाजपा की सरकार में कांग्रेस के विधायक दोनों से ही जनता की उम्मीद आज तक पूरी नहीं हो सकी है। भाजपा के विधायक की कांग्रेस सरकार में सुनी नहीं गई और अब भाजपा सरकार में कांग्रेस की विधायक की चल नहीं रही है, तो फिर अब आम जनता आखिर किससे उम्मीद करे की सांभर से अजमेर व अजमेर से सांभर आने जाने के लिए उन्हें सुरक्षित साधन वापस मिल सके। जनता इन विधायकों से अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है ।चुने हुए

- **श्रीमाधोपुर-अजमेर वाया सांभर चलती है मात्र एक बस**

जनप्रतिनिधियों की नजर में भले ही यह समस्याएं छोटी नजर आती हो लेकिन गरीब आम जनता के लिए यह कितनी पीड़ादायक है उनसे ज्यादा और बेहतर कौन बता सकता है। दोनों दलों के नेता यदि सरकार से रोडवेज की बसें ठहरवाने में भी उनकी नहीं चलती है तो फिर ये नेता किस काम के हैं। बता दें कि सांभर से कोरोना काल से पहले सुबह 7:15 बजे, 8:30 बजे और 9:30 बजे रोडवेज की तीन बसों का संचालन होता था लेकिन अब अजमेर जाने के लिए केवल सुबह करीब 10:05 बजे रोडवेज की श्रीमाधोपुर डिपो की एक बस जाती है और वही बस अजमेर से करीब 1:30 बजे के आसपास रवाना होकर वाया सांभर श्रीमाधोपुर जाती है।

# सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं मुख्यमंत्री के निजी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**पावटा ।** विराटनगर बचाओ संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा के सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं मुख्यमंत्री के निजी सचिव से मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात कर विराटनगर क्षेत्र को

- **विराटनगर को जयपुर जिले में यथावत रखने की मांग को लेकर**

जयपुर जिले में यथावत रखने की पुरजोर मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर बाबूलाल जाट, समिति सदस्य जगदीश यादव, भोमराज चेची ने बताया कांग्रेस शासन के दौरान विराटनगर क्षेत्रवासियों ने क्षेत्र को



विराटनगर क्षेत्र को जयपुर जिले में यथावत रखने की पुरजोर मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जयपुर जिले में रखने की मांग को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी थी और उपखंड मुख्यालय पर 73 दिनों तक लगातार धरना प्रदर्शन किया था।

वही पवन शर्मा जवानपुरा, अशोक जैन और पूर्व सरपंच संतोष मोदी ने कहा क्षेत्र की आम जनता से भाजपा का यह वादा था राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर विराटनगर को पुन: जयपुर जिले में जोड़ा जाएगा तीन महीने लगातार संघर्ष किया गया और मेड़ कुड़ला विराटनगर में भाजपा को अच्छा समर्थन मिला।

शिक्षाविद गणपत लाल शर्मा, भागीरथ शर्मा बाबूजी, महावीर जाट और सीएम चंदोलिया के बताया भाजपा सरकार को गंभीरता से विचार कर विराटनगर क्षेत्र के जनमानस की बात सुननी चाहिए लगातार संघर्ष के अलावा लगभग 20 हजार लोगों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड लिखकर भी अपनी व्यथा बताई थी और आम जनता को यह उम्मीद थी कि भाजपा शासन आते ही विराटनगर को पुन: जयपुर जिले में जोड़ दिया जाएगा।पिछले दिनों चल रहे घटनाक्रम से क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है। सांसद राव राजेंद्र ने उपरोक्त विषय के सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर प्रतिनिधि मंडल को जल्द समस्या समाधान का आश्वासन दिया।

## सार-समाचार

### शिक्षण कार्यो में स्थापित हो नए आयाम : मंजू

**निवाई।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर मंजू मीणा के कार्य ग्रहण करने पर निवाई प्रधानाचार्य फोरम के अध्यक्ष देवेंद्रपालसिंह चौधरी के नेतृत्व में प्रधानाचार्यो ने शॉल ओढाकर व पूष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवनियुक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा ने कहा कि शिक्षण कार्यो में नए आयाम स्थापित हो जिससे छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा मिल सके। इस दौरान उन्होंने सभी प्रधानाचार्यो को अपने पीईईओ क्षेत्र में बेहतर शिक्षण कार्यो को महत्व देने के निर्देश दिए। अध्यक्ष देवेंद्रपालसिंह चौधरी ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा की गई विभागीय पदोन्नित में निवाई मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के पद पर रजवास निवासी मंजू मीणा ने पदभार ग्रहण किया है। जिससे शिक्षा के क्षेत्र में कई बेहतर शिक्षण कार्य होंगे। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी मीणा को विश्वास दिलवाया कि निवाई ब्लॉक, जिले व राज्य में ऊंचे पायदान पर रहे इसके लिए सभी एक जुट होकर इसके लिए प्रयास करेंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य फोरम के राकेश अग्रवाल, हेमंत बैरवा, सुमन शर्मा, रामखिलाड़ी मीणा, विनोद तिवारी, जगदीश मीणा, सांवरलाल शर्मा, राजेश गुर्जर, वरिष्ठ अध्यापक प्रेमलता मीणा व प्रबोधक नरेंद्र धारवाल सहित कई प्रधानाचार्य मौजूद थे।

### कार्यशाला एवं मॉक इन्टरव्यू प्रोग्राम गुरूवार से

**कोटपूतली।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकने की प्रतिबद्वता को व्यक्त करते हुये विद्यार्थी हित में एक नई पहल करने जा रहा है। जिसके तहत आर.पी.एस.सी. सहायक आचार्य साक्षात्कार पूर्व अभ्यास हेतु चयनित अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क कार्यशाला एवं मॉक इन्टरव्यू प्रोग्राम 02 से 05 जनवरी तक आयोजित किया जायेगा। जिन अभ्यर्थियों का सहायक आचार्य साक्षात्कार हेतु चयन हुआ है, उन सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि इस नि:शुल्क साक्षात्कार पूर्व अभ्यास कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी साक्षात्कार तैयारी को अधिक मजबूत एवं सार्थक बनायें। प्राचार्य प्रो. आर. के. सिंह ने कहा कि ग्रामीण प्रवेश के विद्यार्थी जो शहर के महंगे कोचिंग संस्थानों में मॉक इन्टरव्यू देने में असमर्थ है। उनके लिए महाविद्यालय की यह पहल काफी कारगर साबित होगी। प्राचार्य ने अवगत कराया कि महाविद्यालय कि आयोजक समिति पिछले सात दिनों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस पहल के तहत अभी तक राजस्थान के अलग-अलग जिलों से सैकड़ों अभ्यर्थियों के ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हो चुके है। जो अभ्यर्थी इसमें भाग लेने के इच्छुक है उनके रजिस्ट्रेशन हेतु आयोजक समिति के दूरभाष नं. 9785119898, 9636573515, 9887771921 पर सम्पर्क किया जा सकता है। साथ ही टेलीग्राम लिंक के माध्यम से भी इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 01 जनवरी तक अपना नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते है।

### रेंजर टीम को मिला राज्य स्तरीय शील्ड

**टोंक।** भारत स्काउट व गाइड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय 64वाँ रोवर मूट, 50वीं रेंजर मीट पुष्कर घाटी अजमेर में राजकीय महाविद्यालय टोंक के विशाल मेहरा, तुलसी राम बैरवा, देवेन्द्र सिंह मीना, विजय कुमार यादव, ओपन रोवर क्रू के दीपेंद्र शर्मा, पी.एम.श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय देवली के इन्द्र कुमार मीणा, अनीश मीणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम के लोकेश बैरवा सहित निवेदिता ओपन रेंजर टीम की साक्षी साहू, राधिका महावर, शालिनी बारेठ, राजकीय कन्या महाविद्यालय से संध्या चावला ने राज्य स्तरीय शील्ड अर्जित की। सी. ओ. स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग के अनुसार रोवर मूट रेंजर मीट में शिविर कला, सामुदायिक सेवा, साहसिक गतिविधिया, सेवा कार्य, आपदा प्रबंधन, प्रदर्शनी सहित सस्टेनेबल एक्टिविटीज प्रतियोगिता में उच्च स्तरीय शील्ड अर्जित की। सेवा शिविर में शालु सोयल, प्रियंका तसेरा, कृष्णा सैनी को श्रेष्ठ कार्य करने हेतु स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य, राज्य संगठन आयुक्त गाइड सुरेश लोढ़ा, सहायक राज्य संगठन आयुक्त विनोद दत्त जोशी ने पुरस्कृत किया। शिविर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एग्रीकल्चर कॉलेज देवली, बराला सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल उनियारा, संस्कार पब्लिक स्कूल पीपलू ने सभी विजेताओं को स्मृति चिन्ह शिल्ड प्रदान की।

### राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सौपा ज्ञापन

**टोंक।** राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ शाखा टोंक के कार्मिकों नें जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम राज्य सरकार द्वारा अधीनस्थ विभागों के मंत्रालयिक कर्मचारियों हेतु गठित किये जा रहे मंत्रालयिक निदेशालय में राजस्व मण्डल एवं इसके अधीन प्रशासनिक कार्यालयों यथा संभागीय आयुक्त कार्यालयों, जिला कलक्टर्स कार्यालयों एवं उपनिवेशन विभाग, भू-प्रबन्ध विभाग को सरकार द्वारा बनाये जा रहे मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल नहीं किये जाने के संबंध में डॉ. सौम्या झा, जिला कलेक्टर महोदया टोंक को ज्ञापन दिया गया। संघ के जिलाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि संगठन की ओर से प्रदेश स्तर पर भी सरकार को ज्ञापन प्रस्तुत कर चेतावनी दी गई है कि यदि राजस्व मण्डल एवं इसके अधीन प्रशासनिक कार्यालयों को मंत्रालयिक निदेशालय में शामिल किया जाता है तो समस्त राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार किया जावेगा एवं संघ द्वारा मजबूरन आन्दोलनात्मक कार्यवाही की जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन की होगी। ज्ञापन प्रस्तुत के दौरान बनवारी लाल गर्ग, ओमप्रकाश शर्मा, के०के० यादव, राजेश नामा, राधाकिशन गुर्जर, ववलू कुमार नागर, बब्बल सिंह, देवेन्द्र जारवाल, जितेन्द्र नरूका, अवनिश सिंह नरूका, पानमल, सुरेन्द्र बैरवा अतुल, अधिराज, राजेन्द्र, विवेक, प्रवीण चौधरी, दीपक गुर्जर, राधेश्याम पाल आदि राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहें।

### तीन टयूबवेल हुए स्वीकृत

**अलवर ।** अलवर शहर में पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्र विकास पथ,दिल्ली दरवाजा ,सैनी धर्मशाला के पास विवेकानंद नगर के आमजन की पेयजल समस्या की निराकरण हेतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा की अनुशंसा पर विकास पथ, दिल्ली दरवाजा, सैनी धर्मशाला के पास विवेकानंद नगर आदि स्थानों पर थ्री फेज ट्ययूबवेल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई है उक्त ट्ययूबवेलों की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर द्वारा प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है शीघ्र ही जलदाय विभाग अलवर द्वारा उक्त स्वीकृत स्थलों पर ट्ययूबवेल लगाने की कार्रवाई शुरू कर दी जावेगी, उक्त समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में पेयजल समस्या के निराकरण हेतु ट्ययूबवेल स्वीकृत करने पर वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री संजय शर्मा ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार व्यक्त किया है

### प्रतियोगिता का आयोजन होगा

**मालपुरा** (निस) टोंक जिला कबड्डी संघ के तत्वाधान मे मालपुरा शहर के सैय्यद क्लब मैदान पर एक व दो जनवरी को कबड्डी संघ द्वारा खिलाडी चयन ट्रायल एवं जिला स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जायेगा। प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले खिलाडियो की आयु 14 जनवरी 2009 के बाद 16 वर्ष व 55 किलो के दायरे मे खिलाडी का वजन का मापदण्ड रखा गया है। खिलाडी दसवीं कक्षा की अंकतालिका, आधार कार्ड,बैंक पासबुक्स व दो पासपोर्ट फोटो अपने साथ लावें। जिला कबड्डी संघ के सचिव ईमामुदीन खान व अब्दुल रब्ब नकवी ने बताया कि खिलाडी अपना रजिस्ट्रेशन राजस्थान राज्य कबड्डी संघ की वैबसाईट पर करवाने के बाद ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग ले सकेगा।

### टेलीफोन का पोल गिरा हादसा टला

**मनोहरपुर ।** मोहल्ला सारवान में स्थित "एच के लोहानी पैलेस" के सामने टेलीफोन का पॉल लगा हुआ था वह अचानक एक खड़ी गाड़ी गिर गया उसी के नीचे की तरफ मोहल्ले के कुछ बच्चे खेल रहे थे देखने वालों ने यह कहा कि "जाकों राखे साईंया मार सके ना कोय" पोल गिरने की खबर पर नगर पालिका के कर्मचारी व जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लाइनमैन मुकेश चौधरी और एफ आर टी के जवान अमर सिंह गुर्जर, अक्षय कुमार आदि पहुंचकर टेलीफोन के पोल से टूटी हुई लाइनों को दुरुस्त करके लाइन को चालू करवाया उपस्थिथ लोगो के मुख से यही निकल रहा था भारी वजनी टेलीफोन का पोल अगर खेलते हुए बच्चो पर गिर जाता तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी।

### जरूरतमंदो को बांटे ऊनी कम्बल

**मालपुरा** (निस) रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन परिवार की और से नववर्ष पूर्व संध्या पर मंगलवार को क्षेत्र मे 4० जरूरतमंद लोगो को सर्दी से राहत प्रदान करने के लिये ऊनी कम्बल का वितरण किया। क्लब के निर्वाचित अध्यक्ष महेश ,अरूण ,राकेश ,पवन ,सहायक प्रान्तपाल भागचन्द ,मनोज , डॉ. सीताराम आदि ने डोर टू डोर जरूरतमंद लोगो को बांटे ऊनी कम्बल।

## संक्षिप्त

### गीत गाकर किया 2024 को विदा

**शाहपुरा।** शहर के वार्ड नंबर 5 ढाणी मालियों वाली में नववर्ष 2025 के स्वागत और 2024 की विदाई में नववर्ष की पूर्व पर भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक कलाकार स्वर्गीय नाथू सिंह शेखावत बाड़ीजोड़ी के शिष्य लेखक कवि सिंगर लाल चन्द नवरंग एण्ड पार्टी ने एक बढ़कर एक देशभक्ति गीत गाकर सुनाया। सिंगर दिलीप नवरंग, सिंगर लक्की नवरंग, नगाड़ा वादक लोकेश नवरंग ने कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर नरेन्द्र जाला, अभय सैनी, अंकित सैनी, महेंद्र सैनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अवैध बजरी से भरे दो ट्रक जब्त

**निवाई।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए दो ट्रक जब्त कर चालकों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान दो अवैध बजरी से भरे ट्रकों को जब्त कर दोनों के चालक रमेश पुत्र लक्ष्मीनारायण गुर्जर व मनीष पुत्र गंगाधर गुर्जर दोनों निवासी जूनियां थाना घाड़ को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों ट्रकों में करीब 50-50 टन बजरी भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रकों को जब्त करके थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है।

### कार्यशाला का आयोजन होगा

**अलवर।** जिला रोजगार कार्यालय एवं भारतीय जीवन बीमा निगम अलवर द्वारा अभिनव पहल करते हुए मुख्यमंत्री युवा संबल योजना 2021 के इन्टर्न को बीमा व्यवसाय में कैरियर पथ निर्माण हेतु 4 जनवरी 2025 को प्रातः: 10 बजे मोती डूंगरी स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यशाला आयोजित होगी। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक श्याम लाल साटोलिया ने बताया कि कार्यशाला में अलवर शहर में निवास करने वाली समस्त महिला इन्टर्न को बीमा सखी और स्वरोजगार की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी तथा माह दिसम्बर 2024 की उपस्थिति प्रमाण पत्र मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएंगे।

### पद यात्रियों का किया स्वागत

**निवाई।** देवसेना किशनाईपुरा से देवधाम जोधपुरिया के लिए रवाना होकर गांव रजवास पहुंचने पर पद यात्रियों का गुर्जर समाज द्वारा स्वागत किया गया। श्री देवधाम रजवास मंदिर समिति के अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने बताया कि पदयात्रा 25 दिसंबर को रवाना हुई थी। पदयात्रा 1 जनवरी को भगवान देवधाम जोधपुरिया पहुंचेगी। गांव रजवास पहुंचने पर सभी पदयात्रियों का माला पहनाकर व पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर सूरज गुर्जर, सुगन गुर्जर, भजन गुर्जर, रामावतार गुर्जर, कजोड़ गुर्जर, रमेश गुर्जर व धर्मेंद्र गुर्जर सहित समाज के कई लोग मौजूद थे।

### विशाल रक्तदान शिविर आज

**शाहपुरा।** राजश्री कॉलज अमरपुरा शाहपुरा में बुधवार को स्वर्गीय श्री राजेंद्र पारीक की 16वीं पुण्य तिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कॉलेज के निदेशक दिलीप पारीक ने बताया कि शिविर सुबह 10 बजे 3 बजे तक आयोजित होगा। रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपनी की है।

### पोस्टर विमोचन किया

**पावटा।** राज ब्रह्मा कार्मिक पावटा द्वारा के 5 जनवरी 2025 को आयोजित पंचम अधिवेशन कार्यक्रम को लेकर सांसद मंजू शर्मा द्वारा कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर लोकेश बैनाड़ा, विमलेश शर्मा, दीपक, मनीष, जितेंद्र, राजपुरोहित अजय, रवि, मुकेश सहित लोग उपस्थित रहे।

### पोष महोत्सव का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 16 में स्थित श्री खेड़ापति बालाजी मंदिर (खेड़ापति दरबार) के महंत श्री इंद्र जी महाराज के मंगलवार को मंदिर में प्रात: 8 से 1.15 बजे तक पौष खिचड़ा तथा मंगल गीत, शाम 4 बजे से पंगत का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। महाआरती, रात्रि9.15 बजे से दिव्य सत्संग श्री 1008 श्री संत चेतन दास जी महाराज छालिया वाली जोड़ी श्रीमाधोपुर के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गांव के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी जो देर शाम तक चलती रही।

# विराटनगर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक, आमजन की समस्याओं पर हुई चर्चा

**पावटा।** सोमवार को विराटनगर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य व प्रधान बंदी देवी की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें शहर के लगभग सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों की ओर से उठाए आमजन की समस्याओं पर चर्चा की गई। कोटपुतली बहरोड जिले की विराटनगर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक सोमवार को पंचायत समिति के सभा हॉल में हुई। इस दौरान बैठक में पहुंचे जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनकड़ का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने साफा, माला और गुलदस्ता भेंट कर शानदार स्वागत भी किया। सभा में आमजन की विभिन्न समस्या पर हुई विस्तृत चर्चा करते हुए बैठक में पंचायत समिति सदस्यों और जनप्रतिनिधियों ने बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, जल जीवन मिशन, सड़क, किसानो की समस्याओं समेत कई मुद्दे उठाए, जिनका समाधान निकालने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। वहीं मनरेगा के तहत 106 करोड़ का बजट पारित किया गया। वहीं बैठक में जल जीवन मिशन के तहत बनी टंकियो के सुखी पड़े रहने व उप स्वास्थ्य केदो के लिए जमीन आवंटन करने, अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्यों को चालू करवाने, क्षेत्र में खुले पड़े बोरवेल में कुओं को बंद करवाने के लिए टीम गठित करने, क्षेत्र में आसपास केंद्रीय विद्यालय खोले जाने, मेड, कुंडला के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सुविधा युक्त बनाने, सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने, पंचायत समिति क्षेत्र के पंचायत मुख्यालय के बस स्टैंड पर शौचालय बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिस पर जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए की सरकार द्वारा चलाई जारी जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वती में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सांसद राव ने कहा कि प्रत्येक ग्राम, ढाणी, पंचायत इलाके में विकास के नए कार्य शुरू होंगे। जिससे क्षेत्र के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। वहीं विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा बैठक में विभिन्न मुद्दों पर सदस्यों ने चर्चा की है। उन्होंने कहा बैठक में उठाए सभी मुद्दों पर अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए है।



जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह व विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य व प्रधान बंदी देवी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया।

- सरकार द्वारा चलाई जारी जन कल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वती में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : राव राजेंद्र सिंह

### नव वर्ष का किया भव्य स्वागत

**निवाई।** नव वर्ष के आगमन पर सुबह से दिनभर नववर्ष 2025 की बधाईयां एवं शुभकामनाएं देने का दौर जारी रहा। मंगलवार की रात्रि से ही मोबाइलों पर मैसेज, व्हाटस एप, फेसबुक एवं फोन पर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी। नववर्ष वर्ष 2025 का रात 12 बजते ही शहर में युवाओं द्वारा आतिशबाजी के धमाकों के साथ स्वागत किया। ज्यों ही रात के 12 बजे शहर में बस स्टेंड अहिंसा सर्किल, बड़ा बाजार, चैहट्टी बाजार, गणगौरी बाजार, बिलाला मार्केट, शिवाजी कालोनी, झिलाय रोड़, इंदिरा विस्तार कॉलोनी व बाईपास सहित कई होटलों, रिसोर्टो एवं सार्वजनिक स्थानों पर युवाओं द्वारा धमाकेदार आतिशबाजी की गई। इससे पूर्व युवाओं ने कई स्थानों पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन करके रात्रि 12 बजे वर्ष 2024 को विदाई दी व नववर्ष 2025 का स्वागत किया। युवाओं ने डेक मशीनों व लाउड स्पीकर सहित कई ध्वनी यंत्रों पर पूरे जोश के साथ फिल्मी स्टाईल में नाच-गान करते हुए एक दूसरे को बधाईयां दी।

# दूसरे के रास्तों में आने वाले कंकड़ अर्थात परेशानियों को हटाना चाहिए:अमिताचार्य

**चाकसू।** कस्बे के परमाराध्य चम्पेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद् शिव महापुराण कथा महोत्सव के सप्तम दिवस पर व्यासपीठासीन अमिताचार्य ने विभिन्न प्रसंगों का शिवपुराणानुसार श्रवण करवाया।

जिसमें गणेश बाल लीला एवं बुद्धिमता से प्रसन्न होकर प्रजापति विश्वरूप की कन्या सिद्धि बुद्धि के साथ गणेश विवाहोत्सव प्रसंग,कार्तिकेय कुमार का क्रोंच पर्वत निवास,तारकासुर के पुत्रों की तपस्या, वरदान,देव गणों द्वारा शिव स्तुति, शिव द्वारा त्रिपुर दहन, जालधंराख्यान, मालती धात्री एवं तुलसी की उत्पत्ति, शंखचूड वृत्तांत, तुलसी कथा, अंधक उत्पत्ति,हिरण्याक्ष वध, बाणासुर की शिव भक्ति इत्यादि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक श्रवण करवाएं। पंचदेवात्मक उपासना में भी शिवत्व की आद्य प्रधानता का वर्णन किया गया कथा रसास्वादन कराते हुए अमिताचार्य ने कहा की हम शिव के हैं और शिव हमारे हैं। हम लोगों को भी दूसरे के रास्तों में आने वाले कंकड़ अर्थात परेशानियों को हटाना चाहिए।जिससे भगवान स्वयं आपको दर्शन देने आ जाएंगे और व्यक्ति का जीवन सफल हो जाएगा।ॐ नम: शिवाय भगवान शिव का प्रभावशाली मंत्र है, जिसके प्रतिदिन जाप से शरीर हमेशा रोग मुक्त रहता है और आयोग्य की प्राप्ति होती है।शिव अभावग्रस्त को भी प्रभावी बना देते हैं और स्वयं शंकर प्रभाव से नहीं अपितु भक्त के भाव से ही रीझ जाते हैं।जो शंकर की त्रिकाल उपासना, ध्यान, साधना करते हैं वो संपूर्ण त्रिलोक में अभय होकर अभयत्व संपन्न महादेव की महाकृपा का महाकृपापात्र हो जाते हैं। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान गोपीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, रामकिशोर सोनी, कैलाश शर्मा, मीठा लाल शर्मा राजू सैनी बड़ोदिया महेश शर्मा दिनेश पोस्टमैन ने भक्ति भाव से ने महाआरती उतारी एवं समस्त कथा श्रोता श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।




कथा महोत्सव के सप्तम दिवस पर व्यासपीठासीन अमिताचार्य ने विभिन्न प्रसंगों का शिवपुराणानुसार श्रवण करवाया।

# मीट प्लांट पर राष्ट्रीय अध्यक्ष व पुलिस ने औचक निरीक्षण किया

**मानपुरा/माचेडी।** मानपुरा माचेड़ी स्थित रीको ओधोगिक क्षेत्र में संचालित मीट प्लांट में गौमांस की सूचना पर महिला एवं गोरक्षा दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पुलिस ने औचक निरीक्षण किया।निरिक्षण में हड्डियां के टुकड़े मिले।यहाँ गौमांस की सूचना गोरक्षा दल को लंबे समय से मिल रही थी।गौमांस की पुष्टि के लिए जयपुर नगर निगम की टीम मांस के नमूने लेगी। तब तक मीट प्लांट पुलिस की निगरानी में रहेगा। गौरतलब हैं कि मानपुरा माचेड़ी के रीको ओधोगिक क्षेत्र में यूनिएग्रो फूड के नाम से मीट प्लांट संचालित है।जानकारी के अनुसार इस प्लांट को रीको ने कोल्ड स्टोरेज करने की ही अनुमति दे रखी है लेकिन शिकायत यह हैं कि प्लांट में अवैध रूप से गायों के कटे हुए हिस्से लाए जाते है व उनको तैयार कर पेकिंग की जाती हैं।मंगलवार को गोमांस की सूचना पर महिला एवं गो रक्षा दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी कमल दीदी व चंदवाजी थाना प्रभारी सुगन सिंह मय जाप्ता मोके पर पहुँचे व प्लॉट का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान प्लांट में हड्डियों के टुकड़े मिले।जबकि प्लांट को सिर्फ कोल्ड स्टोरेज की ही अनुमति हैं।इस दौरान साध्वी कमल दीदी ने यहाँ गो मांस का कारोबार होने की शिकायत करते हुए पुलिस को मांस के नमूने लिए जाने तक निगरानी करने के लिए कहा।जिस पर थाना प्रभारी ने नगर निगम की टीम के मौके पर पहुचने तक प्लांट को पुलिस निगरानी में रखने की बात कही।

गौरतलब हैं कि मीट प्लांट के अवैध रूप से संचालित होने की पहले भी कई बार शिकायते हो चुकी है।इस मौके पर गोशाला संचालक कमलेश शर्मा, गोसेवक अनिल नेगी सहित गोरक्षा दल की टीम मौजूद थी। गोरक्षा दल को अंदर जाने से रोका-- मीट प्लांट में गोमांस की सूचना पर जब गोरक्षा दल मीट प्लांट पर पहुँच तो उनको अंदर नही जाने दिया गया।सूचना पर चंदवाजी पुलिस ने मौके पर पहुँच। गोरक्षा दल को अंदर लेकर गए।

**इनका कहना है-:** कल जिला कलेक्टर व संबंधित अधिकारीयो से मिल कर मानपुरा माचेड़ी के मीट प्लांट में गोमांस के अवैध कारोबार होने की शिकायत की जाएगी।हमे पूरी जानकारी हैं कि यहाँ पर गौ वंश के कटे हुए हिस्से लाकर मांस तैयार किया जाता हैं व निर्यात किया जाता हैं।पास में चेनपुरा सेल्टर हाउस से भी यहाँ गोमांस लाए जाने की जानकारी मिली हैं।क्योंकि अभी आंधी गांव के पास भी गायों के कट्टे हुए सिर मिले थे।




गो रक्षा दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष साध्वी कमल व थाना प्रभारी सुगन सिंह मय जाप्ता मोके पर पहुँचे व प्लॉट का औचक निरीक्षण किया।

# भरत मिलाप के मार्मिक वर्णन से नम हुई आंखें

**पावटा।** बाबा भरत दास जी सेवा समिति टोरडा रामपुरा गुजरान द्वारा बाबा भरत दास बगीची टोरडा गुजरान में श्री श्री 108 मंगल दास महाराज के सानिध्य में आयोजित संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन मंगलवार को कथावाचक मां नर्मदा की कृपा पात्री साध्वी अखिलेश्वरी दीदी मां वाग़दी संगम आश्रम नेमावर इंदौर द्वारा केवट प्रसंग व भरत मिलाप का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। साध्वी ने बताया कि चित्रकूट पर भगवान का आगमन हुआ। यहां से भील राज (निषाद) भगवान को प्रणाम करके अपने गृह के लिए वापस हुए। मार्ग में शोकातुर सुमंत जी को धैर्य देकर उन्होंने अवध भेजा। सुमंत द्वारा रामजी का वन गमन सुनकर महाराज दशरथ ने प्राणों का त्याग कर दिया। कैकेयी का त्याग करके भरत मां कौशल्या के भवन में आए। माता कौशल्या ने भरत को पूर्ण वात्सल्य प्रदान किया व राम वनवास और दशरथ मरण की संपूर्ण घटना को सुनाया। भरत ने मां के सामने शपथ पूर्वक कहा, मां मैं आपको भगवान श्रीराम से पुन: मिलाउंगा। भाई-भाई के प्रेम का दर्शन कराने के लिए ही श्रीराम और भरत जी के मिलन का प्रसंग आया। दोनों भाई एक दूसरे के लिए संपत्ति और सुखों का त्याग करने के लिए उद्यत थे और विपत्ति को अपनाना चाहते थे। यही भ्रातृप्रेम है। भरत ने भगवान की चरण पादुकाओं को ङ्कषसहासनारूढ़ किया और चौदह वर्ष तक उनकी सेवा की। यह भ्रातृ प्रेम की पराकाष्ठा है।

भरत जी के नाम का अर्थ ही है- भ अर्थात् भवित, र अर्थात् रति, त अर्थात् त्याग। प्रबल प्रेम के पाले पड़कर प्रभु को नियम बदलते देखा। भगवान केवट के समीप आए। गंगाजी का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है, किंतु वह अपनी भक्ति का प्रदर्शन नहीं करना चाहता था। अत: वह भगवान से अटपटी वाणी का प्रयोग करता है। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए, तो मैं आपको पार कर दूंगा केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, कोठी-खजाना नहीं मांगा। उसने भगवान से उनके चरणों का प्रक्षालन मांगा। केवट की नाव से गंगा पार करके भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। सीता जी ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान की मन की बात समझकर अपनी कर-मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया, किंतु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया।

# मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर आमजन ने किया प्रदर्शन

**मालपुरा, (निस)** मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर मालपुरा विकास मंच के बैनर तले आमजन ने मंगलवार को कोर्ट परिसर मे प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम अमित चौधरी को सौंपा ज्ञापन। बडी संख्या मे जुटे क्षैत्रवासियो ने सौंपे गये ज्ञापन मे अवगत करवाया कि मालपुरा एक मात्र ऐसा क्षेत्र है जो आजादी के समय पहली बार बने चार जिलो मे जिला बोर्ड का दर्जा प्राप्त किया था।

- सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

लेकिन वर्ष 195० मे टोंक नवाब की जिद्द के चलते रियासतो के हुये विलेयीकरण मे मालपुरा जिला बोर्ड को समाप्त कर टोंक व सीकर को नये जिले का निर्माण किया गया था। मालपुरा क्षेत्र जो कि तत्कालीन समय मे भी राजनीति का शिकार हो गया। तो एक बार फिर गहलोत मंत्री मंडल मे मालपुरा को जिला घोषित करने का निर्णय पारित होने के बावजूद विधानसभा आचार संहिता लग जाने के चलते गजट नोटिफिकेशन जारी नही होने से मालपुरा जिला अस्तित्व मे नही आ सका था। प्रदेश मे भाजपा सरकार बनने के बाद गहलोत सरकार मे बने नवीन जिलो पर समीक्षा के लिये बनाई गई मंत्री मंडलीय समिति की रिपोर्ट मे नवीन जिला मालपुरा का सीमांकन करने के बजाय जिले के दर्जे को निरस्त कर दिया गया। जो कि मालपुरा क्षेत्रवासियो की भावना पर एक वज्रपात साबित हुआ। दूदू व केकडी जिले को रद्द करने के बाद मालपुरा जिले का हकदार होने के साथ-साथ सभी मापदण्डो को पूर्ण करता है। मालपुरा विधानसभा क्षेत्र मे मालपुरा व टोडारायसिंह दो उपखण्ड एवं डिग्गी, लाम्बाहरिसिंह, मालपुरा व टोडारायसिंह सहित चार नगरपालिका क्षैत्र विदमान है तो डिग्गी को तहसील का दर्जा भी मिल चुका है। इसके साथ अंराई उपखण्ड क्षेत्र के बोराडा,ढसुक सहित 15 ग्राम पंचायत मालपुरा क्षैत्र से सटी हुई है तथा पूर्व विधानसभा क्षैत्र मे पीपलू क्षैत्र की 9 ग्राम पंचायत मालपुरा के साथ जुडी हुई थी जिन्है पुन: मालपुरा मे मिलाने के बाद सरकार के आबादी मापदण्डो के अनुरूप 1० लाख की आबादी का स्तर पूर्ण करता है। ऐसे मे एक बार फिर जिलो को लेकर पुन: समीक्षा कर मालपुरा को टोडारायसिंह,पीपलू व अंराई का आंशिक क्षैत्र मिला मालपुरा को जिला घोषित कर गजट नोटिफिकेशन जारी करते हुये क्षैत्रवासियो को उनका वैभव वापस लौटाये। बडी संख्या मे जुटे क्षैत्रवासियो ने कोर्ट परिसर मे जमकर नारेबाजी करते हुये अपनी झोंली फैला सरकार से मालपुरा को जिला घोषित करने की पुरजोर मांग की।



मालपुरा को जिला बनाने की मांग को लेकर आमजन ने प्रदर्शन कर सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

### नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

**पावटा।** उपखंड कार्यालय पावटा के तहसील परिसर में सोमवार को अभिभाषक संघ पावटा की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य, तहसीलदार संजय खेदड़ की अध्यक्षता व अतिरिक्त लोक अभियोजक एडीजे कोर्ट कोटपुतली प्रेम प्रकाश शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, सचिव सुरेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष अनिल सिह, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव, संयुक्त सचिव अनिल कुमार यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल कुमार मौर्य, पुस्तकालय अध्यक्ष कुलदीप पटेल, संगठन सचिव जय किशन सोनी, सांस्कृतिक सचिव घनश्याम मीणा , कार्यकारिणी सदस्य रघुवीर कुमार स्वामी व रामकिशन बलाई को अतिथियो द्वारा शपथ दिलाई गई तथा संघ के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विष्णु , व सहायक निर्वाचन अधिकारी महेश ने सभी पदाधिकारियो को नियुक्ति प्रमाण पत्र सौंपे।

## सार-समाचार

### प्रचलित रास्ते से अतिक्रमण हटाया

**श्रीमाधोपुर।** न्यायालय तहसीलदार श्रीमाधोपुर के आदेशों की पालना में तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा द्वारा ग्राम पंचायत बुर्जा की ढाणी के राजस्व ग्राम भुरानपुरा के खसरा नं 738, 739, 740 से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते से मंगलवार को अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू किया गया। बताया गया है कि परिवादी ओमप्रकाश मीना द्वारा ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम भुरानपुरा के खातेदारी भूमि के खसरा नंबर 738,739,740 से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते में लकड़ियां , ईंधन आदि डालकर रास्ता अवरूद्ध करने की शिकायत तहसील कार्यालय में की थी, जिस पर पटवारी रिपोर्ट में शिकायत सही पाए जाने पर प्रकरण राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 251 के तहत दर्ज कर निर्णीत कर मंगलवार को न्यायालय आदेश की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा द्वारा मौके पर पहुंचकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया व बिना सक्षम न्यायालय आदेश के रास्ते की यथास्थिति बनाए रखने बाबत पाबंद किया गया।अतिक्रमण हटाने के दौरान अतिक्रमी शंकर मीना पुत्र खेताराम द्वारा शांतिभंग करने पर अतिक्रमी को पुलिस थाना थोई के सुपुर्द किया गया।

### राम कथा मिलाप का वर्णन किया

**निवाई।** हनुमान नगर में चल रही राम कथा में भगवान श्री राम का चित्रकूट पहुंचना व भरत का भगवान श्रीराम से मिलाप करने के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य कृष्णकान्त शास्त्री ने कहा कि जहां रामचरित मानस के पाठ होते हैं उस घर में रोग, शोक, दु:ख एवं क्लेश कोसों दूर हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिस्थिति में प्रभु का नाम जपने से सारे कष्टों से मुक्ति मिलती है। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री राम का चित्रकूट पहुंचना, भरत का भगवान श्री राम से मिलाप करना, भगवान राम की चरण पादुकाएं लेकर अयोध्या लाने सहित कई प्रसंगों का वर्णन किया। इस दौरान राम दरबार की महाआरती की गई। कथा में श्यामबिहारी शर्मा, बुद्धिप्रकाश शर्मा, विमल विजय, रवि अग्रवाल, पूरणसिंह, विमल विजय, गिर्राज जाट,अशोक पारीक, सांवरमल शर्मा, बन्नालाल चौधरी, रामअवतार, रामफूल शर्मा, जगदीश शर्मा, विनोद तिवाडी, हनुमान, मनोज जैन, दयाराम जाट, सुरेश स्वामी, केदार जाट व बलवन्त सिंह सहित कई भक्त मौजूद थे।

### गोबी का खराब बीज किसान हुआ बर्बाद

**अलवर।** उमरैण के योगेश खाद बीज भंडार पर नकली बीज बेचने का आरोप गंभीर है, गरीब किसान हरि नारायण सैनी को 70 हजार रुपये किलो में गोभी का बीज दिया, लेकिन वह बीज नकली साबित हुआ। किसान के खेत में गोभी मे फूल गलत आ गया जो मार्केट में नहीं बिक सकती नही, जिससे उसकी आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ा। जब उसने दुकानदार से शिकायत की, तो उसे प्रताड़ित किया गया और यह कहा गया कि वह कंपनी पर मुकदमा दर्ज करें, दुकानदार पर कुछ नहीं हो सकता। नूनहस बीज कंपनी के एरिया मैनेजर भगवती त्यागी ने बताया कि गोभी का बीज जुलाई से सितंबर के बीच बोना चाहिए, लेकिन दुकानदार ने 20 सितंबर को बीज दिया, जो गलत था। उमरैण ब्लॉक के अध्यक्ष किसान सलाहकार समिति गिर्राज यादव ने भी आरोप लगाया कि योगेश खाद बीज भंडार किसानों को ठग रहा है और नकली बीज और खाद बेच रहा है, लेकिन कृषि विभाग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा। यह मामला न केवल किसानों के लिए चिंता का विषय है, बल्कि यह कृषि विभाग की लापरवाही और संभावित भ्रष्टाचार को भी उजागर करता है। किसानों की लगातार बढ़ती शिकायतों को देखते हुए जरूरी है कि इस पर शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि ऐसे धोखाधड़ी से बचा जा सके और किसानों को न्याय मिल सके।

### मंदिर का दो दिवसीय मेला संपन्न

**सिरस,।** एकलिंग नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस का दो दिवसीय मेला मंगलवार की शाम संपन्न हुआ। वार्षिक मेले में दो दिन तक सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा अर्चना करके मेले का उत्साह पूर्वक आनंद लिया। नाकेश्वर महादेव मेले में मंगलवार को महिलाओं ने दिनभर मनिहारी सामान व बर्तनों की दुकानों पर खरीदारी की। बच्चों व युवाओं ने मेले में लगे हवाई झूलों का लुत्फ उठाया। नाकेश्वर महादेव मेले में घोड़ी दौड़ प्रतियोगिता में गिरिराज गुर्जर गोवर्धनपुरा प्रथम, कालूराम गुर्जर मौजा द्वितीय व कालू भांची तृतीय स्थान पर रहे। दौड़ प्रतियोगिता में कालू गुर्जर मौजा प्रथम व हर्ष डोली द्वितीय स्थान पर रहे। आदमी दौड़ प्रतियोगिता में आशीष चौधरी डूंसरी प्रथम व शुभम चांवला पराना द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में विजेताओं को ग्राम पंचायत की ओर से पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। शाम को 5 बजे समापन समारोह में मेला समिति ने वार्षिक मेले में सहयोग करने वाले लोगों का साफा बंधवाकर सम्मान किया। समापन समारोह में मेला समिति के कोषाध्यक्ष हरिराम गुर्जर, श्यामलाल योगी, पप्पूलाल जाट, बनवारीलाल योगी, गेंदीलाल मीणा, रामनिवास जाट, राजू जायसवाल व बाबू कोठारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### बैट्री चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** थाना झिराना पुलिस ने 5 लाख की बेट्रीयों को चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 25 बेट्रियां व प्रयुक्त वाहन सहित औजार बरामद किये हैं। झिराना थानाधिकारी हरिमन ने बताया कि परीवादी अरूण कुमार जो ळज्स कम्पनी में टेक्निशियन के पद पर कार्य कर रहा था, उसने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 30 दिसम्बर को रात्रि को ग्राम नानेर के जीटीएल कम्पनी के मोबाईल टॉवर से भरत मीणा पुत्र देवकरण जाति मीणा उम्र 37 वर्ष निवासी वजीराबाद उर्फ बूरियां का खेड़ा पुलिस थाना बरोनी ने अपनी स्वीफ्ट कार के माध्यम से मोबाईल टॉवर की बेट्रीयां चुराकर ले गया। इस पर थाने की गठित टीम ने त्वरित सूचनाएँ संकलित कर भरसक प्रयास किये जाकर 15 घण्टे में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर उसके कब्जे से 05 लाख रूपये की कीमत की 25 बैट्रियाँ व घटना में प्रयुक्त वाहन स्वीफ्ट कार व औजार बरामद किये गये। ।ारोपी के खिलाफ बीएनएस में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

### मोदी की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई

**शाहपुरा न्यूज।** शहर के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल राजकीय उप जिला चिकित्सालय में मंगलवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे।मुक्तिलाल मोदी की 25वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद सभापति बंशीधर सैनी थे। अध्यक्षता उप जिला चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर हरीश वर्मा थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व पालिकाध्यक्ष बाबूलाल चूड़ला, मोक्ष धाम विकास समिति अध्यक्ष नाथूलाल सैनी,जयफूले माली विकास जन सेवा समिति अध्यक्ष साधुराम सैनी,उदावाला गौशाला समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोनी,वरिष्ठ अधिवक्ता बाल गोविंद सोनी,कमल किशोर शर्मा,रामावतार ताखर,पीयूष हॉस्पिटल के डॉक्टर महेंद्र सैनी थे। इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय के निर्माण में पूर्व विधायक मुक्तिलाल मोदी का अमूल्य योगदान रहा। मुक्तिलाल मोदी के कर कमलों द्वारा ही चिकित्सालय का 15 अगस्त 1967 में शिलान्यास किया गया था। सादा जीवन उच्च विचार रखने वाले पूर्व विधायक मोदी सन 1939 में अंग्रेजों के खिलाफ सत्याग्रह आंदोलन में भाग लिया था। जिसके चलते उन्हें अंडमान निकोबार जेल में भेज दिया गया था। वे कई पदों पर रहे। उन्होंने विकास कार्यों के साथ बाल विवाह, पर्दा प्रथा व मृत्यु भोज जैसी कुप्रथा के खिलाफ भी हमेशा आवाज उठाते रहे।शाहपुरा विराटनगर विधानसभा के अमरसर में सर्वप्रथम बिजली लाने का श्रेय भी उन्हें जाता है। इस दौरान पूर्व विधायक के परिवार से माधव मोदी ,राघव मोदी, चाहत मोदी,डॉक्टर मदन लाल कलवानिया,डॉक्टर ओम प्रकाश बदालिया,डॉ जितेंद्र शर्मा,डॉ नरेश अग्रवाल,मेल नर्स विनोद शर्मा, पंकज कुमावत आदि मौजूद थे।

### रानी देवी चौधरी सदस्य बनने पर लोगों ने खुशी व्यक्त की

**चाकसू।** लोकसभा सांसद मुरारीलाल मीणा की अनुशंसा पर क्षेत्र निवासी रानी देवी चौधरी को टेलीफोन सलाहकार समिति सदस्य मनोनीत किया गया है। टेलीफोन सलाहकार समिति के सदस्य बनने पर क्षेत्र के लोगों ने खुशी व्यक्त की। रानी देवी चोधरी ने कहा कि वे क्षेत्रीय लोगों की टेलीफोन और बीएसएनएल के नेटवर्क के सुधारवाने का प्रयास करेंगी और साथ ही सभी पंचायतों में बीएसएनएल के टावर लगाने के लिए भी प्रतिबद्ध प्रयास किया जाएगा ताकि लोगों को अधिक सुविधा मिल सके और बार-बार कॉल ड्रॉप की समस्या से निजात दिलायी जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए यदि अपने सांसद श्री मुरारी लाल मीना जी का भी किसी तरह से सहयोग की जरूरत महसूस होगी तो उनसे भी सहयोग लेकर टेलीफोन सुविधाओं को सुधारने का कार्य किया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि बीएसएनएल के संबंधी सुविधाओ और संसाधनो को बढ़ने के लिए प्रयास किया जायेगा और विभाग द्वारा जनता की शिकायतें सुनने एवं उनकी शिकायतों का शीघ्र निपटारा करने का प्रयास किया जाएगा।



अच्छे लीड तब उतरते हैं जब वे किसी भी चीज के लिए संकल्प दिखाते हैं। उन्होंने सफाई दी कि उनकी पोस्ट यशस्वी जायसवाल को लेकर थी।

– आर. अश्विन

पूर्व भारतीय गेंदबाज, एक पोस्ट को लेकर ट्रोल होने के बाद बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** ▶ शार्दुल ठाकुर



**विजय** हजारे ट्रॉफी के राउंड 5 के मुकाबले मंगलवार यानी 31 दिसंबर को खेला जा रहा है। 14 महीने बाद 50 ओवरों के क्रिकेट में वापसी करने वाले हार्दिक पंड्या एक मैच खेलने के बाद बड़ौदा की प्लेइंग 11 से बाहर हो गए। बंगाल के खिलाफ मैच में पंड्या का बल्ला नहीं बोला। वह महज 1 रन बनाकर आउट हो गए। इसके अलावा उन्होंने 7 ओवर में 33 रन देकर सिर्फ एक विकेट झटका।बंगाल ने बड़ौदा को 7 विकेट से हराया था। अब बिहार के खिलाफ हार्दिक नहीं खेले। मुंबई की टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव को नागालैंड के खिलाफ मैच में आराम दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

# इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेलेंगे रोहित-कोहली और जसप्रीत बुमराह!

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेली जाएगी वनडे सीरीज



मेलबर्न, 31 दिसम्बर। फरवरी-मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होगा लेकिन उससे पहले भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। ये 3 मैचों की सीरीज 22 जनवरी से खेली जाएगी। वहीं कहा जा रहा है कि, इस सीरीज से भारत के तीन दिग्गज रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह बाहर रह सकते हैं।

जसप्रीत बुमराह वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज 6 फरवरी से शुरू हो रही है। बुमराह के अलावा रोहत और विराट भी एकदिवसीय सीरीज नहीं खेलेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहल भारत की ये आखिरी 50 ओवर की सीरीज होगी। सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि वर्कलोड मैनेजमेंट के कारण ये तीनों दिग्गजों को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से आराम दिया जाएगा। चयन समिति टीम पर आखिरी फैसला करेगी। रोहित, विराट और जसप्रीत बुमराह वर्तमान में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं।

## क्या होता है पिंक टेस्ट? भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सिडनी में खेला जाएगा



मेलबर्न, 31 दिसम्बर। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 जनवरी से सिडनी में पिंक टेस्ट मैच खेला जाएगा। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जाने वाला ये मैच भारत के लिए करो या मरो वाला होगा। भारत इस सीरीज में दो मुकाबले हार चुका है और 2-1 से पीछे चल रहा है।

ऐसे में अंगर वह सिडनी टेस्ट भी हार जाता है या यह टेस्ट ड्रॉ हो जाता है तो ऑस्ट्रेलिया 10 साल बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम कर लेगा। सिडनी टेस्ट में हार मतलब भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से भी बाहर हो जाएगा। और ऑस्ट्रेलिया दक्षिण अफ्रीका के साथ इसमें जगह बना लेगा। सिडनी में खेला जाने वला ये मैच पिंक टेस्ट होगा। ऐसे में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी टेस्ट को पिंक टेस्ट क्यों कहा जाता है, पिंक टेस्ट की शुरुआत 2009 में हुई थी।

ऑस्ट्रेलिया साल का पहला टेस्ट पिंक टेस्ट क रूप में खेलता है। ये टेस्ट लाल गेंद से ही खेला जाता है। इस टेस्ट को मैक्ग्रा की पत्नी जेन मैग्रा की याद में खेल जाता है। जिनकी 2008 में ब्रेस्ट कैंसर स मौत हो गई थी। पिंक टेस्ट के दौरान पूरा स्टेडियम गुलाबी रंग से सराबोर रहता है। स्टैंड, स्टाफ और खिलाड़ियों की जर्सी सभी पर गुलाबी रंग की झलक दिखती है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खासतौर पर गुलाबी रंग की टोपी पहनते हैं और जर्सी पर उनके नाम और नंबर भी गुलाबी रंग से लिखे होते हैं। वहीं ग्लेन मैकग्राथ ने जेन की याद में मैक्ग्रा फाउंडेशन की स्थापना की है। जो ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों और उनके परिवारों की सहायता करता है।

# सुधांशु मित्तल ने खो-खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी किया

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। खो खो विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने मंगलवार कहा कि आगामी 13 जनवरी से भारत और नेपाल के बीच मुकाबले से इस टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। मित्तल ने आज यहां खो खो विश्वकप का कार्यक्रम जारी करते हुए कहा कि पहला मुकाबला भारत और नेपाल के बीच 13 जनवरी को इन्दिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में शाम सात बजे होगा। विश्वकप के लिए पुरुष और महिला टीमों को चार-चार वर्गों में बांटा किया गया। पुरुष वर्ग के ग्रुप ए में भारत, नेपाल, पेरू, ब्राजील और भूटान है। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, घाना, अर्जेंटीना, नीदरलैंड और ईरान है। ग्रुप सी में बंगलादेश, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, अमेरिका और पोलैंड है जबकि ग्रुप डी में इंग्लैंड, जर्मनी, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और केन्या को रखा गया है।

वहीं महिला वर्ग के ग्रुप ए में भारत, ईरान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया हैं। ग्रुप बी में इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया,केन्या, यूगांडा और नीदरलैंड और ग्रुप सी में नेपाल, भूटान, श्रीलंका, जर्मनी और बंगलादेश तथा ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका , न्यूजीलैंड,पोलैंड,पेरू और इंडोनेशिया को रखा गया है। उन्होंने बताया कि विश्वकप में महिला और पुरुष वर्ग में 20 देशों के बीच कुल 90 मुकाबले होंगे। पुरुष और महिला वर्ग में क्वार्टरफाइनल 17 जनवरी को 16 टीमों के बीच होगा। पुरुष और महिला वर्ग के सेमीफाइनल 18 जनवरी को खेले जायेंगे। पुरुष और महिला वर्ग के फाइनल 19 जनवरी को होगा। उन्होंने बताया कि लीग मैचों में ग्रुप ए में भारत और नेपाल के पुरुष वर्ग का मैच 13 जनवरी शाम सात बजे होगा।

**14 जनवरी को विभिन्न ग्रुपों में होने वाले मुकाबले इस प्रकार है:-** ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका और घाना की पुरुष टीमें भिड़ेंगी। इसी दिन ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के महिला टीम के बीच मैच सुबह खेला जायेगा। ग्रुप ए में पेरू और भूटान के पुरुष वर्ग का मैच होगा। ग्रुप डी में पोलैंड और इंडोनेशिया के महिला वर्ग




का मैच होगा। ग्रुप डी में मलेशिया और केन्या के पुरुष वर्ग में, ग्रुप डी दक्षिण अफ्रीका और पेरू की महिला टीम के बीच मैच होगा। ग्रुप ए में भारत और दक्षिण कोरिया की महिला टीम भिड़ेंगी। ग्रुप ए में भारत और ब्राजील की पुरुष टीम के बीच मैच होगा।

**15 जनवरी को होने वाले मुकाबले में ग्रुप बी** में ऑस्ट्रेलिया और युगांडा महिला। ग्रुप ए में नेपाल और ब्राजील की पुरुष टीम के बीच खेला जायेगा। ग्रुप डी में न्यूजीलैण्ड और पेरू की महिला टीम, ग्रुप डी में इंग्लैंड और मलेशिया की पुरुष टीम, ग्रुप डी में दक्षिण अफ्रीका और पोलैंड की महिला टीम खेलेगी। ग्रुप डी में ऑस्ट्रेलिया और केन्या की पुरुष टीम, ग्रुप ए में भारत और ईरान की महिला टीम, ग्रुप ए में भारत और पेरू की पुरुष टीम के बीच खेला जायेगा।

**16 जनवरी को ग्रुप ए** में नेपाल और भूटान के पुरुष के बीच होगा। ग्रुप डी में न्यूजीलैण्ड और इंडोनेशिया की महिला टीम, ग्रुप डी में जर्मनी और केन्या की पुरुष टीम, ग्रुप सी में श्रीलंका और जर्मनी की महिला टीम, ग्रुप सी में दक्षिण कोरिया और अमेरिका के पुरुष टीम, ग्रुप सी में नेपाल और बंगलादेश के महिला टीम, ग्रुप सी में बंगलादेश और पोलैंड की पुरुष टीम, ग्रुप ए में भारत और मलेशिया की महिला टीम, ग्रुप ए में भारत और भूटान के पुरुष टीम के बीच मैच खेलें जायेंगे।

## 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 42 गेंदों में बनाए ताबड़तोड़ 71 रन

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 में आए दिन कोई ना कोई रिकॉर्ड बन रहे हैं। इस घरेलू वनडे टूर्नामेंट में हार्दिक पंड्या, श्रेयस अय्यर और अभिषेक शर्मा जैसे कई बड़े भारतीय खिलाड़ी भी भी खेलते हुए नजर आ रहे हैं। स्टार खिलाड़ियों के बीच टूर्नामेंट में खेलने वाले 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशीने गदर काट दिया है।वैभव ने बड़ौदा के खिलाफ खेले जा रहे विजय हजारे ट्रॉफी के मुकाबले में बेहतरीन पारी खेली। रन चेज करते हुए उनके बल्ले से ये पारी निकली। उन्होंने 42 गेंदों में 8 चौके और 4 छक्कों की मदद से 71 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 169.05 का रहा। ओपनिंग पर उतरे वैभव ने टीम को अच्छी शुरूआत देने में अहम योगदान दिया।

वैभव ने कुमार रजनीश के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 31 गेंदों में 40 रनों की साझेदारी की। फिर दूसरे विकेट के लिए वैभव ने महरौर के साथ मिलकर 60 रनों की साझेदारी की। बता दें कि, मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए बड़ौदा की टीम 49 ओवर में 277 रनों पर सिमट गई। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज विष्णु सोलंकी ने सबसे बड़ी पारी खेलते हुए 102 गेंदों में 12 चौके और 2 छक्के की मदद से 109 रन बनाए।

# नए साल से पहले विनोद कांबली का डांस वीडियो वायरल

## अस्पताल के कमरे में थिरकते दिखे



मुंबई, 31 दिसम्बर। पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली महाराष्ट्र के ठाणे स्थित अस्पताल में भर्ती हैं। जहां उनका इलाज हो रहा है, लेकिन इस दौरान उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कांबली चक दे गाने पर डांस कर रहे हैं। इस दौरान कांबली काफी खुश नजर आए, जिससे उनके फैंस को रहात मिली।कांबली के नाचने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है। गौरतलब है कि सोमवार को आकृति अस्पताल के डॉक्टरों ने कहा कि कांबली की हालत में सुधार हो रहा है। कमजोर दिखने के बावजूद कांबली अपने ठीक होने को लेकर काफी पॉजिटिव बने हुए हैं।

52 वर्षीय कांबली ने शुरुआत में यूरिन इन्फेक्शन और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत की थी, जिसके बाद उन्हें 21 दिसंबर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बांद में कई मेडिकल जांच में उनके मस्तिष्क में थक्के पाए गए। अस्पताल ले जाए जाने के तीन दिन बाद कांबली को एक प्रेरक गीत गाते हुए देखा गया। उन्होंने कठिन समय में साथ देने के लिए अपने दोस्तों और शुभचिंतकों का शुक्रिया भी जताया है।

**अस्पताल में भर्ती के पास नहीं हैं पैसे, 15000 का बिल न चुकाने पर गंवाना पड़ा आईफोन:-** ये कहना गलता होगा कि टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली मौजूदा समय में पाई-पाई के मोहताज हो रखे हैं। क्योंकि वह इस समय पुणे के अस्पताल में भर्ती हैं और वह अपने करीबियों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। इसका कारण ये है कि, 52 वर्षीय दिग्गज आईफोन की मरम्मत के लिए 15 हजार का भुगतान करने में विफल रहने के बाद 6 महीन से ज्यादा समय से मोबाइल फोन के बिना हैं। दुकानदार ने फोन रख लिया है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां दुख और बढ़ा देती हैं।विनोद कांबली मौजूदा समय में ठाणे के आकृति अस्पताल में भर्ती हैं। जहां वह मस्तिक में खून के थक्के जमने और यूरीन इंफेक्शन से उबर रहे हैं। हालांकि, उनकी हालत स्थिर हो गई है, लेकिन डॉक्टरों ने मेमोरी लॉस के लक्षण देखे हैं। उनके इलाज की देखरेख कर रहे डॉ द्विवेदी ने कहा कि, समय औऱ पुनर्वास के साथ उनकी 80-90 प्रतिशत याददाश्त वापस आ सकती है।

वहीं 13 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के मालिक विनोद कांबली अब बीसीसीआई से मिलने वाली 30 हजार रुपये की मासिक पेंशन पर निर्भर हैं। उनकी पत्नी एंड्रिया हेविट ने 18 लाख रुपये के रखरखाव शुल्क का भुगतान न किए जाने को लेकर अपनी हाइसिंग सोसाइटी से उत्पीड़न का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि, सोसाइटी में उनकी तस्वीर डिफॉल्टर के तौर पर लगाई गई है। वहीं शिवसेना ने कांबली के इलाज के लिए 5 लाख रुपये की मदद की पेशकश की है। हालांकि, ये राशि शायद उनके लिए पूरी न पड़े क्योंकि उनकी स्वास्थ्य और वित्तीय चुनौतियां की फेहरिस्त बहुत लंबी है।

## कप्तानी आयुषी गर्ग कप्तान व सिद्धि शर्मा उपकप्तान होंगी

जयपुर, 31 दिसंबर। राजस्थान वीमेन अंडर 23 टीम -यशस्वी कट्टा, आयुषी गर्ग (कप्तान), शानू सैन, सिद्दी शर्मा (उपकप्तान), रुद्राक्षी सिंह

दीक्षा सैनी, कृतिका गुलाब, उषा पेरेरिया, डिम्पल कँवर, शान्या सेन, सी जे भाटी, दिव्यांशी शेखावत, निशा गारती, कनिष्का सिसोदिया, कंचन हुड्डा, निवेदिता काव्या, रिज़ा शेख, ज्योति चौधरी, मेधावी गौर, मेघा सैनी। टीम प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आगामी 2 जनवरी को रवाना होगी।

# जिला क्रिकेट संघ का शीतकालीन कैम्प का समापन हुआ

जयपुर, 31 दिसंबर। जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए जिला क्रिकेट संघ दौसा द्वारा प्रशिक्षण शिविर 28 से शुरू किया गया था। जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि तकरीबन 70 खिलाडियों ने शिविर में हिस्सा लिया। शिविर में खिलाडियों को फिटनेस सेशन और और क्रिकेट की बारीकीयों को समझाया गया। इसके अलावा ओपन नेट्स टर्फ विकेट पर प्रैक्टिस करवाई गई।इस शिविर में छोटे बच्चों की क्रिकेट में छुपी प्रतिभा को बाहर लाने उनके हुनर को सुधारने और विशिष्ट प्रतिभाओं को तलाशने के लिए कोच विजय शर्मा और वेंकटेश्वर शर्मा ने बच्चों को प्रशिक्षित किया।

संघ के सचिव उपाध्याय ने बताया कि जल्द ही नए वर्ष से सभी ग्रुप के खिलाड़ियों को सप्ताह में तीन दिन दौसा में नेट प्रैक्टिस करना अनिवार्य करेंगे जिससे सभी खिलाड़ियों को टीम भावना से खेलने और अनुभवी कोचों के द्वारा खिलाड़ियों की प्रैक्टिस को सुधारा जा सके। साथ ही अगले महीने से दौसा में पूर्व रणजी प्लेयर जिन्होंने लगभग 70 रणजी मैच खेले है वो अपनी सेवाएं दौसा जिला संघ को देंगे। साथ ही राज्य सरकार से जिला क्रिकेट संघ के सचिव बृजकिशोर उपाध्याय क्रिकेट ग्राउंड के लिए भूमि अलॉट कराने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। जब तक ज़मीन अलॉट नहीं होती तब तक कोई निजी ग्राउंड किराए पर लेने पर भी प्रयास किया जा रहा है। बहुत जल्द दौसा जिले में क्रिकेट के इंफ्रास्ट्रचर और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरसक प्रयास किया जा रहा है जिससे जिले से अधिक से अधिक खिलाड़ी दौसा जिले का नाम रोशन कर सकें।



## जी ए एकेडमी अलवर क्वार्टर फाइनल में पहुंची



जयपुर, 31 दिसंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए चौथे प्री क्वार्टर फाइनल मैच में जी ए एकेडमी अलवर ने दी राजस्थान एकेडमी को 82 रनों से हराया। आज आर जे 14 ग्राउंड पर खेले गए मैच में जी ए एकेडमी अलवर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रविश शर्मा के 47 रन, उदित के 28 रन व आरव अरोड़ा के 44 रनों से 37.1 ओवर में 166 रन बनाए। दी राजस्थान एकेडमी के लिए रवि कश्यप ने 28 पर 5, कुश ने 17 पर 2, राजवीर व राहुल ने 1 - 1 विकेट लिया। जवाबी पारी में दी राजस्थान एकेडमी की टीम दिवित के 11 रन, कुश के 27 रन व अमान के 13 रनों से 28 ओवर में 82 रनों पर सिमट गई।

# हरीश रेड्डी की अध्यक्षता वाले गोल्फ संघ को आईओए प्रमुख पीटी उषा ने मान्यता दी

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने हरीश कुमार रेड्डी की अगुआई वाली भारतीय गोल्फ यूनियन (आईजीयू) को मान्यता दे दी है जबकि ब्रिजिंदर सिंह की अगुआई वाली दूसरी संस्था को अमान्य घोषित कर दिया है। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा के हस्ताक्षर वाले सोमवार को जारी एक पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने रेड्डी की अगुआई वाली संस्था को मान्यता देने से पहले 'तथ्यों की समीक्षा' और 'प्रक्रियात्मक अनुपालन की जांच' की थी। आईजीयू के नए पदाधिकारियों के चुनाव के लिए 15 दिसंबर को दो वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की गईं थी। इनमें से एक इंडिया हैबिटेट सेंटर में हुई जिसमें ब्रिजिंदर को फिर से अध्यक्ष चुना गया। इसके लिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रामेश्वर मलिक को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया। दूसरी एजीएम ओलंपिक भवन में हुई जहां रेड्डी को अध्यक्ष चुना गया और न्यायमूर्ति ओपी गर्ग (सेवानिवृत्त) ने निर्वाचन अधिकारी की भूमिका निभाई। अपने पत्र में आईओए ने रेड्डी की अगुआई वाली संस्था को मान्यता देने के कारण बताते हुए कहा कि निर्वाचन अधिकारी



न्यायमूर्ति गर्ग ने कभी इस्तीफा नहीं दिया जैसा कि आईजीयू के पिछले पदाधिकारियों ने आरोप लगाया था।

आईओए ने पत्र में कहा, ''नयी दिल्ली में दो अलग-अलग स्थानों पर एक ही तिथि को आयोजित दो अलग-अलग एजीएम और चुनावों के दस्तावेजों के विस्तृत अध्ययन के बाद यह निष्कर्ष निकाला गया है कि निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति ओपी गर्ग (सेवानिवृत्त) द्वारा आयोजित एजीएम और चुनाव कई कारणों से वैध हैं और उनमें से कुछ हैं कि शुरू में आधिकारिक तौर पर नियुक्त निर्वाचन अधिकारी ने कभी इस्तीफा नहीं दिया था जैसा कि आईजीयू ने आरोप लगाया है और इस प्रकार आईजीयू द्वारा अधिसूचित चुनाव कराने के लिए वही सक्षम व्यक्ति थे।

# विजय हजारे ट्रॉफी में राजस्थान ने सर्विसेस को 5 विकेट से हराया

## महिपाल की नाबाद शतकीय पारी व कार्तिक शर्मा का आतिशी अर्धशतक, खलील अहमद टीम में शामिल

जयपुर, 31 दिसंबर। बीसीसीआई की मुंबई में खेली जा रही राष्ट्रिय विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने सर्विसेस को 5 विकेट से हराया। राजस्थान की जीत में कप्तान महिपाल लोमरोर की नाबाद शतकीय पारी , युवा खिलाडी कार्तिक शर्मा की ताबड़तोड़ अर्धशतक। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्विसेस टीम राजस्थान के गेंदबाजों के सामने मात्र 232 रनो के स्कोर पर आल आउट हो गयी। टीम के लिए मोहित अहलावत 78 व रजत पालीवाल 70 रनो का योगदान दिए।

राजस्थान के गेंदबाज कमलेश नागरकोठी 42 /4 , राहुल चाहर 53 /3 , दीपक चाहर 49 /2 , अनिकेत चौधरी 44 /1 विकेट प्राप्त किये। राजस्थान के युवा गेंदबाज मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने 10 ओवर में मात्र 15 रन दिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं पारी उसकी सलामी जोड़ी राम मोहन चौहान व सुमित गोदारा टीम के कुल योग 17 रनो के स्कोर पर पेवेलियन लौट गए, राजस्थान को तीसरा झटका 49



रनो के स्कोर पर अनुभवी दीपक हुड्डा के रूप में पवेलियन लौटा , चौथे विकेट के लिए राजस्थान के कप्तान महिपाल लोमरोर व युवा कार्तिक शर्मा ने 117 गेंदों पर 106 रनो के शानदार साझेदारी करते हुए टीम को मैच में मजबूत स्थिति में ला दिया। कार्तिक शर्मा ने अपनी 53 रनो के आतिशी अर्धशतकीय पारी में 52 गेंदों का सामना किया व 4 गगनचुम्बी छक्के व 1 चौक्का लगाया। राजस्थान के कप्तान महिपाल लोमरोर ने मैच में अपने अनुभव का पूर्ण उपयोग करते हुए शानदार



नाबाद शतकीय पारी खेली। महिपाल ने अपनी नाबाद 108 रनो की पारी में 135 गेंदों का सामना किया व 3 छक्के व 8 चोक्के लगाए। टीम के लिए महिपाल लोमरोर 108 , कार्तिक शर्मा 53 , मानव सुथार नाबाद 23 , दीपक हुड्डा 16 , जुबेर 11 , सुमित गोदारा 8 व राम मोहन चौहान शून्य बनाये।

राजस्थान सीनियर चयन समिति ने खलील अहमद को विजय हजारे ट्रॉफी के शेष मैचों के लिए राजस्थान टीम में शामिल किया है।

## राजस्थान अंडर 19 वीमेन की कप्तानी हैप्पी कुमारी व उपकप्तानी ऐंजल चौधरी को

जयपुर, 31 दिसंबर। बीसीसीआई की अंडर 19 वीमेन एक दिवसीय ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान महिला चयन समिति ने राजस्थान वीमेन अंडर 19 टीम का चयन किया।



**राजस्थान वीमेन अंडर 19 टीम :-** पार्वती, एंजेल चौधरी ( उप कप्तान ), तनिका शर्मा, रुबता चौधरी, वंशिका सिंधल, माहि सेठ, मैना सियोल, हैप्पी कुमारी (कप्तान),

अंशु सैनी, श्रेया जोशी, अनुष्का गुप्ता, ऋषिता यादव, सोनम सैनी, अंकिता महला, पर्ल बाणावत, जहान्वी सोमानी, कृति उपाध्याय, वंदना गहलोत, अंजलि जाट, नव्या, औली। राजस्थान टीम 1 जनवरी को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रवाना होगी।

# नए साल 2025 में क्रिकेट के अलावा खेलों का आयोजन

## भारत करेगा कई टूर्नामेंट को होस्ट

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। नया साल 2025 में खेल जगत काफी व्यस्त रहने वाला है। क्रिकेट सहित अलग-अलग खेलों में बड़े-बड़े इवेंट्स आयोजित होंगे। इनमें महिला क्रिकेट विश्वकप से लेकर महिला रग्बी विश्वकप और खो खो वर्ल्डकप भी शामिल हैं। भारत ने भी कई स्पोर्ट्स इवेंट आयोजित होने वाले हैं। खो-खो वर्ल्ड कप 2025 नए साल की शुरुआत में ही खो-खो वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। भारत की मेजबानी में खो खो विश्वकप 13 से 19 जनवरी 2025 तक नई दिल्ली में खेला जाएग।

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025:-** 8 साल बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी हो ही है। दुबई और पाकिस्तान में क्रिकेट का ये टूर्नामेंट खेला जाएगा। इसकी शुरुआत 19 फरवरी से होगी। फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। इसमें भारत सहित आठ टीमें हिस्सा लेगी।

**वर्ल्ड टेस्ट चैंपिनशिप फाइनल 2025:-** वर्ल्ड टेस्ट चैंपिनशिप का फाइनल 11 से 15 जून 2025 के बीच होगा। आईसीसी ने फाइनल के लिए 16 जून को रिजर्व डे के रूप में रखा है। दक्षिण अफ्रीका फाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम है। उसका फाइनल में सामना भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में से किसी एक टीम से हो सकता है।

**महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025:-** 2025 में भारत में महिला वनडे क्रिकेट विश्वकप का आयोजन होगा। महिला वर्ल्ड कप अगले साल सितंबर-अक्तूबर में खेला जाएगा।

**यूईएफए महिला यूरो 2025:-** यूईएफए महिला यूरो का आयोजन अगले साल स्विट्जरलैंड में 2 स 27 जुलाई, 2025 तक होगा।

**महिला रग्बी वर्ल्ड कप 2025:-** महिला रग्बी वर्ल्ड कप साल 2025 सितंबर में होगा। इसकी मेजबानी इंग्लैंड करेगा।

**पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025:-** पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का आयोजन भारत की राजधानी दिल्ली में होगा। 26 सितंबर से 5 अक्तूबर 2025 तक पूरी दिल्ली इसकी मेजबानी करेगी।

**आईपीएल 2025:-** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वहीं इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा।

**खेलों इंडिया विंटर गेम्स 2025:-** आइस हॉकी और आइस स्कीइंग का आयोजन 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में होगा। इसके बाद अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग 22 से 25 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने डल्लेवाल मामले में पंजाब को तीन दिन की मोहलत दी

## डल्लेवाल को मैडिकल सहायता पर पंजाब महाधिवक्ता की गुहार पर कोर्ट ने यह छूट दी

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। उच्चतम न्यायालय ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर एक महीने से अधिक समय से अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को मेडिकल सहायता देने के अपने आदेश पर अमल करने के लिए, पंजाब सरकार को उसके अनुरोध पर मंगलवार को तीन दिन, यानी दो जनवरी तक की अतिरिक्त मोहलत दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने इस संबंध में पंजाब सरकार द्वारा दायर एक आवेदन और राज्य के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की मौखिक गुहार पर गौर करते हुए यह आदेश पारित किया।

पीठ के समक्ष पंजाब के महाधिवक्ता सिंह ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों ने प्रस्ताव दिया है कि अगर केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित, उनकी मांगों पर उनसे बात करने के लिए तैयार हो तो उनके नेता दल्लेवाल मेडिकल सहायता लेंगे।

सिंह ने यह भी कहा कि केन्द्र को प्रस्ताव दिया गया है और यदि वह

- महाधिवक्ता ने कहा, किसानों ने प्रस्ताव दिया है कि यदि केन्द्र सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी आदि मांगों पर बात करने को तैयार हो तो डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लें लेंगे।

बातचीत के लिए तैयार है तो डल्लेवाल चिकित्सा सहायता लेने के लिए तैयार हैं। महाधिवक्ता ने कहा कि सोमवार को कुछ हस्तक्षेपकर्ता डल्लेवाल से बात करने गए थे। उन्होंने कहा कि बंद का आव्हान किया गया था, जिसके परिणाम स्वरूप पूरे राज्य में नाकेबंदी की गई।

इस पर पीठ ने कहा, हम यह देखने के लिए समय देंगे कि क्या सभी पक्षों के लिए कुछ सहमति है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, परिस्थितियों की समग्रता को ध्यान में रखते हुए और न्याय के हित में हम इस अदालत द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन के लिए कुछ और समय देने के अनुरोध को स्वीकार करने के इच्छुक हैं।

पीठ ने 26 नवंबर से आमरण अनशन कर रहे डल्लेवाल को मेडिकल सहायता लेने के लिए मनाने के अनुरोध पर, पंजाब सरकार को तीन दिन का अतिरिक्त समय देते हुए यह भी कहा, हम इस पर टिप्पणी नहीं करेंगे कि क्या चल रहा है या बातचीत के बारे में क्या हो रहा है। अगर कुछ ऐसा होता है, जो सभी पक्षों को स्वीकार्य है तो हम समान रूप से खुश हैं।

शीर्ष अदालत इस मामले में दायर एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा भूख हड़ताल पर बैठे डल्लेवाल को 20 दिसंबर के अदालती आदेश के अनुसार चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में विफल रहने के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई थी।

शीर्ष अदालत ने 28 दिसंबर 2024 को पंजाब सरकार को फटकार लगाई थी और डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने के लिए 31 दिसंबर तक का समय दिया है। इसके साथ ही यह भी कहा था कि राज्य सरकार को यदि जरूरत पड़े तो वह केन्द्र सरकार से सैन्य सहायता लेने के लिए स्वतंत्र है।

गैर-राजनीतिक संगठन एसकेएम और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर धरने पर बैठे हुए हैं। उस दिन पुलिस ने उनके दिल्ली मार्च को वहां रोक दिया था।

उन आंदोलनकारी किसानों में से 101 किसानों के एक समूह ने छह से 14 दिसंबर के दौरान तीन बार पैदल दिल्ली मार्च करने का प्रयास किया लेकिन हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक दिया।

ये आंदोलनकारी किसान कर्ज माफी, पेंशन, बिजली दरों में की गई बढ़ोतरी पर लगाम लगाने, आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने और 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय की भी मांग कर रहे हैं।

# तमिलनाडु में दो करोड़ गरीबों को घर देगी केन्द्र सरकार

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वर्ष 2025 में तमिलनाडु में गरीबों के

- इस योजना के तहत वर्ष 2025 में 1.42 लाख आवास आवंटित किए जाएंगे।

लिए एक लाख 42 हजार 59 मकान देने का प्रस्ताव किया है। चौहान ने मंगलवार को चेन्नई में ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसी वित्तीय वर्ष में मार्च तक इन मकानों की पहली किस्त जारी कर दी जाएगी और मकानों के निर्माण जल्द पूरे किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में गरीबों के लिए दो करोड़ मकान बनाए जायेंगे। इसके अलावा तीन करोड़ लखपति दीदी बनायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भी लखपति दीदी कार्यक्रम चल रहा है और लगभग 10 लाख दीदियां लखपति बन चुकी हैं।

# मुरादाबाद में 44 साल से बंद शिव मंदिर मिला

## बंद मंदिर में नंदी, गणेश, कार्तिकेय व हनुमान की खंडित प्रतिमाएं मिलीं

मुरादाबाद, 31 दिसंबर। संभल, वाराणसी और बुलंदशहर के बाद, अब मुरादाबाद में भी 44 साल से बंद गौरी शंकर का मंदिर मिला है। जानकारी के मुताबिक, नगर निगम की टीम ने जब गर्भगृह की खुदाई की तो उन्हें वहां मलबे में दबा शिवलिंग मिला और इसके साथ ही कई खंडित प्रतिमाएं भी बरामद की गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साफ-सफाई के बाद मंदिर में फिर से प्रभु की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

जानकारी के मुताबिक, 44 सालों से बंद इस गौरी शंकर मंदिर में नंदी, गणेश, कार्तिकेय और भगवान हनुमान की खंडित प्रतिमाएं मिली हैं। नगर निगम के अधिकारियों ने मंदिर में साफ-सफाई कराई है। हालांकि, अबतक यह सामने नहीं आया है कि इस पर किस प्रकार कब्जा किया गया था।

कई सालों से बंद रहने के कारण इस मंदिर की स्थिति काफी खराब हो गई है। अब मंदिर में साफ-सफाई कराने और रंग करवाने के बाद एक बार फिर प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी

- गर्भ गृह की खुदाई में शिवलिंग भी मिला है।

और इसे पूजा-अर्चना की स्थिति में लाया जाएगा। मंदिर के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि इसके दोनों द्वारों को 1980 में मलबा डालकर चिना दिया गया था। साथ ही, यह भी सामने आया है कि 1980 के दंगों में पुजारी की हत्या होने के बाद से ही मंदिर बंद था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुजारी के पोते ने एक हफ्ते पहले ही मुरादाबाद के डीएम को एप्लिकेशन लिखी थी और मंदिर को दोबारा खोले जानी की गुहार लगाई थी। बता दें कि शिव गोरी मंदिर में रंगाई पुताई का काम शुरू हो गया है। इस मंदिर को जिला अधिकारी अनुज कुमार के निर्देश पर प्रशासन लगा कर खुलवाया गया था। वहीं, कल नगर आयुक्त ने जीर्णोद्धारी का लेटर दिया था। इसके बाद प्राचीन गौरी शंकर मंदिर के अंदर रंग पुताई का कार्य चलाया जा रहा है।

# देश के पहले ग्लास ब्रिज का उद्घाटन

कन्याकुमारी 31 दिसंबर। तमिलनाडु के कन्याकुमारी में समुद्र के ऊपर देश के पहले ग्लास ब्रिज, यानी कि कांच के पुल का उद्घाटन कर दिया गया है। ये कांच का पुल 77 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा है जो कि

- कन्याकुमारी में समुद्र के ऊपर बने इस पुल का तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने उद्घाटन किया।

कन्याकुमारी के तट पर विवेकानंद रॉक मेमोरियल और 133 फीट ऊंची तिरुवल्लुवर प्रतिमा को जोड़ता है। सोमवार की शाम तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने पुल का उद्घाटन किया है।

कन्याकुमारी के समुद्र तट पर बने इस कांच के पुल को देश का पहला ऐसा पुल बताया जा रहा है। ये पुल पर्यटकों को विवेकानंद रॉक मेमोरियल और तिरुवल्लुवर की प्रतिमा और आसपास के समुद्र का बेहतरीन दृश्य दिखाता है। एक पर्यटक अधिकारी ने कहा है कि इस पुल के ऊपर चलने से एक रोमांचक अनुभव प्राप्त होता है।

# संदीप दीक्षित आतिशी पर मानहानि का मुकदमा करेंगे

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने भारतीय जनता पार्टी से करोड़ों रुपये लेने के आरोप को लेकर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) सांसद संजय सिंह पर मानहानि का मुकदमा दर्ज कराने का एलान किया है। दीक्षित ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के कारण वे इस मुद्दे पर पहले संवाददाता सम्मेलन नहीं कर पाये, लेकिन अब वह आप के नेताओं के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे।

इस दौरान, उन्होंने आतिशी से मुआवजे के तौर पर 10 करोड़ रुपये मुआवजे की मांग की और बताया कि इसमें से पांच करोड़ रुपये वे यमुना की सफाई में खर्च करेंगे। वहीं, पांच करोड़ रुपये का उपयोग दिल्ली के लोगों प्रदूषण की समस्या से निजात दिलाने पर

- दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने आरोप लगाया था कि दीक्षित भाजपा से पैसे ले रहे हैं।

करेंगे। उन्होंने कहा, अरविंद केजरीवाल शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ 360 पृष्ठों के सबूत लेकर घूमते थे। भाजपा के विजय कुमार मल्होत्रा ने मुझे बताया था कि केजरीवाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद, भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे सबूत मांगे थे। इस दौरान केजरीवाल ने उन्हें 360 अखबारों की कतरनें दिखाईं।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो सबूत के तौर पर अखबार की कतरनें दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन आतिशी ने कहा था कि हम भाजपा से पैसे ले रहे हैं, उसी दिन डॉ. सिंह का निधन हो गया, इसलिये हम संवाददाता सम्मेलन नहीं कर सके। नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो जाने से मैं व्यस्त था। अब श्रीमती आतिशी और सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करुंगा।

उन्होंने कहा 5-6 दिन पहले श्रीमती आतिशी ने कहा था कि मैं भाजपा से बड़ी रकम ले रहा हूं। आप ने पिछले 10-12 सालों से कांग्रेस समेत मुझे और मेरे परिवार को हमेशा निशाना बनाया है। मेरे पास ऐसे कई सवाल हैं, जो मैं आप से पूछना चाहता हूं।

उल्लेखनीय है कि आतिशी और सिंह ने पिछले दिनों संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भाजपा कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनाव का खर्चा दे रही है। इस दौरान, उन्होंने दीक्षित का नाम लेते हुये कहा था कि भाजपा उन्हें चुनाव में खर्च के लिये वित्त पोषित कर रही है।

## प्र.मंत्री का ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पोस्ट किए गए वीडियो पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, सामूहिक प्रयास और परिवर्तनकारी परिणाम!

2024 में कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं, जिन्हें इस वीडियो में बहुत ही शानदार ढ ंग से दर्शाया गया है। हम 2025 में और भी अधिक मेहनत करने और विकसित भारत के अपने सपने को साकार करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

## अधिक अंक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

याचिकाकर्ताओं के पास समान काम करने का वैध अनुभव प्रमाण पत्र है और इन प्रमाण पत्रों को संबंधित सीएमएचओ ने सत्यापित भी कर रखा है। ऐसे में वह बोनस अंक लेने के हकदार हैं। इसके बावजूद विभाग ने बिना कारण बताए याचिकाकर्ताओं को चयन से वंचित कर दिया। ऐसे में याचिकाकर्ताओं को चयन प्रक्रिया में शामिल कर नियुक्ति दिलाई जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

# यमन के राष्ट्रपति ने केरल की नर्स को फांसी की मंजूरी दी

## परिवार की लगातार कोशिशों के बाद भी फांसी की सजा से बचने में सफलता नहीं मिली

नई दिल्ली, 31 दिसंबर। यमन में रह रही भारतीय नर्स को फांसी की सजा सुनाई गई थी। उसका परिवार लगातार कोशिश में लगा हुआ था, लेकिन सफलता हासिल नहीं हो सकी। अब यमन के राष्ट्रपति रशद अल-अलीमी ने भी नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा को मंजूरी दे दी है। न ही ब्लड मनी पर बात बन सकी और न ही राष्ट्रपति से माफी मिल पाई। निमिषा एक यमन के नागरिक की हत्या की दोषी है और साल 2017 से जेल की सजा काट रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उसकी फांसी की सजा पर एक महीने के भीतर अमल किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि भारत को यमन में निमिषा प्रिया को दी जा रही सजा की जानकारी है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक बयान जारी कर कहा, "हम जानते हैं कि नर्स प्रिया के परिवार

- नर्स निमिषा प्रिया एक यमन के नागरिक की हत्या में 2017 से जेल की सजा काट रही है। कहते हैं कि फांसी की सजा पर एक माह में अमल किया जायेगा।

को विकल्प की तलाश है। सरकार इस मामले में उनकी हर संभव मदद कर रही है।" यमन के राष्ट्रपति का फैसला उस परिवार के लिए एक झटका है, जो अपनी 36 साल की बेटी को मौत की सज़ा से बचाने की कोशिश कर रहा था। नर्स प्रिया की 57 साल की मां प्रेमा कुमारी इस साल की शुरुआत में यमन की राजधानी सना पहुंची थीं। वे तब से कथित तौर पर बेटी की मौत की सजा में छूट पाने और पीड़ित परिवार के साथ ब्लड मनी पर बातचीत कर रही थीं।

नर्स निमिषा प्रिया को साल 2017 में यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या का दोषी पाया गया था। उसको एक साल बाद यमन की एक ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी। नर्स का परिवार तब से बेटी की रिहाई के लिए संघर्ष कर रहा है। ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ उन्होंने यमन के सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। लेकिन साल 2023 में उसकी अपील खारिज हो गई। अब यमन के राष्ट्रपति ने भी उसकी अपील को खारिज कर दिया है नर्स की रिहाई पीड़ित परिवार और उनके आदिवासी नेताओं से माफी हासिल करने पर निर्भर थी।

निमिषा प्रिया की मां प्रेमा कुमारी ने लगातार पीड़ित परिवार के साथ ब्लड मनी पर बातचीत करने की कोशिश की। मनोरमा ऑनलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक,लेकिन सितंबर में भारतीय दूतावास द्वारा नियुक्त वकील अब्दुल्ला अमीर द्वारा पूर्व-बातचीत फीस 20,000 डॉलर (लगभग 16.6 लाख रुपये) की मांग के बाद पीड़ित परिवार के साथ बातचीत अचानक रुक गई थी।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस थाईलैंड के लिये सेवा शुरु करेगी

## भारत में भी नागालैंड के दीमापुर व असम के डिब्रूगढ़ को हवाई सेवा से जोड़ा गया

हैदराबाद, 31 दिसंबर। बैंकॉक के लिए सीधी उड़ान शुरू करने के एक सप्ताह बाद, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने फुकेत के लिए परिचालन की घोषणा कर दक्षिण पूर्व एशिया में अपना विस्तार जारी रखा है, जिससे थाईलैंड में उसकी उपस्थिति और मजबूत हो गई है। एयरलाइंस ने मंगलवार को एक विज्ञिप्त में कहा कि हैदराबाद और फुकेत को जोड़ने वाली सीधी उड़ानें 31 जनवरी, 2025 से शुरू होंगी, जो सप्ताह में तीन बार बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होंगी। आगामी 15 फरवरी से, यह परिचालन सप्ताह में छह बार तक बढ़ जाएगा, जो मंगलवार को छोड़कर प्रतिदिन परिचालित होगा।

शुभारंभ होने का जश्न मनाने के लिए, विशेष उद्घाटन किराया उपलब्ध हैं, जिसमें प्रमुख बुकिंग चैनलों पर एक्सप्रेस वैल्यू का किराया 11,000 रु. से और एक्सप्रेस लाइट का किराया 10,500 रु से शुरू है और इसकी वेबसाइट, एयरइंडियाएक्सप्रेस.कॉम

- कम्पनी के प्रबंध निदेशक ने कहा देश के 16 प्रमुख शहरों से फुकेत के लिये वन-स्टॉप उड़ान सेवा उपलब्ध होगी।

और मोबाइल ऐप पर लॉयल्टी सदस्यों के लिए अतिरिक्त छूट प्रदान की गई है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार के अलावा, एयरलाइन ने इस वर्ष नवंबर में अपने बढ़ते नेटवर्क में नागालैंड के दीमापुर को जोड़ने के बाद, असम में डिब्रूगढ़ को एक नया स्टेशन घोषित किया है। एयरलाइन डिब्रूगढ़ से गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ान भरेगी, वहीं, विमान दिल्ली के लिए जारी रहेगा, जिससे डिब्रूगढ़ से राष्ट्रीय राजधानी जाने वाले यात्रियों को सुविधाजनक संपर्क प्राप्त होगा।

इन उड़ानों के लिए बुकिंग अब एयरलाइन की वेबसाइट एयरइंडियाएक्सप्रेस.कॉम और अन्य प्रमुख बुकिंग प्लेटफार्मों पर खुली हुई है। नए शुभारंभ पर टिप्पणी करते हुए, एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रबंध निदेशक आलोक सिंह ने कहा कि यह सर्दी एयर इंडिया एक्सप्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि हमने 50 से अधिक गंतव्यों तक अपने नेटवर्क का विस्तार किया है।

महानगरों से लेकर टियर-2 शहरों और छोटी और मध्यम दूरी के अंतरराष्ट्रीय मार्गों तक घरेलू कनेक्टिविटी बढ़ाने पर समान ध्यान देने के साथ, हम अद्वितीय भारतीय गर्मजोशी के साथ सार्थक कनेक्शन और व्यक्तिगत यात्रा अनुभवों को सक्षम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस अपने नेटवर्क के 16 शहरों से फुकेत के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप उड़ानें भी प्रदान करेगी, जिनमें भुवनेश्वर, बेंगलुरु, चेन्नई, कोच्चि, गोवा, गुवाहाटी, जयपुर, जेद्दा, कोलकाता, लखनऊ, पटना, पुणे, रियाद, वाराणसी, विजयवाड़ा और विशाखापत्तनम शामिल हैं।

गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ानों के साथ, एयर इंडिया एक्सप्रेस डिब्रूगढ़ से पांच प्रमुख भारतीय शहरों: बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर और कोलकाता के लिए सुविधाजनक वन-स्टॉप संपर्क प्रदान करेगी।

# कोलकाता में 6.60 करोड़ की नकली विदेशी दवायें पकड़ी गई

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित, विभिन्न देशों में कथित रुप से निर्मित नकली दवायें जब्त की हैं, जिनका बाजार मूल्य लगभग 6.60 करोड़ रुपए है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि पूर्वी क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के औषधि नियंत्रण निदेशालय ने कोलकाता में एक थोक परिसर में जांच की। 'मैसर्स केयर एंड क्योर फॉर यू' पर की गई छापेमारी के दौरान, बड़ी मात्रा में नकली कैंसर रोधी, मधुमेह रोधी और अन्य दवाएं जब्त की गईं। इन दवाईयों पर आयरलैंड, तुर्की, अमेरिका और बंगलादेश सहित विभिन्न देशों में निर्मित होने के लेबल लगा है और इन दवाइयों के भारत में वैध आयात दस्तावेज़ नहीं मिले हैं।

# उत्तराखंड निकाय अध्यक्षों के आरक्षण को हाईकोर्ट में चुनौती

## लम्बी सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार से 6 जनवरी तक जवाब मांगा

नैनीताल, 31 दिसंबर। उत्तराखंड में नगर निकायों के चुनाव के बीच दस निकायों में आरक्षण का मुद्दा उच्च न्यायालय पहुंच गया है। अदालत ने मैराथन सुनवाई के बाद प्रदेश सरकार से जवाब देने को कहा है। धारचूला, अल्मोड़ा, शक्तिगढ़ , जसपुर, द्वाराहाट, गुप्तकाशी, महुआ डाबरा के साथ ही उत्तरकाशी नगर निकायों के अध्यक्षों के आरक्षण को उच्च न्यायालय में अलग अलग याचिकाओं के माध्यम से चुनौती दी गयी है।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ में इन मामलों में भोजन अवकाश से पहले और उसके पश्चात् मैराथन सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि प्रदेश सरकार की ओर से 23 दिसंबर को अधिसूचना जारी कर

- याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि निकायों के अध्यक्ष पदों पर आरक्षण के लिये अपनाई गई प्रक्रिया संवैधानिक नहीं है। मनमाने ढंग से आरक्षण दिया गया है।

प्रदेश के 11 नगर निगम, 45 नगर पालिकाओं और 46 नगर पंचायतों के लिये चुनाव प्रक्रिया का ऐलान कर दिया गया है।

आरोप लगाया गया कि सरकार की ओर से निकायों के अध्यक्ष पदों के लिये जो आरक्षण प्रक्रिया अपनायी गयी, वह संवैधानिक और कानूनी प्रावधानों के विपरीत है। जनसंख्या और रोटेशन के आधार पर आरक्षण सुनिश्चित नहीं किया गया है।

कई निकायों के आरक्षण को यथावत् रखा गया है, जबकि कई के रोटेशन को बदल दिया गया है। सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आयी कि सरकार की ओर से किच्छा और नरेन्द्र नगर नगर पालिकाओं को आरक्षण प्रक्रिया से बाहर रखा गया है।

सभी 45 नगर पालिकाओं के आधार पर समग्र आरक्षण तय किया जाना चाहिए था। याचिकाकर्ताओं की ओर से विगत 23 दिसंबर की अधिसूचना पर रोक लगाने की मांग की गयी है।

## बरसों से बंद बोरवैल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

ही 26 साल पहले बोरवेल खुदवाया था। लेकिन 6 साल बाद जब बोरवेल से पानी नहीं आने लगा तो इसे बंद कर दिया गया और गत 20 साल से यह बंद था।

परिवार के महेंद्र देवड़ा ने बताया कि बोरवेल बंद होने के कारण घरेलू उपयोग के लिए पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे थे। इसलिए सोचा कि क्यों न बंद पड़े बोरवेल को ठीक करा लिया जाए। रविवार (29 दिसंबर) को ट्यूबवेल की सफाई कराई, तब अंदर से कुछ आवाज सुनाई दी। हमें लगा कि कहीं जमीन धंस तो नहीं रही है, इसलिए वाटर प्रूफ कैमरा डालकर जांच कराई। इस दौरान गैस की हल्की गंध महसूस हुई। बोरवेल को दुरुस्त करने वाली टीम और हमने उस पर गौर नहीं किया। बंद बोरवेल से अचानक गैस की गंध निकलने पर लोगों ने माचिस की तीली जलाई तो आग की लपटें उठने लगी।

महेंद्र देवड़ा ने बताया कि 30 दिसंबर की दोपहर को बोरवेल में लॉरिंग करवाकर पंप-केबल भी डाल दी थी। तब गैस की तेज गंध महसूस हुई। तब बोरवेल के मुंह पर एक टिन के पीपे से जुगाड़ बनाकर उसके ढक्कन के पास माचिस की तीली जलाई तो गैस ने आग पकड़ ली। बड़ी मुश्किल से आग बुझाकर परिवार के और अन्य लोगों ने मिलकर बोरवेल से पंप और केबल को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद दोबारा माचिस की तीली जलाई तो फिर से आग धधकने लगी।

बोरवेल के आग उगलने के वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने लगे। इसके बाद सोमवार रात 8 बजे बाद एसडीएम और अन्य अधिकारी भी पहुंचे। एहतियात के तौर पर बोरवेल को ढक कर उस पर भारी पत्थर रखवा दिए गए हैं।

जोधपुर एमबीएम यूनिवर्सिटी के रासायनिक अभियन्ता के अनुसार बोरवेल से निकल रही गैस शुरुआती अनुमान के आधार पर मीथेन और कुछ अंश हाइड्रोजन का मिश्रण लग रहा है। साथ ही इस इलाके में गैस भंडार होने की भी संभावना है। बाकी विशेषज्ञों की जांच के बाद ही सारी स्थिति सामने आ पाएगी।

उपखंड अधिकारी ने लोगों से अपील की ट्यूबवेल के आसपास कोई नहीं जाए और ट्यूबवेल को खोल कर देखने का प्रयास बिलकुल नहीं करे। आसपास रहने वालों को भी पूरी तरह से नज़र रखने और सतर्क रहने के लिए कहा गया।

## हिमाचल में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मौसम साफ रहा। मैदानी क्षेत्रों बिलासपुर, सुंदरनगर, मंडी और ऊना के कई क्षेत्रों में सोमवार को सुबह-शाम के समय घना कोहरा छाया रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने इन क्षेत्रों में एक जनवरी तक कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

प्रदेश में दिसंबर में सामान्य से 36 फीसदी अधिक बारिश हुई। एक से 30 दिसंबर तक प्रदेश में 49.1 मिलीमीटर बारिश हुई।

# दिल्ली में आप के कई नेता कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली, 31 दिसंबर। राष्ट्रीय राजधानी की बादली विधानसभा से आम आदमी पार्टी (आप) के सहसचिव सरबजीत सिंह, स्टार प्रचारक रहे फरीद शाह, मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से आप की पूर्व निगम पार्षद परवीन, मोहम्मद मारुफ और निगम चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रजनी सूर्यवंशी सहित, कई नेता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हो गए।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने यहां आयोजित समारोह में इन नेताओं को पट्टा पहना कर पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस मौके पर श्री यादव ने कांग्रेस में शामिल होने वाले आप के नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और कहा कि आपके सहयोग और समर्थन से हम सब मिलकर मजबूती के साथ

- दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने एक समारोह में इन सभी को सदस्यता दिलाई।

दिल्ली में सकारात्मक बदलाव की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि आप को डूबता हुआ जहाज बताते हुए कहा कि दिल्ली की जनता, मंत्री, विधायक, पार्षद सहित, क्षेत्रीय नेताओं का आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल के प्रति मोह भंग हो चुका है। आप में भ्रष्टाचार और कुशासन के कारण भगदड़ मची हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन के नेतृत्व और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी देश के संघर्ष से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने वालों का पार्टी में स्वागत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक खुला मंच है, जिसमें हर व्यक्ति को बराबर का अधिकार और अभिव्यक्ति की आजादी है।

## संस्कृत विद्वान...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उनके नज़दीकी सूत्रों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार पेरिस में किया जा सकता है।

डॉ. फिलियोजात फ्रांस के प्रसिद्ध प्राच्यविद्या विशेषज्ञ ज्यां फिलियोजात के पुत्र थे। उन्होंने संस्कृत के विभिन्न विद्वानों के ज्ञान और शैली पर अध्ययन के अलावा, प्राचीन हिन्दू मंदिरों के वास्तुशिल्प पर काफी कार्य किया था और उन्होंने फ्रांस में संस्कृत का अध्यापन भी किया था।

## मुख्यमंत्री भजनलाल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की। पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई।

मंदिर में दर्शन के बाद मुख्यमंत्री महंत निवास भी गए। वे वहां 15 मिनट रहे। इस दौरान जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा, कलेक्टर देवेन्द्र कुमार, एसपी रंजीता शर्मा, ए.एस.पी .लोकेश सोनवाल, सिकराय एस.डी.एम. डॉ नवनीत कुमार, मानपुर डिप्टी एसपी दीपक मीणा समेत भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। यहां दर्शन के बाद मुख्यमंत्री पूंछरी का लौठा के लिए रवाना हो गए।

पूंछरी का लौठा में मुख्यमंत्री ने श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए। यहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नववर्ष 2025 में प्रदेश की प्रगति तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने गांव के आम लोगों से मुलाकात की और उनके हालचाल पूछे तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। पूंछरी ग्राम में मुख्यमंत्री भजनलाल के साथ गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश, जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

नव वर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री पूंछरी का लौठा धाम में गिरिराज जी की विशेष पूजा-अर्चना कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके साथ ही स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होकर आमजन के साथ नया साल मनाएंगे।

मुख्यमंत्री के साथ ने साल 2025 के स्वागत के लिए स्थानीय लोग पूरे जोश के साथ तैयारियों में जुटे हैं, विशेष कर युवावर्ग खासा उत्साहित है। इस दौरान पूंछरी के मंदिर, गेस्टहाऊस में न्यू ईयर मनाने के लिए तैयारी को अंतिम रुप दे दिया गया है।

मंदिरों की सजावट रंग -बिरंगी लाइटों से रोशनी की गई है और मंदिर को फूलों से भव्य तरीके से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही भंडारे, प्रसादी वितरण की भी तैयारियां हैं। सभी पुराने साल 2024 को अलविदा और नए साल 2025 के स्वागत के लिए खासे उत्साहित हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभ्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908